CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 49 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 10 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बरेली बवाल: रडार पर आरोपियों के मकान, इंटरनेट बैन दो दिन और बढ़ा पेज 2



बुमराह भारत में सबसे तेजी से 50 विकेट पूरे करने वाले भारतीय बने खेल टाइम्स




राहुल की कोलंबिया यात्रा से चीन तक सम्पादकीय



अमेरिका में साढ़े सात लाख कर्मचारी छुट्टी पर भेजे गए पेज 12

# राज्य पाठ्यक्रम लागू करने वाले मदरसों को ही मिलेगी मान्यता: धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर/देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने देवभूमि का धार्मिक और सनातन स्वरूप बचाने के साथ ही यहां संस्कृति के संरक्षण और धर्म आधारित परम्पराओं की सुरक्षा के लिए कई सख्त फैसले लिए हैं। इनमें लैंड, लव और थूक जिहाद पर अंकुश लगाने के साथ ही सीएए और दंगा निरोधी कानून को लागू करना भी शामिल है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को पृथक राज्य आंदोलन के दौरान हुए रामपुर तिराहा कांड की 31वीं बरसी पर मुजफ्फरनगर स्थित रामपुर तिराहा शहीद स्मारक पर उत्तराखंड आंदोलन के बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया और उत्तराखंड आंदोलन के बलिदानियों को याद करते हुए कहा कि राज्य आन्दोलन कारियों के बलिदान से ही उत्तराखंड राज्य का निर्माण संभव हो सका है। इन शहीदों ने भविष्य बनाने के लिए अपना वर्तमान बलिदान कर दिया।



- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा: संस्कृति के संरक्षण और धर्म आधारित परम्पराओं की सुरक्षा के लिए कई सख्त फैसले लिए

हमारी सरकार आंदोलनकारियों और शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिए निरंतर संकल्पित है तथा उनके हितों और सम्मान की रक्षा के लिए हर संभव कार्य कर रही है। इन आंदोलनकारियों के अदम्य साहस, बलिदान और संघर्ष के परिणामस्वरूप ही उत्तराखंड के रूप में पृथक राज्य का गठन संभव हुआ। इस राज्य की नींव में इन शहीदों के रक्त की आहुति शामिल है। हमारी सरकार अमर शहीदों के सपनों के अनुरूप प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लैंड, लव और थूक जिहाद पर अंकुश लगाने के साथ ही सीएए और दंगा निरोधी कानून को लागू करना इसके तहत हरी चादर बिछाकर मजार बनाकर सरकारी भूमि को कब्जाने वाले लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई और लैंड जिहाद के खिलाफ चले इस अभियान में सरकार ने अभी तक 9 हजार एकड़ भूमि को लैंड जिहादियों से मुक्त कराया। इस कार्रवाई में सरकारी भूमि पर बने 550 मजारों और दो मस्जिदों को हटाया गया। दंगा निरोधी कानून बनाकर दंगाइयों से ही नुकसान की भरपाई की व्यवस्था कराई है। मदरसा बोर्ड की कबिलाई संस्कृति वाली शिक्षा को हटाने के लिए बोर्ड को -**शेष पृष्ठ दो पर**



**नई दिल्ली। पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर विजय घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की।**

## छत्तीसगढ़-बिहार में बिजली गिरने से 7 मरे व यूपी-एमपी में भी एक-एक की जान गई

**नई दिल्ली।** देश में मानसून सीजन 30 सितम्बर को खत्म हो गया, लेकिन कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ में बारिश और बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। राज्य के 28 जिलों में गुरुवार से अगले 3 दिनों तक तेज बारिश का अलर्ट है। बिहार के बक्सर और नवादा जिले में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। राज्य के 35 जिलों में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं और बिजली गिरने की आशंका है। राज्य में 7 अक्टूबर तक बारिश का दौर जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश के 36 जिलों में भी बारिश का अलर्ट है। जालौन में बारिश और बिजली गिरने से 100 साल पुराना शिव मंदिर ढह गया। बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के पन्ना में एक व्यक्ति की बिजली गिरने से मौत हो गई।

## लेह हिंसा मामले में गिरफ्तार 26 लोगों को अंतरिम जमानत

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में हाल में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किए गए बिहार के दो प्रवासियों सहित 26 लोगों को लेह की एक स्थानीय अदालत ने अंतरिम जमानत दे दी है। गौरतलब है कि अधिक स्वायत्तता और राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर लेह में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद पुलिस ने लगभग 50 लोगों को गिरफ्तार किया था। प्रदर्शन के दौरान हिंसक झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा घायल हुए थे। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में भूख हड़ताल के 15वें दिन यह झड़पें हुई थी। श्री वांगचुक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज कर उन्हें राजस्थान की जोधपुर जेल भेज दिया गया था, जिन्हें अदालत ने ज़मानत दे दी।

## लेह हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

**श्रीनगर।** लद्दाख प्रशासन ने 24 सितम्बर को लेह में हुई हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इस हिंसा में चार लोग मारे गए थे और सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि लेह के जिलाधिकारी ने उप-जिलाधिकारी नुबरा मुकुल बेनीवाल को उन परिस्थितियों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी है, जिनके कारण कानून-व्यवस्था बिगड़ी और पुलिस कार्रवाई करनी पड़ी। इस जांच रिपोर्ट को चार हफ्तों में सौंपने का आदेश दिया गया है।

# पाक ने किया दुस्साहस, तो मिलेगा मुंहतोड़ जवाब: राजनाथ

## विजयदशमी पर रक्षा मंत्री की पाकिस्तान को चेतावनी

कच्छ (गुजरात), वार्ता

**यदि पाकिस्तान** की ओर से सर क्रीक क्षेत्र में कोई भी दुस्साहस किया गया, तो उसे ऐसा निर्णायक जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजयदशमी के अवसर पर गुजरात के कच्छ में शस्त्र पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद भारतीय सेना को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है, लेकिन सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई जारी रहेगी। भारत न केवल शस्त्रों की पूजा करता है, बल्कि समय आने पर उनका प्रयोग करना भी जानता है। दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजा से पहले गुजरात के भुज स्थित एक सैन्य अड्डे पर सैनिकों के एक समूह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि शस्त्रों के प्रति समर्पण आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्ति की विजय की महानता को दर्शाता है।



- पाकिस्तान की नीयत में खोट है: रक्षा मंत्री
- बोले: भारतीय सेना जब चाहे और जहां चाहे पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा सकती है

### राजनाथ सिंह ने की एल-70 एयर डिफेंस गन की पूजा

**कच्छ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दशहरे पर भुज में एक मिलिट्री बेस का दौरा किया। यहां एल-70 गन डिफेंस सिस्टम समेत शस्त्र पूजा से पहले सैनिकों को संबोधित किया। इस गन का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में किया गया था। एल-70 गन एक मिनट में 300 गोले दागती है। 3,500 मीटर तक टारगेट कर सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने में एल-70 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान राजनाथ सिंह ने सर क्रीक इलाके में सीमा विवाद को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी सर क्रीक में सीमा को लेकर विवाद खड़ा किया जाता है। भारत ने कई बार बातचीत के जरिये इसे सुलझाने की कोशिश की है, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में खोट है, उसकी नीयत साफ नहीं है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस तरह से हाल में पाकिस्तान ने सर क्रीक से सटे इलाकों में अपना मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया है, वह उसकी नीयत बताता है।

# लोकतंत्र पर हमला भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा: राहुल गांधी

कोलंबिया, वार्ता

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिणी अमेरिकी राज्य कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के सामने सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहे हमले का है। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही है।

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है। चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है। भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत का सिस्टम बहुत जटिल है। हमारी ताकत इसी विविधता में है। हम चीन की तरह लोगों को दबाकर तानाशाही नहीं चला सकते। भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले। राहुल गांधी ने कहा कि भारत एक संवाद है, जहां अलग-अलग धर्म, विचार और परंपराएं साथ रहती हैं। लोकतंत्र इन सभी को जगह देता है। आज इसी व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला हो रहा है। उन्होंने चेताया कि अगर अलग-अलग भाषाओं, धर्मों और परंपराओं को दबाया गया, तो देश में दरारें गहरी होंगी। कांग्रेस नेता ने इतिहास का उदाहरण देते हुए कहा कि सुपरपावर बनने का सफर ऊर्जा परिवर्तन से जुड़ा होता है।




### विदेश में देश की छवि खराब करना राहुल की आदत

**नई दिल्ली।** भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत की छवि खराब करते हैं और लोकतंत्र की आलोचना का अवसर पाकर देश को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बदनाम कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने फिर से विदेशी मंच पर भारत को अपमानित किया। उन्होंने कहा कि लंदन में लोकतंत्र की बदनाम, अमेरिका में संस्थानों का मजाक बनाने के बाद अब कोलंबिया में राहुल गांधी ने भारत की छवि को वैश्विक स्तर पर ठेस पहुंचाई।

## निर्भरता भारत की मजबूरी न बने

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की। हमारी सरकार और सेना ने इसका जवाब दिया।

इस घटना से हमें दोस्त और दुश्मन का पता चला। उन्होंने कहा कि हमें अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में समझ रखनी होगी। पहलगाम घटना हमें सिखा गई कि भले ही हम सभी के साथ दोस्ती का भाव रखते हैं और रखेंगे, लेकिन हमें अपनी सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग, समर्थ रहना पड़ेगा। आरएसएस प्रमुख ने यह बात गुरुवार को नागपुर में विजयदशमी पर संगठन के शताब्दी समारोह में कही।

- भागवत ने कहा: पहलगाम हमले से दोस्त व दुश्मनों का पता चला

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया रावण दहन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला मैदान पर श्री धार्मिक लीला समिति द्वारा आयोजित विजयदशमी उत्सव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने प्रतीकात्मक रूप से तीर चलाकर रावण के पुतले का दहन किया।

उन्होंने कहा कि मानवता अच्छाई की जीत से फलती-फूलती है और भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के रावण पर मानवता की विजय का प्रतीक है। जब आतंकवाद का दानव मानव जाति पर आक्रमण करता है, तो उसका वध करना आवश्यक हो जाता है। भारतीय सेना द्वारा किया गया ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के रावण पर मानवता की विजय का प्रतीक है।



- दिल्ली में बारिश के चलते पीएम मोदी का कार्यक्रम रद्द

## दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश से बदला मौसम

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत एनसीआर में गुरुवार शाम को अचानक से मौसम बदल गया। सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए हुए थे। दोपहर होते-होते दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। वहीं शाम को अचानक से दिल्ली, नोएडा में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश का असर दुर्गा मां के विसर्जन स्थलों पर भी दिखा है। बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी। राजधानी में 4 अक्टूबर से नया तीव्र पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा।

# भारत-यूरोप के चार देशों में फ्री ट्रेड समझौता लागू

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोप के चार देशों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) के समूह ईएफटीए के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) बुधवार से लागू हो गया।

यह भारत का इन चार विकसित यूरोपीय देशों के साथ पहला एफटीए है। समझौते की खास बात यह है कि इसमें पहली बार निवेश और रोजगार से जुड़ी बाध्यकारी प्रतिबद्धता शामिल है। यानी ये चारों देश अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर (करीब 8.86 लाख करोड़ रुपये) निवेश करेंगे। इससे प्रत्यक्ष रूप से करीब 10 लाख नौकरियां पैदा होंगी। ईएफटीए ने देश के 99.6 फीसदी निर्यात (92 फीसदी टैरिफ लाइनों) पर शुल्क छूट दी है। भारत ने भी 82.7 फीसदी टैरिफ लाइनों पर रियायतें दीं। हालांकि फार्मा, मेडिकल डिवाइसेज, प्रोसेस्ड फूड, डेयरी, सोया, कोल और कुछ कृषि उत्पादों जैसे संवेदनशील सेक्टर को इस समझौते में सुरक्षा दी गई है। गोल्ड पर कोई बदलाव नहीं होगा, क्योंकि भारत का 80 फीसदी से ज्यादा ईएफटीए से इंपोर्ट गोल्ड का ही होता है। आईटी, शिक्षा, बिजनेस सेवाएं और ऑडियो-विजुअल सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। नर्सिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी और आर्किटेक्चर जैसे क्षेत्रों में समझौते से भारतीय पेशेवरों को नए अवसर मिलेंगे। आयात पर लगने वाले शुल्क (टैरिफ) घटने से कई यूरोपीय उत्पाद भारतीय बाजार में सस्ते मिलेंगे। भारत में स्विट्जरलैंड की वाइन, चॉकलेट, कपड़े, बिस्किट, अंगूर, ड्राई फ्रूट्स, सब्जियां, कॉफी और घड़ियों जैसे कई प्रोडक्ट सस्ते हो जाएंगे।



- 15 साल में मिलेंगे 10 लाख जॉब, नौ लाख करोड़ का होगा निवेश, सब्जियां-कपड़े सस्ते होंगे



## संक्षिप्त समाचार

### पति की हत्या में दोषी ब्रिटिश पत्नी को मिली मौत की सजा उम्रकैद में तब्दील

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जनपद के बंडा क्षेत्र के गांव बसंतापुर में नौ साल पहले एनआरआई सुखजीत सिंह की हत्या में दोषी पत्नी रमनदीप कौर को मिली मौत की सजा इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास में तब्दील कर दी है। वहीं पत्नी के प्रेमी गुरप्रीत को सुनाई गई उम्रकैद को बरकरार रखा है। रमनदीप कौर और गुरप्रीत सिंह की ओर से शाहजहांपुर के ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अपील की गई थी। इस अपील पर न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह, न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की खंडपीठ ने फैसला सुनाते कहा कि वक्त अदालत को कल्पना और पूर्वाग्रह से दूर रहना चाहिए, ताकि फैसला तर्कसंगत हो। सुखजीत ने जालंधर की मूल निवासी और इंग्लैंड के डर्बी शहर निवासी रमनदीप कौर से सन 2000 में शादी की थी।

### राष्ट्रपति मोदी समेत विभिन्न नेताओं ने दी गांधी को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई अन्य नेताओं ने गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्रीमती मुर्मू, राधाकृष्णन और मोदी सहित कई अन्य नेता महात्मा गांधी की समाधि स्थल राजघाट पहुंचे और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति राजघाट पर महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर आयोजि सर्व धर्म प्रार्थना में भी शामिल हुईं। इससे पहले मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, गांधी जयंती, प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी।

# पीलीभीत में बुखार का कहर, चार की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** पीलीभीत जनपद के बीसलपुर कोतवाली के गांव रसिया खानपुर में एक सप्ताह से बुखार का प्रकोप फैला हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बुखार से चार लोगों की जान जा चुकी है। 100 से अधिक ग्रामीण बुखार की चपेट में हैं।

डेंगू की बात भी कही जा रही है। आरोप है कि जानकारी के बाद भी स्वास्थ्य टीम अब तक गांव नहीं पहुंची है। गांव के नाजिम हुसैन चिश्ती ने बताया कि उनके चाचा इज़रातुल्ला चिश्ती (65 वर्ष) पांच दिन पूर्व तेज बुखार की चपेट में आ गए थे। उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। इसी गांव के शौकत हुसैन ने बताया कि उनकी बहन तसर्रुम (18) चार दिन पूर्व तेज बुखार की चपेट में आ गई थी। उसे भी बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार दोपहर उसकी मौत हो गई। गांव निवासी जान मोहम्मद का 20 दिन का बेटा भी काल के गाल समा गया। परिजन के मुताबिक उसे भी बुखार था। रामआसरे की पत्नी सुनीता (47 वर्ष) की भी बुखार से मौत हो गई। पूर्व प्रधान ने बताया कि गांव के 100 से अधिक लोग बुखार की चपेट में है। हर घर में मरीज है। कुछ मरीजों का उपचार बीसलपुर और कुछ का बरेली के निजी अस्पतालों में चल रहा है।

### अपहरण के मामलों में गाजियाबाद और कानपुर से आगे निकला लखनऊ

**लखनऊ।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने राजधानी में वर्ष 2023 में अपराध के आंकड़े जारी किए हैं। इसमें देश के 19 मेट्रोपोलिटन शहरों में यूपी के तीन शहर शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी में गाजियाबाद और कानपुर से ज्यादा अपहरण के मामले दर्ज किए गए हैं, जो लखनऊ में अपराध की स्थिति बताने के लिए काफी है। खास बात यह है कि लखनऊ हत्या, लूट, दुष्कर्म के अलावा अपहरण जैसे संगीन मामले में भी गाजियाबाद और कानपुर से बहुत आगे है। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी में गाजियाबाद से 20 गुणा से भी ज्यादा मामले दर्ज किए गए। वहीं, कानपुर से दोगुना मामले सामने आए। इन आंकड़ों ने राजधानी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बापू-शास्त्री के सपने साकार कर रही डबल इंजन सरकार

लखनऊ, वार्ता



■ जयंती पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने योगदान को किया याद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर में दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पार्चन करने के बाद मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार बापू और शास्त्री के सपनों को साकार कर रही है।

सीएम योगी ने कहा कि विदेशी हुकूमत की जड़ों को उखाड़ फेंकने के लिए सत्य व अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करने के साथ स्वदेशी देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने का आलंबन बनी। बापू के सपनों को साकार करने को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी देश और दुनिया के लिए मॉडल बन रही है। स्वदेशी से ही जुड़ी उत्तर प्रदेश सरकार की ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) योजना सफलता की नई ऊंचाई को छू रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी केवल खादी तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्तमान समय में भारत की दिनचर्या का हिस्सा बन रही है। पीएम मोदी के उद्घोष के अनुरूप स्वदेशी भारत में चिप से लेकर शिप तक आत्मनिर्भरता की गारंटी बन रही है।

### आज भारत का ब्रांड है स्वच्छता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महात्मा गांधी को स्वच्छता सर्वाधिक पसंद थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के जरिए स्वच्छता को एक नई ऊंचाई दी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। इससे नारी गरिमा को सम्मान मिला है, साथ ही बीमारियों से बचाव और लोगों को लोगों की आर्थिक बचत भी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वच्छता हमारी पहचान और भारत का ब्रांड है।

### दीपावली के पूर्व हर जिले में स्वदेशी मेला

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वदेशी को और बढ़ावा देने के लिए उन्होंने दीपावली के पूर्व प्रदेश के प्रत्येक जनपद में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर स्वदेशी मेला आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आज से प्रदेश में खादी वस्तुओं के क्रय पर 25 प्रतिशत छूट का भी शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए खादी व अन्य स्वदेशी वस्तुओं का उपहार दीपावली में दें।

## बरेली बवाल: रडार पर आरोपियों के मकान

# मार्केट-बारातघर व सौ संपत्तियां चिन्हित

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ तौकीर रजा खां को शरण देने के आरोपी फरहत का घर किया जाएगा सील

**बरेली।** बरेली में बवाल के आरोपियों के मकान, मार्केट व बरातघर जिला प्रशासन के रडार पर हैं। अधिकारी उनका रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) मानचित्र के विपरीत कराए गए निर्माण को चिह्नित कर रहा है। दशहरे के बाद उनको सील किया जा सकता है। अब तक गिरफ्तार हुए 82 आरोपियों और उनकी सौ से अधिक संपत्तियों की सूची अधिकारियों के पास है। इसी सूची के आधार पर आरोपियों के आवासीय भवन, मार्केट और बरातघर आदि की लोकेशन खंगाली जा रही है।

पुलिस से मिली सूची के आधार पर बीडीए ने आरोपियों और उनके मददगारों की सौ से अधिक संपत्तियों को चिन्हित किया है। मौके पर कराए गए निर्माण का मानचित्र से मिलान कराया जाएगा। मानचित्र की शर्तों का उल्लंघन या कोई अन्य कमी पाए जाने पर पहले स्थल को सील करेंगे, फिर नोटिस देकर संबंधित का पक्ष सुनेंगे। अवैध निर्माण की पुष्टि हुई, तो बीडीए उसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर सकेगा। कुछ भवनों पर नोटिस चस्पा किए हैं। कुछ भवन ऐसे भी हैं, जो बिना नक्शा पास कराए बना दिए गए। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ये पहले ही कह चुके हैं कि बवाल के आरोपियों पर बीडीए ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए डिटेल स्टडी की जा रही है। विधिक पक्ष का भी आकलन किया जा रहा है। मौलाना तौकीर रजा खां को शरण देने के आरोप में जेल गए फरहत खां का फाइक एन्क्लेव स्थित तीन मंजिला मकान शुक्रवार को बीडीए सील करेगा। इससे पहले फरहत के परिजनों को मकान खाली करना होगा। बारादरी थाने की पुलिस ने बीडीए का नोटिस फरहत की पत्नी खुशनसीब को सौंपा है। बीडीए के सक्षम प्राधिकारी की ओर से फाइक एन्क्लेव निवासी फरहत खां के नाम जारी नोटिस में लिखा है कि 120 वर्गमीटर जमीन पर अवैध रूप से तीन मंजिला भवन का निर्माण किया गया है। इसके विरुद्ध नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत कार्रवाई करते हुए 30 सितम्बर को वाद दायर किया गया है। अधिनियम के तहत भवन को तीन अक्तूबर तक सील किया जाना प्रस्तावित है। इसलिए तीन अक्तूबर से पहले भवन को खाली कर दें। घर पर मिली फरहत की बहू शाहीन का दावा है कि उनकी सास खुशनसीब की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें बेटी फिजा के साथ रिश्तेदारी में भेज दिया गया है। हमारा मकान अभी का नहीं है।

### बरेली में इंटरनेट बैन दो दिन और बढ़ाया चार जिलों में पुलिस बल तैनात

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली मंडल के चार जिलों में दशहरा के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस, पीएसी और आरएएफ के जवान सड़कों पर तैनात किए गए हैं। निगरानी के लिए ड्रोन हवा में उड़ान भर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने बरेली में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद करने का भी आदेश दिया है। जिले में मोबाइल इंटरनेट, ब्राडबैंड और एसएमएस सेवाएं 2 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक बंद रहेंगी।

# पद्मविभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र का निधन

मिर्जापुर/वाराणसी।



■ काशी के घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

प्रख्यात शास्त्रीय गायक और पद्मविभूषण से सम्मानित पं. छन्नूलाल मिश्र का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद मिर्जापुर मएं निधन हो गया। वह अपनी बेटी नम्रता मिश्र के साथ मिर्जापुर स्थित आवास पर रह रहे थे। नम्रता मिश्र ने बताया कि अंतिम संस्कार गुरुवार शाम को काशी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया।

पं. मिश्र पिछले कई महीनों से अस्वस्थ थे। 11 सितम्बर को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मिर्जापुर के एक अस्पताल मएं भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बीएचयू रेफर किया। 13 से 27 सितम्बर तक बीएचयू में उनका इलाज चला। स्वास्थ्य में सुधार के बाद उन्हें मिर्जापुर लाया गया था। बीएचयू की मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पं. मिश्र टाइप-2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और फेफड़ों के संक्रमण सहित कई बीमारियों से पीड़ित थे। पं. छन्नूलाल मिश्र का जन्म 3 अगस्त 1936 को आजमगढ़ के हरिहरपुर गांव में हुआ था। उनके दादा गुदई महराज प्रख्यात तबला वादक थे, जबकि पिता बद्री प्रसाद मिश्र संगीत के विद्वान थे। पं. मिश्र ने अपने पिता और उस्ताद अब्दुल गनी से संगीत की शिक्षा प्राप्त की थी। वह ख्याल, ठुमरी, दादरा, चैती, कजरी और भजन गायन के लिए विख्यात थे। उनका होली गीत 'खेले मसाने में होली' विशेष रूप से लोकप्रिय रहा।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70

सोना रु. 117332
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 161000
प्रति किलो

# एटीएम-डेबिट कार्ड के लिए वार्षिक शुल्क नहीं

मुंबई, वार्ता




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बुनियादी बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खातों के लिए नए निर्देश जारी करेगा, जिसमें एटीएम-डेबिट कार्ड पर वार्षिक शुल्क समाप्त करने की भी योजना है।

केंद्रीय बैंक ने निर्देश का प्रारूप अपनी वेबसाइट पर साझा किया है और इस पर आम लोगों तथा अन्य हितधारकों से राय मांगी है। इसमें कहा गया है कि सभी बैंकों के लिए बुनियादी बचत बैंक जमा खाते की सुविधा देना जरूरी होगा और इसे सामान्य बैंकिंग सेवा माना जाएगा, जो सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। इसके साथ ही आरबीआई ने इन खातों पर कुछ सुविधाओं की सूची भी जारी की है, जो बिना किसी शुल्क के और बिना न्यूनतम बैलेंस की अर्हता के उपलब्ध कराई जानी चाहिए। आरबीआई ने कहा है कि इन खातों पर एक महीने एटीएम, कैश डिपॉजिट मशीन और डिजिटल माध्यमों से लेनदेन की पूरी सुविधा होनी चाहिए। ग्राहक जितनी बार और जितना पैसा चाहे जमा करा सकता है, उस पर कोई सीमा नहीं होगी। एटीएम कार्ड और डेबिट कार्ड की सुविधा भी नि:शुल्क होगी और बैंक एटीएम-डेबिट कार्ड पर कोई वार्षिक शुल्क या कार्ड जारी करते समय या रिन्यू करते समय कोई शुल्क नहीं लेंगे। इसके अलावा हर साल कम से कम 25 चेक लीफ वाला चेकबुक भी नि:शुल्क जारी किया जाएगा। इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग की सुविधा भी बिल्कुल मुफ्त होगी। ग्राहक की मर्जी के अनुरूप पासबुक और मासिक लेखाजोखा भी बिना किसी शुल्क के प्रिंटेट या डिजिटल स्वरूप में नि:शुल्क देना होगा। हर महीने कम से कम चार बार पैसे निकालने (ट्रांसफर के जरिये या एटीएम से) की सुविधा भी नि:शुल्क होगी। इसमें डिजिटल माध्यम से किए गए लेनदेन जैसे एनईएफटी, आरटीजीएस, यूपीआई, आईएमपीएस आदि शामिल नहीं होंगे। साथ ही प्रारूप निर्देश में यह भी कहा गया है कि बैंक बीएसबीडी खाता खोलते समय उसमें कुछ राशि जमा कराने के लिए ग्राहक पर दबाव नहीं डालेंगे। बैंकों को खाता खोलने के लिए आने वाले लोगों को इन खातों के बारे में जागरूक करना होगा और अन्य बचत खातों तथा इनमें अंतर के बारे में बताना होगा। कोई ग्राहक अपने मौजूदा बचत खाते को शाखा में या ऑनलाइन आवेदन देकर बुनियादी बचत बैंक जमा खाते में बदलवा सकेगा, हालांकि ऐसा करने के बाद उसे उस बैंक में अपने अन्य बचत खातों को 30 दिन के अंदर बंद कराना होगा।

### दशहरा पर सोने-चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** गुरुवार दशहरा के अवसर पर सोना-चांदी की कीमतों में भारी उथल-पुथल देखने को मिली। देश की राजधानी दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,920 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी का भाव प्रति किलोग्राम 161,000 रुपये के भाव से करोबार कर रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार सुबह मामूली बढ़ोतरी देखी गई। 24 कैरेट सोने का भाव 1,17,332 प्रति दस ग्राम दर्ज किया गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,19,400 , मुंबई में 1,19,250 , चेन्नई में 1,18,690 , कोलकाता में 1,19,250, अमृतसर में 1,19,400 , लखनऊ में 1,19,400 और जयपुर में 1,19,400 रुपये दर्ज किया गया। चांदी के भाव की बात करें तो नई दिल्ली में 1,55,591 रुपये प्रति किलो, मुंबई में 1,50,900, कोलकाता में 1,51,100 और चेन्नई में 1,61,100 रुपये प्रति किलो रहा। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं।

# चावल नरम, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़, चीनी और दालों के भाव बढ़े



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी और दालों के दाम बढ़ गए।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसम्बर वायदा 62 रिंगिट की बढ़त के साथ 4,450 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.57 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 31 रुपये टूटकर 3,792.50 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव 36 रुपये बढ़कर 2,868.24 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 52 रुपये बढ़े और यह 3,347.46 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 30 रुपये टूट गई। सूरजमुखी तेल 21 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 93 रुपये और पाम ऑयल की 152 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति के दाम 207 रुपये और मूंगफली तेल के 120 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 92 रुपये और उड़द दाल की 90 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 62 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। चना दाल भी नौ रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 91 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी का भाव भी 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7906.25 रुपये, मसूर काली 8172.79 रुपये, मूंग दाल 10155.41 रुपये, उड़द दाल 10501.61 रुपये, अरहर दाल 10574.97 रुपये प्रति क्विंटल।

### गांधी ने आरएसएस को कहा था 'सर्वसत्तावादी नजरिया रखने वाला सांप्रदायिक' संगठन: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि महात्मा गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को सर्वसत्तावादी दृष्टिकोण रखने वाला एक 'सांप्रदायिक' संगठन बताया था और उनके इस कथन के पांच महीने बाद, तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था।

कांग्रेस महासचिव तथा संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि गांधीजी, आरएसएस को 'सत्तावादी सांप्रदायिक संगठन' कहा करते थे। रमेश ने इसके लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निजी सचिव रहे प्यारेलाल की सन 1956 मएं लिखी एक पुस्तक 'महात्मा गांधी: द लास्ट फेज' का हवाला भी दिया। रमेश ने कहा कि इस किताब के दूसरे खंड के पृष्ठ 440 पर प्यारेलाल ने, महात्मा गांधी और उनके एक सहयोगी के बीच हुई बातचीत का उल्लेख किया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**राज्य पाठ्यक्रम....** समाप्त किया और 250 से ज्यादा अवैध मदरसे बंद कराए गए। अब एक जुलाई 2026 से हमारी सरकार उत्तराखंड में केवल उन्हीं मदरसों को मान्यता देने का काम करेगी, जो सरकार द्वारा निर्धारित राज्य शिक्षा नीति में स्वीकृत पाठयक्रम को अपने यहां पर लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि शहीदों के प्रति हमारी सरकार कृतज्ञ है। राज्य आंदोलनकारियों और शहीद परिवारों के हितों के लिए सरकार ने बड़े काम किए हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण, मासिक पेंशन, बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा, नि:शुल्क यात्रा व्यवस्था, इन परिवारों की तलाकशुदा और विधवा बेटियों को भी सरकारी नौकरी हमारी सरकार दे रही है। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के धर्म व संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री सतपाल महाराज, यूपी सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, विधायक खानपुर उमेश कुमार, विधायक झबरेड़ा विरेन्द्र जाति, रुड़की नगर निगम के मेयर ललित मोहन अग्रवाल, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र अणथवाल, राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद् के अध्यक्ष सुभाष बड़थवाल, उत्तराखंड संस्कृति एवं साहित्य कला परिषद् की उपाध्यक्ष मधु भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी, संस्कृति सचिव योगेन्द्र किशोर पन्त, राज्य आंदोलनकारी कमला भमोला, रिषीप्रकाश काला, त्रिलोक भट्ट, पूर्व विधायक अशोक कंसल सहित भाजपा से जुड़े उत्तराखंड और यूपी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर परिवार सालाना पांच हजार रुपये का खादी का सामान खरीदे: शाह

नई दिल्ली, वार्ता



■ गृहमंत्री ने गांधी जयंती पर खादी महोत्सव 2025 की शुरुआत की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वदेशी को बढ़ावा देने और साल 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर परिवार से हर साल 5,000 रुपये का खादी का सामान खरीदने की अपील की है।

शाह ने यहां खादी ग्रामोद्योग भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को खादी महोत्सव 2025 की शुरुआत करने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के अभियान में कई ऐसे विचारों को चुना, जो भविष्य के भारत का नक्शा तैयार करने में महत्वपूर्ण साबित हुए। उसी मएं दो बड़े विचार स्वदेशी और खादी थे। दोनों को आजादी की लड़ाई से अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक इन दोनों विचारों को भुला दिया गया था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि इन दोनाएं अभियानों को सफल करने के लिए मैं आज देश की जनता से अपील करता हूं कि हर परिवार कम से कम 5,000 रुपये का खादी (का सामान) सालान खरीदे।

चाहे आप चादर या तकिये का खोल ले लीजिये, चाहे पर्दे या तौलिये। ये चीजें जब आप खरीदते हैं, तो आप किसी के लिए रोजगार का कारण बनते हैं। और जब आप स्वदेशी का व्रत अपनाते हैं, तो 2047 तक भारत को दुनिया में सर्वोच्च स्थान तक ले जाने के लिए एक महत्वाकांक्षी अभियान के साथ अपने-आप को जोड़ते हैं। उन्होंने लोगों से खादी और स्वेदशी के अभियान को ताकत देने तथा अपने स्वभाव का हिस्सा बनाने की अपील की और कहा कि हमें ये दोनों अभियान अगली पीढ़ी को भी देकर जाना चाहिए। खादी महोत्सव के दौरान दो अक्टूबर से पांच नवंबर तक खादी के सभी सामानों पर 20 प्रतिशत और खादी ग्रामोद्योग के तहत बने अन्य सामानों पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शेरकोट में बंद मकान से लाखों की चोरी

## लगातार हो रही चोरियों का खुलासा न होने से पुलिस के प्रति पनप रहा आक्रोश







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात तीन चोरों ने घर में रखा लाखों रुपये का सामान सहित नकदी चोरी कर रफुचक्कर हो जाने से लोगों मे दहशत फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी। जबकि हाईवे स्थित गाड़ी के गेराज से भी गाड़ी का हजारों रुपये का सामान चोरी हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला हकीमान निवासी अनवर पुत्र अकबर सऊदी अरब में काम करता है। जबकि उसकी पत्नी पांच दिन पूर्व अपने मायके गई थी। बीती रात चोर मेन गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे और अंदर कमरे में लगा ताला तोड़ते हुए अलमारी में रखे 15 हजार रुपयों सहित एक सोने की चेन, एक अंगूठी व चांदी की चार अंगूठी तथा कपड़े आदि चोरी कर ले गए। पीड़ित अनवर ने अपने मोबाइल से सीसीटीवी कैमरे को चेक किया, तो पता चला कि चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित अनवर की पत्नी रहनुमा ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जल्द ही चोरों को पकड़कर चोरी का पर्दाफाश करने का दावा कर रही है।

उधर नेशनल हाईवे स्थित जनता गाड़ी गेराज में घुसकर चोरों ने गाड़ी का रखा सामान चोरी कर ले गये। वहीं काशीपुर-हरिद्वार नेशनल हाईवे स्थित सेफ जनता गेराज में भी चोरों ने हाथ साफ किया। गेराज स्वामी मौहम्मद सेफ ने बताया कि उनके गेराज से चोरों ने गाड़ी का ब्लाक, चेम्बर, हेड, एक बड़ा बेटरा, एक छोटी बेटरी चोरी कर ले गये। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी हासिल की। फिलहाल तहरीर नहीं दी गयी।

### नागरिकों में दहशत का माहौल

**शेरकोट।** नगर व क्षेत्र में लगातार चोरियों के होने से लोगों मे दहशत का माहौल है। महामाया डिग्री कॉलेज मे लगातार तीन बार 7 सितम्बर, 19 सितम्बर व 31 सितम्बर को हजारों रुपये की चोरी हो चुकी है। 10 सितम्बर को ग्राम शहजादपुर के राम गंगा इन्टर कॉलेज मे कमरों के पंखे चोरी हो चुके है। जबकि 26 सितम्बर की रात्रि हाईव स्थित फैजान नामक हार्डवेयर की दुकान से हजारों नकद व सामान चोरी, उसी के करीब शहजाद नामक व्यक्ति की कैंटीन से तीन सिलेंडर सहित हजारों का सामान चोरी हुआ था। उधर रिजवान नामक व्यक्ति के गोदाम से 50 से ज्यादा कोल्ड ड्रिंक की पेटी चोरी हुई थी। सितम्बर माह मे लगातार कई हुई चोरी का खुलासा नहीं हुई है।

### नवागत थानाध्यक्ष के लिए चुनौती

**शेरकोट।** नवागत थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार के पांच दिन पूर्व चार्ज लेते ही बीती रात्रि लाखों रुपये की चोरी सहित पूर्व माह में कई चोरी थाना प्रभारी के लिए चुनौती बन गयी है। अब देखना है कि नवागत थाना प्रभारी पूर्व की चोरियों सहित रात्रि में हुई चोरी का खुलासा कब तक कर पाते हैं।

### चर्चित पुलिसकर्मियों के बदलाव की जरुरत

**शेरकोट।** नवागत थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार को कस्बे मे तैनात लापरवाह व चर्चाओं में रहने वाले कुछ पुलिस कर्मियों के बदलाव की जरुरत है। बदलाव के होने से नगर की व्यवस्था दुरुस्त रह सके और जनता में पुलिस के प्रति उत्तम व्यवहार दिखाई दे सके।

## एक नजर

### फ्यूचर एकेडमी में रामलीला का मंचन



**शिवाला कला।** फ्यूचर चिल्ड्रेन एकेडमी में आज विजयादशमी के उपलक्ष्य में रामलीला मंचन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की लीला का सजीव मंचन प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा एक विशाल रावण का निर्माण किया गया। राम, लक्ष्मण, हनुमान और सीता का किरदार निभाने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को विद्यालय के मैनेजर श्री संघर्ष चौहान ने तिलक लगाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में श्रीराम ने तीर चलाकर रावण दहन किया। इस क्षण ने पूरे विद्यालय प्रांगण में 'श्रीराम' के गगनभेदी जयकारे गूंज उठे और वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार शर्मा, वाइस प्रिंसिपल अनुराग यादव, एवीएन वरिष्ठ समन्वयक सुलभ चौहान सहित सभी अध्यापक तथा विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की सफलता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए मनोरंजक रहा, बल्कि इससे उन्हें सत्य की असत्य पर विजय और धर्म की अधर्म पर विजय का संदेश भी मिला।

### सत्य मार्ग पर चलने का आह्वान



**बिजनौर।** रोटरी क्लब द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर बापू की प्रतिमा के सामने क्रार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि हमें सत्य, प्रेम और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए गांधीवादी विचारधारा अपनानी होगी। इस मौके पर एसडीएम सदर रितु रानी, कमाल सफदर एड., अनूप गर्ग, प्रशांत महर्षि, गोपाल त्यागी, उदय वीर राठी, समाजसेवी अख्तर अंसारी आदि मौजूद थे।

### जागरूकता प्रभातफेरी निकाली

**नगीना।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व पुलिस उपाधीक्षक नगीना के निकट पर्यवेक्षण में थाना नगीना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम काजीवाला में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान इत्यादि के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

# असत्य पर सत्य की विजय का पर्व धूमधाम से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर एवं देहात क्षेत्र में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयदशमी (दशहरा) बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। लोगों ने मंदिरों एवं अपने घरों में भगवान श्रीराम के साथ-साथ शस्त्रों का पूजन कर विजयदशमी का पर्व धूमधाम से संपन्न किया।

नगर के पोखर बाजार रामलीला मैदान में श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में रामलीला मंचन के उपरांत रावण का दहन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भुवनेश सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर रघुराज सिंह, नगर गौरव चौहान गोल्डी, अध्यक्ष दीपांशु चौहान, नीशु कुमार, जितेंद्र चौहान, काव्य चौहान, विकास कुमार, सुधांशु कुमार, अर्जुन सैनी, शिवा राजपूत, मयंक चौहान, निकुंज, अनमोल, कार्तिक, तुषार, दीक्षित, वैभव प्रताप, सचिन चौहान, कुश राजपूत, आयुष चौहान सहित कमेटी के सभी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वहीं, क्षेत्र के गांव पैजनिया, पावटी व बिलाई आदि में भी दशहरा पर्व पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

# बापू व शास्त्री को श्रद्धांजलि

### नागरिक अधिकार समिति ने योगदान को किया याद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नागरिक अधिकार एवं विकास समिति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्राप्त समाचार के अनुसार समिति के द्वारा शास्त्री चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री एवं झालू रोड स्थित तिराहे पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष प्रशांत गोयल एड. एवं सचिव नवदीप सिंह एड. ने उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने देश को आजाद कराने एवं उत्थान में गहरे योगदान को याद करते हुए सत्य, अहिंसा व सद्भावना के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर समिति के संरक्षक सदस्य अवधेश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कपूर, फारूक बिजनौरी, उपाध्यक्ष देवेंद्र पाल सिंह एड., अनिल गंभीर, प्रवीण गंभीर, राजवीर सिंह एड., कमाल सफदर एड., शिव प्रकाश वाल्मीकि, वीरेंद्र सिंह एड., श्रीमती सविता सिंह आदि मौजूद थी।

# नूरपुर बाईपास मार्ग की हालत खस्ता

## गहरे-गहरे गड्ढ़ों में गिरकर राहगीर हो रहे घायल, मार्ग निर्माण की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** करीब 25 वर्ष पूर्व बना नूरपुर बाईपास मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। करीब एक किलोमीटर मार्ग गड्ढ़ों में तब्दील हो चुका है। 25 वर्ष पूर्व बनाए गए मार्ग पर मरम्मत कार्य तक नहीं हो सका है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के शासन काल में पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान के प्रयास से करीब 25 वर्ष पूर्व नहटौर धामपुर मार्ग से नहटौर-नूरपुर मार्ग तक करीब एक किलोमीटर का बाईपास मार्ग बनाया गया था। इस बाईपास मार्ग से नहटौर में आवागमन को बड़ा फायदा लाभ मिला था। लेकिन 25 वर्ष में इस मार्ग पर कोई मरम्मत कार्य तक नहीं हुआ, जिससे यह मार्ग बदहाली पर पहुंच गया। जगह-जगह गड्ढे होने पर राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कामरेड गुलाम साबिर सिद्दीकी, शहजाद अहमद, सुनील सैनी, सलीम अहमद, नईम अहमद, दीपक कुमार, अबरार मलिक, जसीम अहमद, सलीम अहमद डालर आदि का कहना है कि इस बाईपास मार्ग से काफी लोगों का आवागमन रहता है। त्यौहार आदि पर जब नहटौर-धामपुर मार्ग पर जब ट्रेफिक रोका जाता है, तो इस बाईपास से वाहनों को निकाला जाता है।

मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार सड़क में बने गड्ढ़ों में गिरकर वाहन चालक घायल भी हो जाते है। नागरिकों ने इस क्षतिग्रस्त मार्ग को बनवाए जाने की मांग की गई है।

# मॉडर्न एरा में दशहरा, गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई

### महापुरुषों के आदर्श को जीवन में अपनाने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में सत्य की असत्य पर जीत का प्रतीक पर्व दशहरा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम, गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के छात्रों ने 'रघुपति राघव राजा राम' भजन की मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मदन सिंह रावत ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, गांधी और शास्त्री के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इन महान व्यक्तित्वों का जीवन हमें सत्य, अहिंसा और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वे श्री राम, गांधी और शास्त्री के दिखाए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्रहित में कार्य करेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों और शिक्षकों में देशभक्ति और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा।

# धामपुर में झूठे आरोप की सच्चाई बेनकाब

### मात्र 500 रुपये के विवाद से रची गई साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** समाज में झूठे आरोपों से कैसे मासूमों की जिंदगी बर्बाद हो सकती है, इसका जीता-जागता उदाहरण कोतवाली धामपुर क्षेत्र में सामने आया है। एक अधेड़ महिला के साथ घटी घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी, लेकिन पुलिस की गहन जांच ने पूरी सच्चाई को बेनकाब कर दिया।

मामला गांव पल्लावाला निवासी महिला से जुड़ा है। बीते मंगलवार को नगर के मौहल्ला बंदूकचियान में एक शादी समारोह आयोजित था। जहां उक्त महिला को बर्तन साफ करने के लिए बुलाया गया था। तयशुदा मेहनताना 600 रुपये था, लेकिन कार्यक्रम में मेहमान अधिक होने से महिला ने 1100 रुपये की मांग कर दी। आयोजकों द्वारा केवल 600 रुपये दिए जाने पर महिला और उसके पुत्र ने आपसी नाराजगी में एक खतरनाक कदम उठा लिया।

गुरुवार को महिला के पुत्र ने पुलिस में शिकायत दी कि उसकी मां के साथ विवाह समारोह से घर छोड़ने वाले दो युवकों ने गंभीर अपराध किया है। यह खबर फैलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस विभाग भी तुरंत हरकत में आ गया। स्वयं पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे और कोतवाल राजेश चौहान मौके पर पहुंचे और गहनता से छानबीन शुरू की। जांच में जो सच्चाई सामने आई, उसने सभी को चौंका दिया। महिला गूंगी है और मात्र 500 रुपए के विवाद के चलते उसके पुत्र ने युवकों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें फंसाने की कोशिश की थी। पुलिस ने तुरंत स्थिति को स्पष्ट करते हुए महिला के पुत्र और दोनों युवकों का शांति भंग में चालान कर दिया।

इस घटना ने एक बड़ा संदेश दिया है कि झूठे आरोप न केवल निर्दोषों की जिंदगी बर्बाद करते हैं, बल्कि समाज का विश्वास भी हिला देते हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की झूठी साजिशों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि झूठे आरोप लगाकर बेगुनाह लोगों को फंसाने का यह कोई पहला मामला नहीं है। बल्कि इससे पहले भी नगर के एक तथाकथित समाजसेवी के द्वारा बेगुनाह लोगों को फंसाने की साजिश की गई है। कई लोगों को इसमें शामिल करने का प्रयास किया गया था।

# सपा चल रही सत्य के मार्ग पर

## मौजूदा हालात गांधीवादी विचारधारा के बिल्कुल विरुद्ध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि उनकी पार्टी सत्य के मार्ग पर चल रही है। जबकि भाजपा सरकार में मौजूदा हालात गांधीवादी विचारधारा के बिल्कुल विरूद्ध है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के जिला कार्यालय पर आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। दोनों महान हस्तियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर विचार गोष्ठी की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की तथा संचालन जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव ने किया। जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य, अहिंसा, समानता और लोकतंत्र पर आधारित जीवन दर्शन समाजवादी पार्टी की विचारधारा से मेल खाता है। गांधी जी ने गरीब, किसान और आम जनता की ताकत को राष्ट्र की असली शक्ति माना था और सपा भी उसी मार्ग पर चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश व देश के जो मौजूदा हालात है, वह बापू की विचारधारा के बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि आज जनता दुखी है। राजनीति में बने रहने के लिए हिंसा का मार्ग अपनाया जा रहा है। भाईचारा व सौहार्द खत्म किया जा रहा है। पुलिस का इस्तेमाल अपने विरोधियों को सबक सिखाने के लिए किया जा रहा है। प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। सर्व समाज भाजपा की नीतियों से दुखी है। असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए साम्प्रदायिक राजनीति की जा रही है। जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि यदि सपा गांधी जी और शास्त्री जी के विचारों को अपनाकर संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क और सामाजिक न्याय की नीति पर आगे बढ़ेगी, तो पार्टी निश्चित ही मजबूत होगी और आने वाले समय में प्रदेश व देश की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि उनका दिया हुआ 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी समाजवादी आंदोलन के लिए मार्गदर्शक है। उनकी सादगी, ईमानदारी और त्याग यह सिखाते हैं कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं में सेवा भाव, अनुशासन और समर्पण होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रचंड बहुमत से सपा की सरकार बनने जा रही है।

इस अवसर पर प्रभा चौधरी, राधा सैनी, महमूद कस्सार, मदन सैनी, दिनेश चौधरी, मनोज राजपूत, डॉ. योगेंद्र चौधरी, अखलाक पप्पू, अफजाल उल हक, सुरेंद्र वाल्मीकि, लाल सिंह कश्यप, अब्दुल वहाब व अहमद खिजर खान सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


क्षेत्रवासियों को दशहरा की

हार्दिक बधाई



शैलेन्द्र सिंह

ब्लॉक अध्यक्ष-भाकियू टिकैत

ब्लॉक अफजलगढ़, जनपद बिजनौर



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

को जनपद में प्रत्येक स्टेशन पर सहयोगी संवाददाताओं व विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक सम्पर्क करें।

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# स्योहारा में विजयादमशी पर्व धूमधाम से मनाया

## असत्य पर सत्य की विजय, भगवान राम ने किया रावण का वध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के रामलीला मैदान में चल रही रामलीला मंचन के अंतर्गत विजयादशमी के अवसर पर भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध का मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर रामलीला मंच पर भगवान श्रीराम की मर्यादा, त्याग और धर्म की रक्षा के संदेश को कलाकारों ने बड़े ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रावण के अहंकार और अत्याचार के अंत का मंचन देखते ही जय श्रीराम के उद्घोष गूंज उठे। रामलीला कमेटी की ओर से इस भव्य आयोजन में विशेष रूप से कैंप लगाया गया, जिसमें नगर की बड़ी रियासत से रानी कामिनी देवी ने सहयोग प्रदान किया। वहीं कमेटी के संरक्षक कुंवर पृथ्वीराज सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हाजी अख्तर जलील, अध्यक्ष राजवीर सिंह त्यागी, मंच प्रबंधक राजपाल सिंह प्रजापति, प्रबंधक




सुनील शर्मा भंडारी, महेंद्र रवि सहित पूरी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान नगर व आस-पास से भारी संख्या में श्रद्धालु एवं श्रोता मौजूद रहे। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहा। कार्यक्रम में सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। खास तौर पर भाजपा धामपुर विधानसभा से विधायक अशोक



कुमार राणा, भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत, चौधरी फईमुरहमान, फरहा परवीन, अहसन जमील, वकील, प्रिंस अहमद, शौकीन, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र अमित कुमार वर्मा, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा, राजीव वर्मा, आलोक अग्रवाल, बदर खान, भाजपा विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र अरोड़ा, मुकेश रस्तोगी, श्वेत रस्तोगी, डा. विनित देवरा, अमित रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रेस क्लब स्योहारा में धर्मेंद्र, चमन भारद्वाज, प्रिंस जमाल, इकबाल अंसारी, आकाश तोमर, फजल अंसारी, गय्यूर चौधरी, अरशद चौधरी, अंकुल प्रजापति, अश्वनी विश्नोई, नादिर त्यागी, कपिल शर्मा ने रामलीला मंचन की सराहना करते हुए कहा कि यह परंपरा हमारे समाज को धर्म, नीति और सत्य की राह दिखाती है। रावण वध के साथ ही बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश नगरवासियों को दिया गया।

### एक नजर

### कुरी हाउस में मनाई महापुरुषों की जयंती



**स्योहारा।** महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर के कुरी हाउस में कांग्रेसजनों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व महासचिव नासिर उर्फ आदिल चौधरी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का जो संदेश दिया, वही भारत की असली ताकत है। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को आत्मनिर्भरता और त्याग की राह दिखाई। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी फईमुरहमान ने कहा कि गांधी जी ने स्वतंत्रता संग्राम में जिस बलिदान और संघर्ष की राह दिखाई। वहीं शास्त्री जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए सादगी और ईमानदारी से देश का नेतृत्व किया। इस अवसर पर आईटीआई के जिला चेयरमैन रिफाकत चौधरी, वली उर रहमान, नायर चौधरी, डॉ. यज्ञदत्त गौड, प्रिंस अहमद, अयान चौधरी, बब्बू अहमद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बिक्री पर प्रतिबंध के बावजूद बिकी शराब

**कोतवाली देहात।** गांधी जयंती के अवकाश के मौके पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में खुलकर शराब की बिक्री की गई। क्षेत्र में सक्रिय शराब माफिया व शराब की दुकानों पर सेल्समैनी कर रहे लोगों ने गांव में शराब बेचने की लिए एक दिन पहले ही भारी मात्रा में शराब एकत्र कर ली थी। मदिरा प्रेमियों का कहना है कि शराब माफिया गुरुवार को सुबह से ही सक्रिय हो गए थे। 75 रूपए मूल्य का क्वार्टर 100 से लेकर 150 रुपए तक बेचकर मदिरा प्रेमियों की जेब पर डाका डाला जा रहा था। मदिरा प्रेमियों की शिकायत के बाद थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर भावता में शराब बेच रहे वीर सिंह को 39 क्वार्टर के साथ पुलिस ने पकड़ लिया।

### एंटी रोमियो टीम ने किया जागरूक

**नजीबाबाद।** एंटी रोमियो टीम थाना नजीबाबाद एवं मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत उप निरीक्षक अवधेश शर्मा, महिला उप निरीक्षक पायल तोमर, महिला कांस्टेबल अनीता, प्रीति, कांस्टेबल रिंकू के द्वारा मौहल्ला मुनीरगंज में महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई गई नि:शुल्क हेल्पलाइन नंबर की जानकारी प्रदान की गई। सभी को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं के बारे में पूर्ण रूप से बताया गया एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जागरूक किया गया।

### गांधी जयंती पर स्वच्छता का संदेश



**गंज दारानगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय जहानाबाद विकास खण्ड हल्दौर में सयुक्त रूप से दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनके द्वारा किए गए कार्यों पर विस्तृत चर्चा भी की गई। स्वच्छता प्रेमी व स्वच्छता दूत कहे जाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की याद में विद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम संचालित कर स्वच्छता का संदेश भी दिया तथा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अध्यापक मौहम्मद शफीक द्वारा बापू के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया तथा अध्यापिका आसमा जबीं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री लाल. बहादुर शास्त्री के बारे बच्चों को जानकारी दी। उनके द्वारा बताया गया कि किसानों और जवानों के मसीहा कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने पाकिस्तान से हुए युद्ध में सैनिकों को पूरी छूट देकर किस प्रकार उनका मनोबल बढ़ाया था। इसके पश्चात उत्तर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ स्वच्छाग्राही के रूप में प्रधानंत्री पुरस्कार प्राप्त डॉ. अतीक दानिश ने तराना ए गांधी 'साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल' सुनाकर खूब वाहवाही लूटी और अंत में स्वच्छता का महत्व भी बताया। इस अवसर पर अध्यापक कृष्ण कुमार, अध्यापक घनश्याम सिंह, अध्यापिका दुरफिशा, प्रियंका, रश्मि रानी, निधि सिंह, निधि प्रभा आदि मौजूद रहे।

### विजयादशमी पर शस्त्र पूजन



**शेरकोट।** विजयदशमी के पावन पर्व पर बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान आयोजित किए गए तथा लोगों ने शस्त्र पूजन किया। इस मौके पर द्रोपदी मंदिर पर रावण, कुम्भकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। रावण दहन भी एक प्रमुख अनुष्ठान है, जिसमें रावण के पुतले को जलाया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आयोजित मेले में बच्चों ने चाट-पकोड़ी व अन्य व्यंजनों का आनंद लिया तथा खेल खिलौने खरीदे।

### महापुरुषों को दी श्रद्धांजलि



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैटेडट्स कोर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ और डॉ. उदिता राजपूत के निर्देशन में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय कैटेडट्स कोर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक एवं स्वंय सेविकाओं ने उन महापुरुषों को स्मरण करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद राष्ट्रीय कैटेडट्स कोर के अधिकारी कैप्टन प्रो. अशोक कुमार और प्रो. दिनेश कुमार ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन मूल्यों को बताते हुए छात्र- छात्राओं को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं को तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और साथ ही भविष्य में नशे से दूर रहते हुए प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को नशा मुक्त भारत अभियान में योगदान देना चाहिए और साथ ही समाज में भी नशा मुक्ति का प्रचार करना चाहिए।

## चांदपुर के विकास के लिए अशोक चौधरी ने जारी किया संकल्प 2027

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** राष्ट्रीय लोक दल उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव एवं प्रभारी (सहकारिता प्रकोष्ठ) तथा पूर्व जिलाध्यक्ष बिजनौर अशोक चौधरी ने चांदपुर विधानसभा के लिए अपना चांदपुर विकास संकल्प 2027 जारी किया। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र केवल चुनावी घोषणा नहीं है, बल्कि जनता से किया गया पक्का वादा है। जिसे हर हाल में जमीनी स्तर पर पूरा किया जाएगा।

अशोक चौधरी ने कहा कि मैं आपकी आवाज बनकर चांदपुर में बदलाव का संकल्प लेता हूँ। किसानों और बाढ़ प्रभावितों के लिए बड़ा ऐलान संकल्प पत्र का पहला बिंदु किसानों को समर्पित है। श्री चौधरी ने कहा कि गन्ना किसानों का बकाया हर साल समय पर दिलाना और मंडी व्यवस्था में सुधार उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और मुफ्त बीज/खाद उपलब्ध कराने



की गारंटी दी गई है। गंगा किनारे मजबूत तटबंध निर्माण और बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए स्थायी राहत योजना को भी संकल्प पत्र में शामिल किया गया है। सड़क, बिजली और आधारभूत सुविधाओं पर कहा कि ग्रामीण इलाकों में सड़क और बिजली की बदहाली को दूर करना भी प्रमुख वादों में है।

हर गांव तक पक्की सड़क, स्ट्रीट लाइट और 24 घंटे बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित करने का वादा है।

### बच्चों को फल वितरित किए

**बिजनौर।** आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के नेतृत्व में नगर के प्रेम धाम आश्रम में अनाथ एवं दिव्यांग बच्चों के बीच जाकर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित कर बच्चों को फल वितरित करते हुए जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कहा कि महात्मा गांधी के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। महात्मा गांधी ने भारत छोड़ों आन्दोलन चला कर अंग्रेजों को खदेड़ा और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने अपने कार्यकाल में देश को बुलंदियों पर पहुंचाया। जिला उपाध्यक्ष नजीबाबाद प्रभारी सलाउद्दीन सैफी ने बापू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला सचिव एम अकरम खां, जिला सचिव भानू प्रताप सिंह, डॉ. सलीम सैफी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नदीम फारूकी, नईमुल अख्तर, हसीब अहमद, डॉ. मौहम्मद वसीम, डॉ. इकबाल खान, लईक अहमद, रईस खान, मौहम्मद मुशर्रफ आदि मौजूद रहे।

## बापू के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

### डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया झंडा रोहण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। क्योंकि आज के दिन भारत में एक ऐसे व्यक्ति का जन्म हुआ, जिसने भारत के इतिहास में ही नहीं बल्कि विश्व के इतिहास में भी अपना गौरवशाली स्थान बनाया। उन्होंने कहा कि विश्व के इतिहास में गांधी जी का नाम इसलिए भी स्वर्णमय शब्दों में दर्ज हुआ, क्योंकि उन्होंने अपने पूर्ण जीवन को देश की गुलामी से मुक्त कराने के लिए समर्पित कर दिया और अपने जीवनकाल में ही उनके संघर्षों के फलस्वरूप देश को आजादी हासिल हुई, परन्तु उनका मन सत्ता सुख के मोह से हमेशा दूर रहा और अपने अन्तिम समय तक वह साधारण जीवन-उच्च विचार की विचारधारा का साक्षात रूप बने रहे। उन्होंने जन सामान्य का आह्वान किया कि सभी लोग अपने बच्चों को गांधी के जीवन चरित्र, उनके बलिदान व उनके संघर्ष के बारे में अनिवार्य रूप से जरूर बताएं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर कलेक्ट्रेट सभागार में 156वीं गांधी जयंती समारोह के अवसर पर दोनों महापुरुषों गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात अपने उद्गार व्यक्त कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आज के दिन पूरा देश महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को याद करता है, और उनकी शिक्षाओं और विचारों से प्रेरणा प्राप्त करने का संकल्प लेता है। उन्होंने कहा कि अध्ययन करने गांधी के जीवन के अनेक आश्चर्यजनक पहलू हमारे सामने आते हैं, जो एक देशभक्त व्यक्ति के लिए प्रेरणास्रोत और अनुकरणीय होते हैं। यही कारण है कि गांधी के सत्य और अहिंसा के दर्शन से प्रभावित होकर संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य सभा ने सर्वसम्मति से गांधी के जन्मदिन दो अक्टूबर को विश्व के समस्त देशों में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि आज भी देश को उनकी शिक्षाओं की वैसी ही आवश्यकता है, जैसी कल थी, आज भी उनका दर्शन कल की ही तरह प्रासंगिक है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि/रा श्रीमती वान्या सिंह ने कहा कि आज देश के दो महापुरुषों गांधी एवं शास्त्री के जन्मदिन के अवसर पर प्रतिज्ञा करें कि हम सभी महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के जीवन दर्शन एवं जीवन चरित्र को अंगीकार करें, तभी उनकी जयंती के ऐसे आयोजनों का उद्देश्य सार्थक होगा और उनके प्रति हमारी सच्ची संवेदनाएं प्रदर्शित होंगी। इस अवसर पर डॉ. नरेंद्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए गांधी के जीवन चरित्र, उनके संघर्ष और उनके सादा जीवन एवं उच्च विचार विषय पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कलेक्ट्रेट प्रांगण में दो अक्टूबर को गांधी की 156 वीं जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखराज द्वारा संयुक्त रूप से झंडारोहण कर किया गया। राष्ट्रगान एवं गार्ड आनर का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा देशप्रेम पर आधारित गीत एवं रामधुन प्रस्तुत करने के उपरान्त जिलाधिकारी ने उनको भी पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी सलाहुद्दीन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर व जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला, प्रशासनिक अधिकारी सहित कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालयों के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

### गिरफ्तार आरोपी का चालान

**कोतवाली देहात।** बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव मुस्सेपुर निवासी इसरार अहमद पुत्र इलियास ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक आपत्तिजनक फोटो अपनी फेसबुक आईडी से सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी क्षेत्र के कारकर्ताओंमें रोष पनप गया था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर के आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी का संबंधित धारा में चालान कर सक्षम न्यायालय में पेश किया।


**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिटस मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नवेद आलम द्वारा संस्था मदीना मस्जिद मौहम्मदपुर त्रिलोक उर्फ त्रिलोकावाला कमेटी, ग्राम मौहम्मदपुर त्रिलोक उर्फ त्रिलोका वाला पो० झिलमिला तह० नगीना, जिला बिजनौर का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. नवेद आलम-अध्यक्ष, 2. शाहनवाज आलम-प्रबन्धक, 3. रिजवान अहमद -कोषाध्यक्ष, 4. नासिर अहमद, 5. नवेद अली, 6. मौ० कासिम, 7. बुनियाद अली, 8. तय्यब अली, 9. खुशनूद अहमद, 10. इमरान अहमद, 11. शमसाद, 12. मुकीमुददीन, 13. मोहम्मद असलम, 14. शहीद अली, 15. मोहम्मद शफीक, 16. मोहम्मद शाहिद-सदस्य दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि० एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह )**
**सहायक निबन्धक।**


## हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर किशोर झुलसा

### मुआवजे व विद्युत लाइन हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समीपवर्ती गांव में एक किशोर आवासीय क्षेत्र से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। जिसे गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों सहित मौहल्ले वासियों ने विद्युत अभियंता को पत्र लिखकर हाईटेंशन लाइन हटाने व मुआवजा देने की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समीपवर्ती ग्राम सीरवासुचन्द के मौहल्ला प्रधानवाला में आवासीय क्षेत्र से छतों के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। उसी गली में मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले मौहम्मद



आसिफ का परिवार रहता है। उक्त गरीब परिवार की छत के ऊपर से भी हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है, जिस पर बीते 30 सितंबर को मौहम्मद आसिफ का पुत्र अबूजर 13 वर्ष छत से गुजर रही विद्युत लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। उक्त घटना से परियोजना सहित गांव में कोहराम मच गया। आनन-फानन किशोर को गंभीर अवस्था में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। परिजनों सहित मौहल्ला वासियों ने विद्युत अभियंता अफजलगढ़ को पत्र लिखकर हाईटेंशन विद्युत लाइन हटाने तथा झुलसे हुए गरीब परिवार को मुआवजा देने की की मांग की है। इस मौके पर नईम अहमद, गुलशन जहां, महरीन, अफसाना, मौहम्मद सलाउद्दीन, सुरैया आदि ने विद्युत लाइन तत्काल हटाने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के जिला अध्यक्ष आमिर पठान ने एसडीओ विद्युत विभाग भिक्कावाला को फोन कर तत्काल हाईटेंशन विद्युत लाइन हटाने की मांग की। गौरतलब है कि क्षेत्र में अधिकतर गांवों में विद्युत हाई टेंशन लाइन के तार आवासीय छतों के ऊपर से गुजर रहे हैं, जिनके कारण आए दिन गंभीर घटनाएं होती रहती हैं। परंतु विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते लाइनों को स्थानांतरण नहीं किया जाता है। ग्राम मानियावाला स्थित कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड पर वर्षों से आवासीय छतों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, जिस कारण कई गंभीर हादसे हो चुके है। ग्रामीण विद्युत अधिकारियों को पत्र लिखकर हाईटेंशन लाइन हटाने की मांग करते चले आ रहे हैं, परंतु विद्युत विभाग के अधिकारी मात्र आश्वासन देकर या स्थानांतरण की ऐवज में लाखों रुपए का स्टीमेट बनाकर थमा देते हैं।

### महिला सुरक्षा व जागरूकता मिशन शक्ति अभियान

**स्योहारा।** थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत सहसपुर देहात व मीना मार्केट में महिला सुरक्षा व जागरूकता का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 85 महिलाओं व 40 बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत सुरक्षा व नारी सशक्तिकरण संबंधी जानकारी दी गई। अभियान में महिलाओं को नारी सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी भी अपराध की स्थिति में वे तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी संकोच अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## चेयरमैन डॉ. महेन्द्र ने लगाए पौधे

### नूरपुर में स्वच्छता दिवस मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर नगर पालिका के चेयरमैन डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि मानव जीवन के लिए पौधारोपण व स्वच्छता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज प्रात: पालिका कार्यालय में दो अक्टूबर के उपलक्ष में स्वच्छता दिवस मनाया गया। चेयरमैन डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।



उन्होंने कहा कि हमें इन महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है।

इन्होंने देश को आजाद कराने में एवं नई दिशा देने में अपनी अहम कुर्बानियां दी थी। उन्होंने अहिंसा का मार्ग अपनाने व सत्यवादी बनने का भी आह्वान किया।

साथ ही निकाय सीमान्तर्गत स्थित नमो पार्क, मौहल्ला गांधीनगर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में पालिका में कार्यरत सफाई नायकों एवं सफाई मित्रों के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. लोकेन्द्र त्यागी को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर निकाय बोर्ड के सभासद दिनेश कुमार, मौहम्मद यूसुफ, मोहसिन एवं निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का



संचालन अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

# धामपुर में महापुरुषों को दी श्रद्धांजलि

## शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए इस दौरान महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि दी गई।

नगर पालिका में कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह और अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने तिरंगा फहराकर किया। स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत मनोज कुमार, रणवीर सिंह, राजेंद्र सिंह और विकास गुप्ता को प्रशस्ति पत्र और प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मिशन शक्ति के अंतर्गत सोमवती देवी और मिथलेश देवी को भी प्रमाण पत्र एवं सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया।

विधायक अशोक राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, राघव शरण गोयल, पुरुषोत्तम अग्रवाल और प्रदीप कुमार उर्फ सोनू भी मौजूद रहे।





इसके बाद शिवाजी पार्क में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कार्य किया गया।

वहीं विकास खंड अल्हैपुर में भी गांधी जी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान और खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद ने ध्वजारोहण किया। गांधी और शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। ब्लॉक परिषद में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया। सभा का संचालन लेखाकार गौरव महिंद्रा ने किया। ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने गांधी और शास्त्री जी के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डाला। एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने देश की स्वतंत्रता में गांधी जी की भूमिका और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के महत्व पर जानकारी दी।

कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी शैलेंद्र नायक, ब्लॉक मैनेजर सानुमति, ग्राम पंचायत सचिव योगराज सिंह, कृपाल सिंह, विनीत कुमार, अंकुश कुमार, विनीता रानी, सलमान, मनोज, दिव्यांशु, अमित, मोहित, हिमांशु चौहान, सहदेव, त्रिवेंद्र कुमार, नसीम अहमद, अंकुश कुमार सहित समस्त ब्लॉक कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसबीडी महिला महाविद्यालय में गांधी जयंती और लाल बहादुर जयंती बहुत हर्षोल्लास से मनाई गई। महाविद्यालय में नशा मुक्ति की शपथ ली गई और सभी को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ने के लिए कहा गया।

इस अवसर पर मिशन शक्ति फेज-5 के तत्वाधान में महिला स्वावलम्बन एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान जी ने सभी को राष्ट्रीय पर्व की महत्ता बताते हुये गांधी जी एवं शास्त्री जी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सभी को नशे से दूर रहने के प्रति कृत संकल्प होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अल्पना सिंह, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी के साथ ही छात्राऐं भी उपस्थित रही।

आरएसएम महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर रश्मि एस. रावल ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनय दुआ ने किया। कार्यक्रम में डॉ. एसएस कटियार, डॉ. ओपी मौर्य, डॉ. राजेश कटियार, डॉ. भारती चौहान, डॉ. मदनपाल सिंह, डॉ.भावना वत्सल डॉ. आकाश, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सुमेधा चौहान, डॉ.आशीष, डॉ. नाजिम, डॉ. चन्द्रकला, अन्नू एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विधायक अशोक राणा, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी ने उठाई झाड़ू

## गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाकर दिया सफाई का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत भाजपा नेताओं ने हाथ में झाड़ू उठाकर सफाई की। इस मौके पर धामपुर के विधायक अशोक राणा और भाजपा जिला अध्यक्ष नगर पालिका के पार्क में सफाई करते दिखाई दिए।

कभी वही झाड़ू केवल सफाई कर्मचारियों के हाथ में दिखाई देती थी, लेकिन मोदी-योगी के राज में अब सत्ता में बैठे बड़े नेता भी जनता के बीच जाकर यह संदेश दे रहे हैं कि स्वच्छता हर किसी की जिम्मेदारी है। नेताओं के इस कदम को देखकर आम लोग भी दंग रह गए। लोग पूछ रहे हैं कि जहां आम आदमी झाड़ू लगाने में हिचकिचाता था। वहीं विधायक और जिला अध्यक्ष हाथ में झाड़ू लेकर



मैदान में उतर गए, लेकिन राजनीति और व्यवस्था की गंदगी कब साफ होगी?

विधायक और जिला अध्यक्ष के साथ अन्य वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी भी सफाई अभियान में जुटे। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि यह कदम जनता को जागरूक करने के साथ-साथ नेताओं के 'सामाजिक संदेश' के इरादे को भी दर्शाता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि गांधी जयंती पर नेताओं द्वारा यह पहल सिर्फ एक फोटो ऑपरेशन नहीं, बल्कि एक तरह का राजनीतिक संदेश भी है, जो जनता के मन में सवाल पैदा करता है- क्या सिर्फ झाड़ू पकड़ना दिखाकर सामाजिक जिम्मेदारी पूरी हो जाएगी या असली बदलाव की शुरुआत भी होगी?

इस अवसर पर पार्क में मौजूद लोग नेताओं के इस कदम की सराहना भी कर रहे थे, लेकिन कुछ ने कहा कि यह कदम केवल कैमरे के लिए है, असल राजनीति और व्यवस्था की गंदगी अब भी ज्यों की त्यों है।

साफ-साफ कहा जाए तो, गांधी जयंती पर भाजपा नेताओं का यह सफाई अभियान एक इमोशनल और राजनीतिक कटाक्ष बन गया है, जो जनता को सोचने पर मजबूर कर रहा है कि बदलाव सिर्फ झाड़ू लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष राजू गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष राघव शरण गोयल, प्रमोद राठी, सभासद पुरुषोत्तम अगवाल, नागेश्वर दयाल गहलोत, अनिल शर्मा, दीपक अग्रवाल, सोनू वाल्मीकि सहित पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

## श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज में रामलीला मंचन



**धामपुर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के साथ साथ विजयदशमी बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह एवं कालेज की प्राचार्या डा. ममता सिंह के द्वारा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण व फूल अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने गांधी जी के जीवन, उनके सत्य और अहिंसा के संदेश पर भाषण, निबंध और कविता प्रस्तुत की। कुछ विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान और गांधी जी के आदर्शों पर नाटक प्रस्तुत एवं रामलीला मंचन करके सबका मन मोह लिया। कॉलेज के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि विजयदशमी सत्य की असत्य पर और अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है। इस पर्व से हमें यह सीख मिलती है कि जीवन में कभी भी अहंकार, लोभ और अन्याय का मार्ग नहीं अपनाना चाहिए। प्राचार्य ने कहा कि गांधी जी ने भारत की स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपना कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सभी अध्यापक गण और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## महिलाओं को सुरक्षा व साइबर अपराध से बचाव के टिप्स दिए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत राजा की कोठी में हुई गोष्ठी में उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा व साइबर अपराध से बचाव के टिप्स दिए गए।

कस्बे के मौहल्ला बाजार स्थित राजा की कोठी में हुई मिशन शक्ति की गोष्ठी में थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह, महिला पुलिसकर्मी अंजू रानी एवं प्रियंका ने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा व साइबर अपराधों से बचने के तरीके बताते हुए साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के उपयोग, नारी सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

थाने की एंटी रोमियो टीम ने कस्बे में भ्रमण भी किया और बाजार में महिलाओं को मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी।

# महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर विशेष जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** पैजनियां आदर्श रामलीला मैदान में मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह, उपनिरीक्षक अन्नू कुमारी, हेड कांस्टेबल सुधारानी और उपनिरीक्षक राजपाल सिंह ने महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं ने



पुलिस प्रशासन की इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि इससे उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक होने में काफी मदद मिलेगी। मिशन शक्ति के तहत इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करना एक सराहनीय प्रयास है, जिससे न केवल महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास की भावना बढ़ेगी, बल्कि सुरक्षा का एहसास भी होगा।

इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं में न केवल सुरक्षा का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि आत्मनिर्भरता की भावना भी प्रबल होगी। पुलिस प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा करते हुए लोगों ने एक स्वर में कहा कि इससे समाज में महिलाओं की स्थिति और भी मजबूत होगी।

# स्कूल-कॉलेजों व कार्यालयों में मनाई जयंती

## छात्र-छात्राओं से गांधी व शास्त्री के आदर्शों पर चलने का आह्वान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** गांधी जयंती पर स्कूलों, कालेजों सहित सरकारी दफ्तरों में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके चरित्र पर प्रकाश डालते हुए झण्डा फहराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने झण्डा फहराते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विद्यालय प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने गांधी जी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका जन्म 2 अक्टूबर 1869 में पोरबंदर में हुआ था। देश को आजाद कराने में उनको काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वह भी महात्मा गांधी के बताये गये रास्ते पर चले।

इस मौके पर कैलाश चन्द्र, विजयपाल सिंह, मौहम्मद नफीस अंसारी, शकील अहमद, अरशद हुसैन खां, रईस अहमद, आलम अंसारी, रिजवान अहमद, सुरेन्द्र पाल, रिहान अहमद, मौहम्मद शहजाद, अबरार अहमद, सुशील कुमार सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। नगर के दक्ष आदर्श वैदिक इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य विनीत कुमार त्यागी व विजय वर्मा आदि ने दोनों के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

वहीं नगर पालिका सहित शेरकोट मुस्लिम फण्ड कन्या इन्टर कालेज की प्रधानाचार्य नूर अफसा ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके चरित्र पर प्रकाश डाला।

## एक नजर

### महात्मा गांधी की जयंती मनाई



**बुढ़नपुर।** एनएस इन्टरनेशनल स्कूल सदाफल दशहरा पर्व, महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रिंसिपल रूचि सिंह ने असत्य पर सत्य की जीत- दशहरा के पर्व के महत्व को समझाया एवं महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके बताये गये पथ पर चलने के लिये प्रेरित किया। मैनेजर निखिल कुमार व चेयरमैन पवन सिंह ने सभी को बधाई दी और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रोग्राम में भाग लेने के लिये प्रेरित किया।

### प्रगितशील गन्ना किसानों की गोष्ठी



**अफजलगढ़।** द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड यूनिट बहादरपुर के सभागार में चीनी मिल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के 70 प्रगतिशील गन्ना कृषकों की एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में कृषकों को शरद काल में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में नवीनतम स्वीकृत एवं उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुआई करने हेतु अपील की गई। कृषकों को शरद काल में ट्रेंच विधि से गन्ने की बुआई एवं गन्ने के साथ साथ एक सहफसल (जैसे आलू, मूली, धनिया, अदरक, गोभी, लहसुन, चुकंदर, हरी मटर, चना, मसूर आदि) की बोआई से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। उपस्थित कृषकों को गोष्ठी संपन्न हो जाने के बाद चीनी मिल फार्म पर ट्रेंच विधि से बोए गए को.लख. 14201, को.लख. 16202 एवं को. 0118 गन्ने की शरदकालीन, बसंतकाल. ीन एवं पेड़ी गन्ने की खड़ी फसल का भ्रमण भी करवाया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन से कृषकों में उत्साह एवं शरद काल में गन्ना बुवाई हेतु मोटिवेशन स्पष्ट दिखाई दे रहा था।

### गांधी जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम




**बुढ़नपुर।** कामिल वेलफेयर सोसाइटी के कैंप कार्यालय पर महात्मा गांधी की 156 वीं जयंती का उत्सव मनाया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष द्वारा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने गांधी जी के जीवन में विचार पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समिति के अध्यक्ष डा. साजिद ने अहिंसा का महत्व और स्वच्छ भारत का सपना विषयों पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि गांधी जी के सिद्धांत आज भी समझ में शांति ,एकता और प्रगति के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष डा. साजिद, कामिल, वसीम, अजीत सिंह, शादाब, माजिद, फैयाजूद्दीन, ऋषिपाल सिंह, नफीस, गौरव, कुसुम देवी आदि मौजूद रहे।

### स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन



**नहटौर।** नहटौर खंड के पप्सरा मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में संघ अपना शताब्दी उत्सव मना रहा है। विजयदशमी के दिन सन् 1925 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सागर सिंह ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रचारक प्रवीण ने सभी स्वयंसेवकों को विजयदशमी उत्सव और संघ के निर्माण के बारे में और कार्यकर्ता निर्माण के बारे में उद्‌बोधन दिया। उन्होंने दशहरा का महत्व बताते हुए अपने अंदर की बुराई को नष्ट करने के लिए सभी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर खंड सह कार्यवाह विनेश कुमार, खंड संपर्क प्रमुख प्रदीप, खंड सह संपर्क प्रमुख मास्टर बालेश्वर, खंड बौद्धिक प्रमुख नेपाल, जिला बौद्धिक प्रमुख हेमेंद्र तथा पूर्व ब्लाक प्रमुख नवनिहाल आदि सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## एक नजर

### मिशन शक्ति टीम ने किया जागरूक



**रायपुर सादात।** ग्राम सरफुद्दीन नगर में महिला सुरक्षा व घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी। मिशन शक्ति कार्यक्रम में मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। महिलाओं के साथ मारपीट व लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया तथा एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया। मिशन शक्ति टीम में उप निरीक्षक दीपक कुमार, आरक्षी आशीष धामा, आरक्षी राजू सागर, आरक्षी वसीम व महिला आरक्षी विशाखा व सरिता मौजूद रहे।

### मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन



**नांगल सोती।** स्थानीय उत्तम शुगर मिल बरकतपुर में मंदिर निर्माण के लिए पंडित रामानंद ब्रह्मचारी और पंडित रामस्नेह ब्रह्मचारी ने मुख्य यजमान और संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह से मंत्रोच्चार व पूजा अर्चना करके भूमि पूजन कराया। अधिशासी निदेशक शंकर लाल शर्मा, नम्रता पांडे, आसवानी उपाध्यक्ष जेपी त्रिपाठी से कलश स्थापित करके शिलान्यास कराया। शिलान्यास के बाद संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने कन्याओं के पैर धोकर उन्हें चना, पूरी हलवे का भोग लगाया। इस मौके पर अतुल कुमार, अनिल कुमार, अजय शर्मा, अखिलेश गुप्ता, कुलदीप सिंह, चांदवीर सिंह, प्रखर अग्रवाल, डॉ. यशवीर सिंह, विनीत कुमार आदि मिल के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

### राम का विलाप देख दर्शक हुए भावुक



नांगल सोती। बीती रात नांगल सोती की रामलीला में लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन किया गया। यहां मेघनाथ ने शक्ति बाण चलाकर लक्ष्मण को मूर्छित कर दिया। जिससे रामादल में शोक व्याप्त हो गया और लंका में खुशी की लहर व्याप्त हो गई। विभीषण ने बताया कि लंका का राजवैद्य लक्ष्मण के प्राण बचा सकता है। उसके बाद हनुमान जी वैद्य को उठाकर रामादल में ले आते है। सुषेण वैध ने बताया कि अगर सूरज उगने से पहले हिमालय से संजीवनी बूटी आ जाए तो लक्ष्मण के प्राण बच सकते है, जिसके बाद हनुमान जी बूटी लाने के लिए प्रस्थान कर जाते है। लेकिन रावण के गुप्तचर इसकी जानकारी रावण को देते है। रावण हनुमान के मार्ग में बाधा डालने के लिए कालनेमी को भेज देता है, लेकिन हनुमान सभी बाधाओं को पार करके संजीवनी बूटी लेकर रामादल पहुंच जाते हैं। बूटी से लक्ष्मण के प्राण बच जाते है, जिससे रामादल में खुशी की लहर दौड़ जाती है और चारों ओर जय श्रीराम के नारे गूंज जाते है।

### शहीदी पर्व धूमधाम से मनाया



**अफजलगढ़।** गुरु तेग बहादुर का शहीदी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा पेबंद खेड़ी में दो दिवसीय रूहानियत समागम आयोजित किया गया। गुरु तेग बहादुर की 350 वी शहीदी को समर्पित पंजाब से आए कथावाचक जाने मनदीप सिंह मरीद और ढाड़ी जत्था ने शहीदी पर प्रकाश डालते हुए संगत को इतिहास से रूबरू करवाया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सतनाम सिंह, सेक्रेटरी रजविंदर सिंह, बाबा दलबीर सिंह फौजी कर सेवा वाले, गन्ना समिति के अध्यक्ष मलकीत सिंह, ग्रंथी सभा के अध्यक्ष बाबा प्रगट सिंह, बाबा परविंदर सिंह,पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह, बाबा रशपाल सिंह, ज्ञान सिंह,अजमेर सिंह, महेंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरमुख सिंह आदि उपस्थित रहे।

### शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत



**हल्दौर।** नगर के बड़ा शिव मंदिर पर मां दुर्गा प्रभात मैमोरियल युवा कमेटी के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में मां दुर्गा, मां गंगा, माता सरस्वती, लड्डू गोपाल, नरसिंह भगवान, अहिल्या उद्धार, तिरुपति बालाजी, मां गंगा अवतरण, राजा हरिश्चंद्र, सीता जन्म, पंचमुखी हनुमान, राम दरबार और महिषासुर वध जैसी मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा का शुभारंभ पालिका चेयरपर्सन विमला देवी एवं उनके पति समाजसेवी दीपक सैनी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष चिराग रस्तोगी, संयोजक आलोक रस्तोगी, प्रमोद कुमार भोले, सुधीश रस्तोगी, राजीव चौहान, राजीव चंद्रा, शिवम शर्मा, संजय सैनी, अमित वर्मा, प्रांजल चौहान, रवि कुमार, डॉ. श्रीकांत वर्मा, पुनीत शर्मा, चरण सैनी, आकाश चंद्रा, आकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### शिक्षा के बिना तरक्की संभव नहीं : अकरम

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन तेली की एक बैठक देर शाम बिजनौर में चांदपुर की चुंगी पर आयोजित की गई। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हकीम मौहम्मद अकरम तेली ने कहा कि जब तक हम संगठित व शिक्षित नहीं होंगे, तब तक समाज की तरक्की नहीं हो सकती। अपने विचार रखते हुए सरवर मलिक बिजनौर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही बिजनौर नगर की कमेटी बनाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव फुरकान अहमद मंडावर एवं संचालन शमीम अहमद बुखारा ने किया।

# धूं-धूं कर जला रावण का पुतला

## राम और रावण का युद्ध देख रोमांचित हुए दर्शक, जय श्रीराम के उदघोष हुआ गुंजायमान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** असत्य पर सत्य की विजय दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। राम और रावण का युद्ध देख रोंमांचित हुए दर्शको के नारों से कुरूक्षेत्र का मैदान जयश्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो गया।

गुरूवार को कुरूक्षेत्र मैदान सुबह से ही खचाखच भर चुका था। विजय दशमी पर्व पर राम रावण युद्ध देखने के लोगों के सामने रामलीला के कलाकार मंचन के लिए आते ही पूरा मैदान दर्शकों के जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान होने लगा। राम रावण को मृत्यू लोक पहुंचाने के लिए बाणों की बौछार करते हैं। एक के बाद एक छोड़े जा रहे वाण बेअसर होते रहे। ईश्वरीय शक्तियों से परीपूर्ण वाण छोड़ने के बाद लम्बे समय तक भी रावण को मृत्यू प्राप्त नही हुई। इतना देख रावण का भाई विभीषण युद्ध भूमि पर पहुंचे और भगवान राम को रावण की नाभि में जान होने की जानकारी देकर रावण की नाभि पर वार करने को कहते हैं। रावण की मृत्यू की जानकारी मिलने से प्रफुल्लित भगवान राम ने तरकश से तीर निकाला और रावण की नाभि की ओर निशाना साधा। मर्यादा पुरूषोत्तम के तरकश से निकला तीर सीधा रावण की नाभि में धंस गया। देवताओं को भी हिलाकर रखने वाला घमंडी रावण मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के तीर से धाराशायी हो गया। रावण का संहार देख रोमांचित हो रहे दर्शेकों से खचाखच भरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। उधर विद्वान रावण के मृत्यु शैय्या पर पहुंचते ही भगवान राम भाई लक्ष्मण को रावण के पास सीख लेने भेजते हैं। मृत्यू शैया पर पड़े रावण ने लक्ष्मण को ज्ञान दिया। विद्वान से ज्ञान लेकर लौटते ही रावण की सांसे थम जाती हैं। तत्पश्चात जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक के के विशनोई तीर से पुतले पर अग्निवाण से वार करते ही रावण और मेघनाद का पुतला धूँ-ध ूँ कर जलने लगा। वैसे ही मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के गगनभेदी जयघोष गूंजने लगे, जबकि रंग बिरंगी आतिशबाजी की छटा ने आसमान को ढांक लिया। जिसका दर्शकों ने भरपूर आनन्द लिया। दशहरा पर्व पर लगे मेले में स्थानीय एवं ग्रामीण अंचलों से आए मेलार्थियों जिनमें महिला, बच्चों, युवतियों की भारी संख्या रही। मेले में आने वालों ने दुकानों एवं विभिन्न प्रकार के स्टालों से तरह-तरह के सामान की खरीददारी की, वही यहां लगे झूलों का भी जमकर आनन्द लिया। मेले में चाट-पकोड़ी, मिठाईयों की दुकानों पर खरीददारी को भारी तादाद रही। इसके अलावा महिला एवं युवतियों ने श्रृंगार आदि के सामान की भी बड़ी मात्रा में खरीददारी की। इस अवसर पर श्रीरामलीला कमेटी की ओर से राम और रावण युद्ध के मंचन को विशेष प्रबंध किए। उधर मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासनिक अफसर मेले में भ्रमण कर व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे। जबकि रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल एड., प्रबंधक वैभव गुप्ता के अलावा राजेश सिंहल, कमल कांत तिवारी, सुधीर कुमार गर्ग, अजय कुमार शर्मा,कपिल सिंहल, आदि मौजूद रहे।

# चुस्त दुरुस्त रही पुलिस की व्यवस्था


शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दशहरा पर्व पर आने वाली सैकड़ों की भीड़ को नियंत्रित करने एवं मेले को शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने की कमान पुलिस प्रशासन के आला अफसरों ने संभाले रखी। उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधि कारी आलोक कुमार भाटी ने मेला आयोजन से पूर्व बनाई रणनीति के तहत व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखा। जबकि कोतवाली प्रभारी गजेन्द्र सिंह अधीनस्थों संग भ्रमण कर जायजा लेते रहे। मेले में जगह-जगह तैनात पुलिस व जवानों को चारों ओर मार्गो पर तैनात किया गया। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने खूब पसीना बहाया। मेला स्थल पर आने वाले लोगों को असुविधाओं का सामना न करना पड़े। इसके लिए सम्भल-मुरादाबाद, चंदौसी एवं बहजोई आने जाने वाले वाहनों को भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से दूर रोकने की व्यवस्था की गई। चंदौसी सम्भल मार्ग तो शाम को करीब करीब पूरी तरह बंद ही रहा। मेला पूरी तरह से शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## बसंपुर डांडा में निकाला पथ संचलन


शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रजपुरा की बसन्तपुर डांडा न्याय-पंचायत के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने आरएसएस की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विजयादशमी उत्सव मनाया तथा पथ संचलन निकाला। न्याय पंचायत के विभिन्न गाँव से आये स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में सर्वप्रथम श्री रामगिरि बाबा मढ़ी पर एकत्रित हुए।



सम्भल-हजरत नगर गढ़ी में बुराई का प्रतीक जलता रावण का पुतला।





असमोली-ग्राम रांया बुजुर्ग में सरकारी जमीन पर बने मेरिज हॉल व मदरसे के ध्वस्तीकरण के दौरान जमा पुलिस के जवान एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करता बुलडोजर जस्टिस

फोटो शाह टाइम्स

## एक नज़र इधर भी

### दशहरा पर्व पर घरो में हुआ पूजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दशहरा पर्व पर घरों में पूजन हुआ। इस दिन को आयुध पूजा के नाम से भी जाना जाता है। घरों में लोगों ने पूजन किया। नगर के छोटे मन्दिर में पण्डित ब्रजेश शास्त्री ने बताया कि इस त्योहार को लेकर हिंदू धर्म ग्रंथों में कई कथाएं वर्णित हैं। इस दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था। वहीं एक अन्य मान्यता है कि मां दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का अंत किया था। यह पर्व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। दशहरा का दिन हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ माना गया है, लेकिन इस दिन के शाम के समय को सबसे ज्यादा शुभ माना जाता है। दशहरा के शाम के समय को विजय काल कहा जाता है। विजयकाल को सफलता का समय माना गया है। विजय काल में कार्यों को करने विजय प्राप्त होती है। दशहरा के दिन किसी भी नए काम की शुरुआत व खरीदारी करना अत्यंत शुभ माना गया है।



सम्भल- हिंदूपुरा खेड़ा पर नवनिर्मित पुलिस चौकी का बालिका से फीता कटवाते

### बालिका ने फीता काटकर किया पुलिस चौकी का उद्घाटन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सुरक्षा व कानून व्यवस्था को ओर सुदृढ़ बनाने नखासा थाना क्षेत्र के हिंदूपुरा खेड़ा स्थित नवनिर्मित पुलिस चौकी का जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए तथा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत बालिका कु.आयशा के साथ फीता काट कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह एवं उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द तथा क्षेत्राधाकारी असमोली कुलदीप कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डा. मणिभूषण तिवारी आदि मौजूद रहे।

### डीएम-एसपी ने रोगियों को किए फल वितरित

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय सम्भल का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रोगियों को फल वितरित किये एवं उनसे वार्ता की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेन्द्र सैनी आदि मौजूद रहे।

### रामपुर के अवनीश, चन्दौसी के सुमित ने जीती रेस

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** तहसील क्षेत्र के नारंगपुर गांव में गुरुवार को दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधाान पति द्वारा फीता काटकर किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।नारंगपुर गांव में अलग-अलग वर्गों में आयोजित की गई दौड़ प्रतियोगिता में संभल जनपद के अलावा मुरादाबाद, बुलंदशहर, रामपुर जनपद के युवाओं ने भी प्रतिभाग किया। जिसमें 800 तथा 1600 मीटर की अलग-अलग दौड़ आयोजित की गई। जिसमें 1600 मीटर की दौड़ में रामपुर से अवनीश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 800 मीटर की दौड़ में चंदौसी निवासी सुमित कुमार ने पहला स्थान पाया। सभी विजेताओं को भाजपा के कैला देवी मंडल अध्यक्ष जुगल किशोर यादव ने सम्मानित किया।

### महिलाओं को किया अधिकारों के प्रति जागरूक

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के मुजाहिद पुर गांव में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला उप निरीक्षक अंचल सिद्धू द्वारा महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होने महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराते हुए सुरक्षा का एहसास दिलाया तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर जानकारी देने के लिए प्रेरित किया।

# सरकारी भूमि पर बने मेरिज हॉल व मदरसे पर गरजा बुलडोजर

- जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक रहे मौजूद
- कार्रवाई से पहले गांव छावनी में तब्दील
- ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी
- तालाब की भूमि पर बने होने के आरोप
- अवैध कब्जे कर निर्माण बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सरकारी भूमि पर बने बारातघर पर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में बुल्डोजर जस्टिस जमकर गरजा। बुल्डोजर कार्रवाई से पूर्व गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया। जबकि तालाब पर मस्जिद को ग्रामीणों ने स्वयं हटाने का आशवासन देकर समय दे दिया गया।

असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम रायां बुजुर्ग में सरकारी भूमि पर मेरिज हॉल ओर मदरसा व मस्जिद का निर्माण करने का आरोप लगाकर राजस्व प्रशासन की ओर से उसे हटाने के लिए तीस दिन का समय दिया जाना बताया जा रहा है। निर्धारित समयावधि बीत जाने पर प्रशासन की ओर से उन्हे स्वयं बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्त कराने का निर्णय लिया। गांव में किसी प्रकार का तनाव अथवा आपात स्थिति से निपटने को गुरूवार की सुबह गांव को पूरी तरह से छावनी बना दिया गया। बॉडी प्रोटेक्टर और हथियारों से लैस पुलिस कर्मी गांव में तैनात कर दिये गए। जबकि जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विशनोई मौके पर पहुंच गए। इससे पूर्व पुलिस- प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को अपने-अपने घरों में रहने को कहा। इसी के साथ कई थानों की पुलिस के अलावा गांव में ड्रौन कैमरों से भी निगरानी की जाने लगी। बुल्डोजर की मदद से बारात घर को ध्वस्त कराया जाने लगा। मदरसे पर भी बुल्डोजर गरजने लगा। इस बीच कांग्रेस से विधानसभा का चुनाव लड़ चुकी निदा अहमद गांव पहुंची और डीएम व एसपी से मस्जिद पर बुल्डोजर कारवाई नहीं करने बल्कि ग्रामीणों संग वार्ता कर स्वयं हटाने के लिए समय देने की मांग की। पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने मस्जिद को स्वयं हटा लेने का समय प्रदान कर दिया। प्रशासन का कहना है कि इन निर्माणों के खिलाफ शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। उच्चाधिकारियों के आदेश पर सुबह से ही राजस्व व पुलिस टीम ने संयुक्त अभियान शुरू किया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखा। मौके पर मौजूद पुलिस अधीक्षक और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून व्यवस्था के साथ समझौता संभव नहीं है। बुल्डोजर जस्टिस की कार्रवाई के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में हलचल तेज हो गई। वहीं प्रशासन ने कहा है कि शांति और सुरक्षा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसी कारण अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# प्रशासन नहीं, तो सपा स्वयं अपने खर्च पर स्थापित कराएगी राष्ट्रपिता बापू की प्रतिमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ ने अपने कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के मौके पर उनकी प्रतिमा पर माल्यापण कर कहा कि समाजवादी पार्टी सम्भल केई वर्षो से सम्भल के किसी भी प्रमुख चौरहे पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग करते चले आ रहे है। लेकिन सम्भल का प्रशासन गांधी जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए दो गज जमीन नही दे पा रहा है। जबकि सम्भल के कई प्रमुख चौरहो पर अन्य महापुरुषों की प्रतिमायें लगी हुई हैं जो कि अच्छी बात है। उन्होने ज्ञापन के माध्यम से फिर प्रदेश सरकार एवं सम्भल प्रशासन से अन्य महापुरुषों की तरह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी बापू की प्रतिमा के लिए शहर के किसी मुख्य चौरहे पर प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने अन्यथा यदि प्रशासन द्वारा इस कार्य में रुचि नही ली गई तो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अपने खर्चे से बापू की प्रतिमा स्थापित कराने की चेतावनी दी। साथ ही कहा कि सम्भल के प्रशासन से केई वर्षो से चली आ रही हमारी इस मांग पर गंभीरता से विचार कर महात्मा गांधी की प्रतिमा जल्द से जल्द स्थापित कराई जाये। इस मौके पर कार्यक्रम में जबर सिंह यादव, रामरहिस यादव, गुलाम मुस्तुफा, फैजान, इमरान, गौरव, नासिर, सलीम, मुस्तकीम, जैद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## हिजामं ने कमेटी सदस्यों को किया सम्मानित

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच ने हनुमान नगर गढ़ी जाकर श्री रामलीला के मंच पर कमेटी के सभी सदस्यों को शील्ड और भगवा वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

हिंदू जागृति मंच के सुबोध कुमार गुप्ता, मीनू रस्तोगी, अंकुश त्यागी, राजेंद्र सिंह गुर्जर, अरुण कुमार अग्रवाल, सुभाष चंद्र मोंगिया, सुभाष चंद्र शर्मा, उमेश सैनी, अरविंद शंकर शुक्ला हनुमान नगर गढ़ी पहुंचे। वहां चल रही श्री रामलीला कमेटी के सभी 15 सदस्यों को शील्ड देकर भगवा पटका धाारण करके प्रतीक चिन्ह के माध्यम से सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि जो भी संगठन, समूह अथवा व्यक्ति समाज राष्ट्र और धर्म का उल्लेखनीय है कि हिजामं द्वारा विगत 25 वर्षों से सम्मानित किया जाता रहा है।

# विजय तीर्थ का पूजन करने से शत्रु का होता है सर्वनाश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच के द्वारा विजय तीर्थ पर पूजा-अर्चना कर विजयी होने का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। मंच के सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर रोली, अक्षत और मिष्ठान से मंत्रोच्चारण कर विधि विधान से पूजन किया। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की, कि हम जीवन के प्रत्येक कार्यों में सफलता प्राप्त करें और विजयी हो।मुख्य यजमान सीमा आर्य द्वारा विधि विधान से पूजन करके सभी को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर 'हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा' कि संभल के 68 तीर्थ और 19 कूपों में विजय तीर्थ का अपना अलग ही महत्व है। यहां पूजन और दर्शन करने से व्यक्ति के शत्रु का सर्वनाश होता है।ऐसा बताया



जाता है कि रावण वध के उपरांत ब्राह्मण हत्या जैसे घोर पाप से बचने के लिए श्रीराम ने लंका में स्थित विजय तीर्थ में स्नान किया ताकि उनके द्वारा हुए पाप से मुक्ति मिल सके। श्री रामलीला कमेटी के अध यक्ष अनंत अग्रवाल ने बताया' श्रीलंका के विजय तीर्थ के जल, मिट्टी और वनस्पति से संभल के विजय तीर्थ का निर्माण हुआ अर्थात संभल स्थित विजय तीर्थ के दर्शन व पूजन का वहीं फल प्राप्त होता है, जो श्रीलंका स्थित विजय तीर्थ से होता है। इस अवसर पर अजय कुमार शर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता, सुमन वर्मा, श्रृषभ श्रीवास्तव, वैभव गुप्ता उज्ज्वल सक्सेना शंकर शर्मा, साहिल गांधी आदि मौजूद रहे।

# शताब्दी वर्ष पर नगर में निकला पथ संचलन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक जिले के संघ के जिला प्रचारक संजीव कुमार ने कहा 1925,को नागपुर के अन्दर विजय दशमी के दिन संगठन की नींव रखी गई थीं जो आज 2025 विजय दशमी के दिन तक बट वृक्ष की तरह पूरे विश्व के अन्दर अपनी अनोखी छवि दर्शा रही हैं। जिसके कारण पूरी दुनिया भारत की ओर अग्रसित है उन्होंने कहा कि संघ पांच पीढ़ियां खपाने के बाद आज संगठन यहां तक पहुंचा हैं यह सब हमारे पूर्वजों एवं संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपना जीवन समर्पित किया हैं जिससे हिन्दू समाज को संगठित करने के लिए संगठन को लगातार गति देते रहे है। यह उनका और कार्यकर्ताओं का परिश्रम हैं उन्होंने समाज से पंच परिवर्तन का आहवान किया है।इस दौरान पथ संचलन किया गया। जिसकी शुरूआत शिशु शिक्षा केंद्र विद्यालय से निकल कर विभिन्न मार्गो से होते हुए शिशु शिक्षा केंद्र विद्यालय पर सम्पन्न हुआ। जिसमें सम्भल नगर के संघचालक कमल कौशल वार्ष्णेय नगर खण्ड प्रचारक गगन,राजेश सिंहल आदि मौजूद रहे।

# जनपद भर में याद किए गए महान व्यक्तित्व के धनी बापू व शास्त्री





शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल, सिरसी, बबराला।** आजादी के प्रणेता महात्मा गांधी व सादगी की मिसाल महान व्यक्तित्व से परिपूर्ण देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों व खादी भडारों, शिक्षण संस्थानों पर तिरंगा लहराकर बापू एवं शास्त्री जी को श्रृद्धा सुमने अर्पित किये गए, जबकि दिन भर रघुपति राघव राजाराज सबको ईश्वर अल्लाह तेरो नाम भजन गूंजता रहा।

अहिंसा के पुजारी महान व्यक्तित्व के धनी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं ईमानदारी के लिए आर्दश देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को कृतज्ञ नगर एवं ग्रामीण अंचलों में याद किया और श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। कांग्रेस के चन्दौसी रोड स्थित जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की की अधयक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती का स्मरण कराता है। यह संयोग ही नहीं, अपितु एक दिव्य संदेश है कि सत्य, अहिंसा, सादगी एवं राष्ट्रभक्ति के ये दो प्रतीक एक ही तिथि पर जन्मे। आज की इस गोष्ठी में हम उनके जीवन, संघर्ष, आदर्शों एवं योगदान पर विचार-विमर्श करेंगे, ताकि उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतार सकें। **नगर पालिका परिषद सम्भलः-** कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और सादगी की मिसाल लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने कर्मचारियों क ेसाथ पुष्प अर्पित किए। इस दौरान ई ओ ने बापू और शास्त्री के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। जबकि कर्मचारियों को स्वच्छता ही सेवा के साथ सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलकर सादगी की मिसाल लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेने का आहवान किया। चैयरमेन पति चौधरी मुशीर ने भी कर्मचरियों को सम्बोधित करते हुए देश के दो महान हस्तियों के जीवन से प्रेरण लेने का आहवान किया। इस मौके पर इरशाद अहमद, रमेश चंद, महिपाल सिंह, हरीश कुमार, धमेन्द्र कुमार, आदि मौजूद रहे। **सिरसीः-** नगर पंचायत कार्यालय में गांध ी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का लोकार्पण एवं माल्यार्पण कर नमन किया गया चेयरमैन कौसर अब्बास ने दोनों महापुरुषों के चित्रों का लोकार्पण एवं माल्यार्पण करने के बाद सभासदों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता ही सेवा के साथ ही सत्य अहिंसा व सदमार्ग पर चलते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता हेतु अपना योगदान करने की भी शपथ दिलाई चेयरमैन ने सभी वार्ड सभासदों एवं समस्त स्फाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस मौके पर लिपिक रईस अहमद के अलावा अधिकांश सभासद एवं कर्मचारी मौजूद रहे। **बबरालाः-**नगर पंचायत गुन्नौर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर चेयरमैन खुशबू प्रजापति व अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने सभासदगणो व पंचायत के कर्मचारीगणों के साथ झण्डा फहराया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की। तत्पश्चात सफाई अभियान में अच्छा कार्य करने वाले सफाई मित्रों की सराहना की।इ स दौरान धर्मेन्द्र प्रजापति,महिपाल सिंह,कसीम व सभासद,कर्मचारी रहे। डीएवी इंटर कॉलेज गुन्नौर में प्रबन्धक राजेश यादव ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान शिक्षक रवि शर्मा, अमित यादव,प्रशान्त आदि रहे। उधर बबराला में भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय, सभासद मीना गुप्ता व अन्य ने पुष्पांजलि अर्पित की।वद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में महात्मा गांधाी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रबंधक अतुल गोयल कपिल गोयल, कार्तिक गोयल ने माल्यार्पण किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में गांध ी जी और शास्त्री जी के सम्मुख माल्यार्पण किया गया और तिलक लगाया गया तथा राष्ट्रीय गान गाया गया और महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के नारे लगाए गए। भारत माता की जय से विद्यालय गूंज उठा। विद्यालय की शिक्षिका सोनल शर्मा एवं विनीता अग्रवाल ने गांध ी जी एवं शास्त्री जी के द्वारा देश के लिए उनके द्वारा किये गए योगदान के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने भी महात्मा गांधी और शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक सोनल शर्मा, विनीता अग्रवाल, मीनाक्षी मिनोचा, वर्तिका, श्वेता गुप्ता,रीता, मीनल, मीनाक्षी यादव, नाज, अंजलि, अमित आदि रहे। इसके अलावा नगर के सरकारी कार्यालयों में भी बापू और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर याद किया और उनके बताए माग्र पर चलने का आहवान किया।





सम्भल- नगर पालिका परिषद में बापू व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण करते ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी व सिरसी में पुष्प अर्पित करते चैयरमेन कौसर अब्बास

# बुराई पर अच्छाई की जीत, धूं-धूंकर जला रावण का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर और क्षेत्र में असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयदशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के रामलीला मेला स्थल पर हजारों की संख्या में लोग एकत्र हुए। शाम के समय रामल. ीला मैदान से भगवान श्रीराम की सेना और दूसरी ओर लंका के राजा रावण की सेना ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा के रूप में निकलकर कमलापुरी रोड स्थित दशहरा मेला स्थल पर पहुंची। वहां पर श्रीराम और रावण के की सेना के बीच युद्ध का मंचन किया गया, युद्ध में पराजित होता देख रावण युद्ध के मैदान में उतर आये भगवान श्री राम और रावण के बीच जमकर युद्ध हुआ। लेकिन रावण की हार नहीं हुई। बार-बार श्री राम रावण के शीश को अपने तरकश से गिरा देते। लेकिन रावण का कर फिर वही आ जाता। अंत में राजा रावण के भाई विभीषण द्वारा भगवान श्री राम को बताया कि राजा रावण को अमरता का वरदान मिला है। सिर्फ नाभि में राजा रावण की मौत छपी है सिर्फ अग्निबाण से ही मृत्यु निश्चित अन्यथा रावण को कोई नहीं मार सकता। कई घंटे चले युद्ध केदौरान करीब शाम 6 बजे भगवान श्रीराम विभीषण द्वारा बताए गए अग्नि वाण राजा रावण की नाभि में मरते हैं अग्निबाण लगते ही भगवान श्रीराम ने असत्य और अहंकार के प्रतीक रावण के पुतले पर अग्निबाण चलाया, जो लगते ही रावण का विशालकाय पुतला तेज पटाखों की आवाज के बीच धू-धू कर जल उठा। इस दृश्य को देखकर उपस्थित श्रद्धालु और दर्शक "जय श्रीराम" के जयकारों से गूंज उठे। दशहरा पर्व के अवसर पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में भी परंपरागत तरीके से पूजा-अर्चना



की गई। महिलाओं ने परिवार सहित विधिविधान से दशहरा पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। परंपरा के अनुसार बहनों ने भाइयों के कानों पर 'नौरते' रखे और भाइयों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार बहनों को उपहार भेंट कर उन्हें दशहरे की शुभकामनाएं दीं। पर्व के अवसर पर नगर में सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई थी। प्रशासन और पुलिस बल लगातार मुस्तैद रहे। मेला स्थल पर बच्चों, युवाओं ने जम कर मेले का लुफ्त उठाया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अवनीश शर्मा, कुशल अग्रवाल, दिनेश पुठिया, विशाल पुठिया, पंकज गुप्ता, अनुज शर्मा, रितेश शर्मा, अनुज सक्सेना, संजीव आदि मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर महिला सफाईकर्मियों को मिला सम्मान

**ठाकुरद्वारा।** बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के शुभ अवसर पर विकासखंड ठाकुरद्वारा के सभागार में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छता पखवाड़ा के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला सफाई कर्मियों, पंचायत सहायकों एवं केयरटेकर्स को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख संजना सैनी जी ने की। इस दौरान उन्होंने सम्मानित महिलाओं को फूलमाला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की। साथ ही ब्लॉक प्रमुख संजना सैनी ने बताया कि यह समारोह दो अक्टूबर के दिन की महत्ता को दर्शाता हुआ एक विशेष आयोजन था। इसके माध्यम से गांधी जी एवं शास्त्री जी के सिद्धांतों दृ सादगी, सेवा और दृढ़ संकल्प को जमीनी स्तर पर जीवंत करते हुए दिखाया गया। स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली



महिला कर्मियों के सम्मान से श्स्वच्छ भारतश् के विजन और श्नारी सशक्तिकरणश् के संकल्प को एक साथ मूर्त रूप दिया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल, ब्लॉक प्रमुख पति डाँ, वीर सिंह सैनी,योगेंद्र सिंह सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, रिंकू ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सचिव एवं अन्य विकासखंड स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत विशेष स्वास्थ्य शिविर

**ठाकुरद्वारा।** स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा परिसर में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि शिविर में बहु-विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ओपीडी (चिकित्सा, स्त्री रोग, शिशु रोग), दंत, ईएनटी एवं नेत्र रोग की जांच, एनीमिया एवं किशोर स्वास्थ्य अभियान, रक्त दिवस, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, कैंसर एवं गैर-संचारी रोगों की विशेष जांच, शल्य चिकित्सा शिविर, पूर्ण टीकाकरण हेतु छूटे हुये बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, पोषण एवं आहार संबंधी प्रदर्शनी, टीबी की स्क्रीनिंग एवं आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को नि:शुल्क परामर्श और राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रही योजनाओं के अन्तर्गत लाभ प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद में कुल 336 इकाईयों पर शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें व्यापक स्तर पर मरीजों को लाभान्वित किया गया। शिविरों में 4818 पुरूष एवं 5708 महिलाओं को उपचार प्रदान किया गया, जिसमें एनसीडी स्क्रीनिंग 4631, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण 225, टीबी स्क्रीनिंग 1324 और 1976 महिलाओं की एनीमिया जांच हुई। कैंम में मुख्य रूप से शिल्पी चौधरी चिकित्सा अधीक्षक डॉ जुनेद आलम जनरल सर्जन डॉक्टर शाहीन परवीन महिला चिकित्सा अधिकारी आशु गुप्ता ब्लॉक लेखा प्रबंधक शोएब खान लैब टेक्नीशियन इत्यादि के द्वारा सहयोग किया गया।

## एक नजर

### क्षत्रिय समाज को मजबूत करें, बच्चों को शिक्षित बनाएं: अनित ठाकुर



**मूंढापांडे।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज कारोबार को मजबूती से खड़ाकर बच्चों को शिक्षित बनाए तभी तरक्की होंगी। प्रदेश अध्यक्ष मूंढापांडे पंचायत घर में आयोजित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा में यह बात कही, ठाकुर अनित सिंह जिलाध्यक्ष युवा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मुरादाबाद ने कहा कि समाज को मजबूती खड़ा करने की जरूरत है और युवाओ को कारोबार में आगे आना चाहिए।उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज में आर्थिक लोगों की मदद करे। जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह, अवसर ब्लाक अध्यक्ष राजीव कुमार, जिला अध्यक्ष (युवा) अनित सिंह, अशोक कठेरिया, राजपूत करणी सेना जिलाध्यक्ष अविनाश चौहान, विजय भानुप्रताप सिंह,अजय कुमार सिंह,दुर्गपालसिंह, राज्य पुरस्कार प्राप्त ठाकुर रविंद्र सिंह,सुमित कुमार, डाँ के पी सिंह, चंद्रमोहन सिंह आदि उपस्थित थे।

### अमन चैन की दुआ के साथ अदा किया जाएगा रविवार को चमरौआ में कुल शरीफ



**मूंढापांडे।** चमरौआ गांव में सय्यद आले रसूल हबीब मियां के मजार पर 33 वें सालाना उर्स की रस्म कुल शरीफ रविवार को सुबह दस बजे अदा की जाएगी, उसके बाद देश में अमन चौन के लिए दुआ कराई जाएगी, कुल शरीफ में जिले भर से जायरीन आते हैं, रविवार को सालाना उर्स की सबसे बड़ी और अहम रस्म महफिल खाने में अदा कराई जाएगी,सलाना उर्स चमरौआ गांव में एक सप्ताह रहता है उसके बाद कुल शरीफ होने पर समाप्त कर दिया जाता है, यूनुस अली,मोहब्बे अली, शकील अहमद,नब्बू अहमद, बड़े अली,नियामत अली,लाईक अहमद, मोहम्मद आजम, मोहम्मद बली, मोहम्मद खादिम, इरफान अली सहित अकीदतमंद मौजूद रहें।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री की मनाई जयंती



**मुरादाबाद।** हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज मे गाँधी जयंती एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज की एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन, प्रधानाचार्य नोमान जलील एवं प्रवक्ता श्री मसरूर हसन ने दोनों महापुरषो के जीवन पर विस्तार से बताया, छात्रों ने भी राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी तथा भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों पर चलने का छात्रों से आवाहन किया। रश्मिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के फोटो पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की,तथा उनके आदर्शो सत्य, अहिंसा एवं सहनशीलता पर चलने का आह्वान किया गया इस अवसर पर कॉलेज स्टॉफ मौजूद रहा।

### स्टेटस पर लगाया मुख्यमंत्री का एडिट किया आपत्ति जनक फोटो, पुलिस ने दो पर दर्ज किया मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सतारन में व्हाट्सएप व इंस्टाग्राम स्टेटस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो को एडिट करके स्टेटस पर लगा दिया। जिससे गांव में रोष का माहौल पैदा हो गया। इस मामले को लेकर पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर के बाद दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

गांव के किशनपाल पुत्र जगदीश ने मुकदमा दर्ज कराया कि सतारन गांव के रहने वाले रिहान पुत्र नासिर, फैजान पुत्र डंपी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो को एडिट करके आपत्तिजनक बनाकर इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप स्टेटस पर लगा दिया। जिस हिंदू धर्म की भावनाएं आहत हुई और समाज में घृणा का माहौल पैदा हो गया। इस मामले को लेकर तुरंत कार्यवाही करते हुए पुलिस ने रिहान और फैजान पर मुकदमा दर्ज किया है।

## गांधी-शास्त्री के आदर्शों पर चलने का किया आह्वान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए।महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला और उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। मानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी ने कहा कि हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्श पर चलना चाहिए। इस अवसर पर जिगरी मलिक,लालू परवेज,साजिद नबी,दाउद अंसारी,डॉक्टर आसिम खान,अकरम अंसारी,हाजी राशिद अंसारी मौ असलम मसरूरहसन मौ सरताज,शरीफ अहमद,असफाक अंसारी,फिरोज अहमद,फहीम अंसारी आदि मौजूद रहे।संचालन महानगर महासचिव गजेन्द्र सिंह यादव व अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष इकब्बाल हुसैन अंसारी ने की।

## छजलैट थाना क्षेत्र के भीकनपुर में महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छजलैट।** थाना छजलैट पुलिस मिशन शक्ति टीम के द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत ग्राम भीकनपुर में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं को न केवल सुरक्षा संबंधी जानक. ारी दी गई, बल्कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम में मौजूद महिला पुलिस टीम ने महिलाओं को विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।इसके साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में



उपस्थित महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्डलाइन 1098 तथा साइबर क्राइम 1930 प्रमुख रहे।इस मौके पर महिला पुलिस ने साइबर अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी भी साझा की। मोबाइल व सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के चलते आमजन को जागरूक करना आवश्यक बताया गया। महिलाओं को पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया, ताकि वह आवश्यकता पड़ने पर तुरंत इन सेवाओं का लाभ उठा सकें।

थाना छजलैट पुलिस का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और जागरूक बनाना है। ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों तक भी सुरक्षा व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंच सके।

## महापुरुषों की जयंती पर पुलिस ने किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना मैनाठेर में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी किरनपाल के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया, कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों ने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही और संकल्प लिया कि वे हमेशा कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, सादगी और अहिंसा के मार्ग पर चलेंगे, इस दौरान थाना परिसर में सभी कर्मचारियों ने एक साथ शपथ ग्रहण की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे और समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे, थाना प्रभारी किरनपाल ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को स्वतंत्र कराया, वहीं शास्त्री जी ने अपनी सादगी, ईमानदारी और ष्जय जवान, जय किसानष के नारे से देश को एक नई दिशा दी।

आज भी उनके विचार समाज और राष्ट्र को ऊर्जा प्रदान करते हैं, इस मौके पर थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि महापुरुषों की जयंती केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन और कार्य में उतारने का अवसर है।

## तेज रफ्तार का कहर, डम्पर खड़े ट्रक से टकराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** मैनाठेर सम्भल-मुरादाबाद रोड पर बृहस्पतिवार दोपहर ललबारे के अड्डे के पास बड़ा हादसा होते-होते टल गया, बताया जा रहा है कि संभल से मुरादाबाद की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार डम्पर की ओवरटेक करने के दौरान सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ंत हो गयी, टक्कर इतनी भीषण थी कि डम्पर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद कुछ ही देर में मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जुट गई। गनीमत रही हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, केवल डम्पर चालक को मामूली चोट आई है, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर यातायात सुचारु कराया। अचानक हुई इस दुर्घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नशा मुक्ति और कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** क्रिप्टन पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशा मुक्ति और कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की और महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में नशा मुक्ति और कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

मनोज कुमार, मद्यनिषेध अधिकारी ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. भास्कर अग्रवाल, जिला कुष्ठ परामर्शदाता ने कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी और इसके शीघ्र निदान



के महत्व पर जोर दिया। छात्रों ने पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया और नशा मुक्ति और कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता के संदेश को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेल विभाग ने भी दौड़ का आयोजन किया जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। छात्रों को उनकी प्रतिभागिता और रचनात्मकता के लिए पुरस्कृत किया गया।महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम ने नशा मुक्ति और कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों और कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी और उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सबसे प्रभावशाली क्षण तब आया जब पूरा विद्यालय समुदाय ने एक साथ नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसी मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। साथ ही कुष्ठ रोगी के साथ भेदभाव न करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम ने युवाओं के लिए एक सशक्त संदेश छोड़ा:

एक स्वस्थ समाज की शुरुआत नशामुक्ति से होती है।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र संदीप भटनागर उर्फ शुभम भटनागर को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पूरे परिवार सहित संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में संदीप भटनागर उर्फ शुभम भटनागर के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का उक्त संदीप भटनागर उर्फ शुभम भटनागर से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**रविदत्त भटनागर पुत्र जगदीश प्रसाद भटनागर निवासी गोविन्द नगर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## गांधी व शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी में आज 2 अक्टूबर 2025 को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुरादाबाद के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता एडवोकेट ने की, जबकि प्रभारी जनपद न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी और लाल बहाद. ुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने दोनों महापुरुषों के भारत की आजादी में योगदान और उनके सिद्धांतों पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रभारी जनपद न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी के व्यक्तित्व से स्वावलंबन और आत्म-संयम की प्रेरणा मिलती है, जबकि लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से सच्चाई, ईमानदारी



और कर्तव्यनिष्ठा का सबक मिलता है। प्रभारी जनपद न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार ने आगे कहा कि बार और बेंच दोनों एक दूसरे के पूरक हैं और उनका संबंध हमेशा मधुर और आत्मीय होना चाहिए। उन्होंने कहा, ष्अगर बेंच चांद है तो बार सूरज है। इस बयान से यह स्पष्ट होता है कि दोनों के बीच एक दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना होनी चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने कहा कि मुरादाबाद और उनके समाज के लिए यह फक्र की बात है कि लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से जुड़े प्रोफेसर रामशरण मुरादाबाद के ही रहने वाले थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी अपने जीवन काल में कई बार मुरादाबाद आए और मुरादाबाद के कई स्वतंत्रता सेनानी गांधी जी से प्रभावित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्ण कुमार द्वितीय, बार के पूर्व अध्यक्ष प्रभात गोयल, आदेश श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, अभिषेक भटनागर, राकेश कुमार जौहरी, वरिष्ठ अधिवक्ता महेश चंद्र त्यागी, गिरीश चंद्र जैकवाल, अजय बंसल समेत कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

सम्पादक
एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत शिवनगर**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 30.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत शिवनगर में पंचम राज्य वित्त आयोग/ पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 10.10.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मस्जिद से इल्यिास के मकान तक नाली सीसी+ टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, बजरफुट, सीसी टाईल्स आदि। | 248930/- | 4978/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-शिवनगर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सालारपुर**
**विकास खण्ड-डिलारी (मुरादाबाद)।**

पत्रांक मीमो/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/निविदा/विज्ञापन/2025-26 दि0: 02.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत सालारपुर में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजना अर्न्तगत निम्नलिखित निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सील. बंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.10.2025 की दोपहर 12.00 बजे आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन 3.00 बजे निविदाएं खोली जाएगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्राक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएसएसी/बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी, जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2 प्रतिशत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आबिद के घर से यामीन के घर तक नाली, मिट्टी सीसी टाईल्स कार्य (मनरेगा द्वारा) | सीमेंट, रेता, बजरफुट, ईंट, बजरी, कंकरीट, सीसी टाईल्स आदि। | 149331.59 | 2987/- | 500/- | 2 माह |
| 2 | शनि के घर से राकेश के घर तक नाली मिट्टी, सीसी टाईल्स व सड़क निर्माण कार्य। | ,, | 195270.00 | 3906/- | 500/- | 4 माह |
| 3 | मनमोहन के घर से आनन्द के घेर तक नाली मिट्टी, सीसी टाईल्स सड़क निर्माण कार्य। | ,, | 359729.00 | 7195/- | 500/- | 4 माह |

**मुख्य शर्तें:-**
1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। 3. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा। सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होंगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सालारपुर**
**विकास खण्ड डिलारी, मुरादाबाद**

# 95 लाख की ऑनलाइन ठगी के मामले में एक नाइजीरियन सहित दो महिलाएं गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** शादी. कॉम के जरिये लोगों को फंसाकर व फर्जी कस्टम अधिकारी बनकर मनी लाडिंग के केस में फंसाने की धमकी देकर साईबर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुये थाना साईबर क्राईम पुलिस ने तीन अन्तरराष्ट्रीय साईबर ठगों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तीन पीओएस मशीन, 10 मोबा. इल, 16 एटीएम कार्ड, 17 चौक बुक,तीन बैंक पास बुक, 12 आधार कार्ड,8 पैन कार्ड 5 सिम कार्ड, 5 मेट्रो कार्ड और 47 हजार 770 रूपये की नगदी बरामद की है। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने रिजर्व पुलिस लाइंस में प्रेस वार्ता कर साइबर धोखाधड़ी की घटना का खुलासा किया है।बताते चलें कि साइबर क्राइम थाना मुरादाबाद में 31 अगस्त को एक धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें एक महिला ने बताया था किॉें. कप.बवउ में उसने एक आईडी बनाई थी, उसकी आईडी पर एक आरव सिंह नाम के व्यक्ति ने फोन किया और अपनी शादी के बारे में उससे बात की, उसने अपने आप को एनआरआई बताया और शादी की बात को आगे बढ़ाया और फिर उसने बताया कि एक पार्सल हम आपको भेज रहे हैं उसमें कीमती सामान है, जब वह पार्सल यहां आता है तो यहां से एक फोन जाता है कि पार्सल में कीमती सामान है, पैसे देकर छुडा लीजिए इसके बाद पीड़ित महिला पहले पैसे देती है।उसके बाद मनी लांड्रिंग के केस में फसाने के लिए फर्जी कस्टमर अधिकारी बनकर एक महिला ठग उससे बात करती है। इस तरह से 95 लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी महिला के साथ हो जाती है। इस मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस मणिपुर की रहने वाली एक महिला और दिल्ली के एक युवक को पहले ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज चुकी है। अब इस मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने तीन और आरो. पियों मूल रूप से नाइजीरिया के निवासी चिन्वेओके एनमैनुएल कानु,संगीता निवासी ग्राम निठारी नोएडा गौतमबुद्धनगर, मूल निवासी-नेपाल, ममता निवासी द्वारका दिल्ली, मूल निवासी नेपाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी चिन्वेओके ने पुलिस को बताया कि उसके द्वारा ही ींकप.बवउ पर विभिन्न डाक्टरों के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर अपलोड किया जाता था, जिस पर पूरे भारतवर्ष से प्रोफाइल के मैच होने पर कई व्यक्तियों से सम्पर्क हो जाता था, जिस पर उसके द्वारा विदेश से मंहगे गिफ्ट आइटम भेजने का प्रलोभन दिया जाता था। इसके पश्चात टीम के सदस्यों द्वारा कस्टम अधिकारी बनकर डरा धमका कर मोटी रकम वसूली जाती थी, जिसको टीम के सदस्य द्वारा ही तत्काल एटीएम से निकाल लिया जाता था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# धूमधाम से मनाई गांधी जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण के उपरांत उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। उनके साथ लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया। राष्ट्रगान गाया। राम धुन भी गाई। गांधी जी की शिक्षाओं पर अमल करने, स्वच्छता अपनाने का संकल्प लिया गया। नगर पालिका में गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें जेई, स्टाफ, सभासद और लोगों ने भाग लिया। विकासखंड कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख रूपा देवी राजपाल सिंह, खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह, एडीओ पंचायत शकील अहमद एवं स्टाफ ने गांधीजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

स्वच्छता पखवाड़े में अच्छा कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इधर गांधी पार्क में बापू की प्रतिमा के समक्ष नागरिक एकता परिषद के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने उपवास किया। इस दौरान गांधी जी की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलने से ही देश का भला होगा। कार्यक्रम में अशोक सिरोही, हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, राजपाल सिंह यादव, वाजिद हुसैन अंसारी, कपिल राज, जगत नारायण शर्मा, संजय सक्सेना, फरहत अली, प्राची यादव आदि शामिल रहे। तहसील कार्यालय में एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहसीलदार अंकित गिरी, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव एवं स्टाफ ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। ग्राम न्यायालय में न्यायिक अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने उसे पुष्प अर्पित



किए। यहां बार अध्यक्ष विनय कुमार सिंह अधिवक्ता भी शामिल हुए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं चिकित्सा अधीक्षक डा राजपाल सिंह, फार्मासिस्ट राजेंद्र प्रसाद वर्मा, धनंजय कठैत आदि ने पुष्प अर्पित किए। आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सोंडारा में प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा एवं स्टाफ ने, शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति की अध्यक्ष साहिन आशा सहाय, प्रधानाचार्य सुनीता राठौर आदि ने, श्री गोविंद डिग्री कॉलेज तेवर खास में प्राचार्य डा सीडी शुक्ला, कार्यक्रम अधिकारी डा फिरोज खान ने, एसएमएस वैद्य जी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज, डायरेक्टर अभिषेक भारद्वाज, प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह, उप प्रधानाचार्य राम चरण शर्मा ने गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कोतवाली में सीओ अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने गांधीजी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।

## एक नजर

### महमूदपुर माफी और पेली बिश्नोई गांव में पुलिस ने किया महिलाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूक

**कांठ ( शाह टाइम्स )** मिशन शक्ति अभियान फेज ख 5.0 के अंतर्गत ग्राम पेली विश्नोई में महिलाओं व बालिकाओं के साथ गोष्ठी की गई मिशन शक्ति



केंद्र मिशन शक्ति साइबर हेल्प डेस्क को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे-विधवा पेंशन योजना वृध्दावस्था पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे-वूमेन पावर लाइन-1090 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181 पुलिस आपातकाल. ीन सेवा -112 स्वास्थ्य सेवा- 102,108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076 चाइल्ड लाइन 1098 साइबर क्राइम 1930, आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरण किए गए।

### राम का अग्निबाण लगते ही धूं-धूंकर जल उठा रावण का पुतला

**सुरजन नगर।** शुक्रवार को दशहरा पर्व पर सुरजन नगर में गांधीस्मारक इंटरकॉलेज के खेल के मैदान में दशहरा मेले का आयोजन किया गया। मेले में आए ग्रामीणों ने राम लक्ष्मणकी झांकी पर प्रसादचढ़ाया। मेले में ग्रामीणद्वारा स्वयं सूक्ष्मरूप में रामलीला मंचन कर सीता हरण, लंका दहन, मेघनाद कुंभकरण बधकी लीला के बाद राम लक्ष्मण और रावण का घमासान युद्ध की लीला के पश्चात राम ने रावण रूपी पुतले पर अग्निबाण चलाया। अग्निबाण लगते ही रावण का पतला धू -धू कर जल उठा। इस अवसर पर जयनगर ग्राम प्रधान विपिनकुमार, रजनीश एडवोकेट, सुभाषयादव, आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने मुख्तियारपुर नवादा के ग्राम प्रधान का जाना हाल

कांठ( शाह टाइम्स) क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर आज मुख्तियारपुर नवादा गांव पहुंचे और बीमार चल रहे ग्राम प्रधान फुरकान अहमद का हाल जाना उन्होंने उन्हें



हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर यदि किसी विकास कार्य की जरूरत हो तो वह कह सकते हैं इससे पहले भी कमाल अख्तर गांव में हाई मास्क लाइट लगवा चुके हैं इसके साथ-साथ पिछले महीने बिजली के करंट की चपेट में आकर मरने वाले तस्लीम अहमद के परिवार से भी उन्होंने मुलाकात की और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने मरहूम तस्लीम अहमद के घर जाकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इस मौके पर सपा नेता मुकेश आदि मौजूद रहे।

### नगर में मनाया गया दशहरा

**बिलारी।** मंदिर रायसती पर हर वर्ष की भांति रावण दहन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से साहू सुनील सहाय, परमेश्वर लाल सैनी, विश्वास यादव, विकास कुमार गुप्ता एडवोकेट भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष द्वारा भाग लिया गया। इस मौके पर और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह मलिक और नगर इंचार्ज अमित कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और नगर के सुमित गुप्ता सभासद, राजू गुप्ता एडवोकेट, जी लाल गुप्ता, संजय गुप्ता, दीपक यादव, सोनू गिरी, छवि चावला, यश गुप्ता, अरुण गुप्ता, गंगा प्रसाद राजेश, प्रमोद कुमार गुप्ता आदि नागरिक मौजूद थे।

# गांधी जयंती पर कांग्रेसियों ने किया लाल बहादुर शास्त्री महात्मा गांधी को याद



**कांठ ( शाह टाइम्स )** कांग्रेस नेता शरीफ आजाद के आवास पर आज गांधी जयंती को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मोहनदास करमचंद गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को नमन किया गया। जिला उपाध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन अंसारी ने कहा कि देश में गांधी जी के द्वारा जनता को एकता की ताकत का एहसास कराया गया था। बताया कि लाल बहादुर शास्त्री ने देश में जय जवान जय किसान का नारा दिया था। इस मौके पर परम सिंह सैनी मेहर सिंह सैनी विजय भटनागर शरीफ आजाद दिनेश दीवान मौलाना रईस उद्दीन मुनव्वर खान टीटू सैनी मोहम्मद इमरान फहीम कसाब आदि मौजूद रहे।

# टीएमयू में फॉरेंसिक स्टूडेंट्स साइंटिफिक अप्रोच से अपडेट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के फॉरेंसिक साइंस विभाग की ओर से फर्स्ट टाइम आयोजित फॉरेंसिक वीक प्रमाण: द प्रूफ ऑफ साइंस 2025 में एक्सपर्ट्स ने फॉरेंसिक के यूजी, पीजी स्टुडेंट्स, शोधार्थियों के संग-संग फैकल्टीज से परोक्ष एवम् अपरोक्ष रूप से अपने अनुभव साझा किए। फॉरेंसिक वीक के दौरान कोर्ट प्रोसेजेज, स्पॉट मैनजमेंट और फॉरेंसिक साइंस की प्रैक्टिकल बारीकियां सिखाई गईं। टीएमयू लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित का फॉरेंसिक साइंस के भविष्य और समाज में फॉरेंसिक साइंस की बढ़ती भूमिका पर विशेष व्याख्यान हुआ। ऑटोप्सी- पोस्टमार्टम एग्जामिनेशन, क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन, नुक्कड़ नाटक और मूट कोर्ट डिमॉन्स्ट्रेशन के जरिए स्टुडेंट्स फॉरेंसिक विज्ञान के



विभिन्न आयामों से रूबरू हुए। गेस्ट एक्सपर्ट डॉ. प्रमोद डोडे ने वर्चुअल ऑटोप्सी एग्जामिनेशन पर डिजिटल तकनीक और आधुनिक फॉरेंसिक पद्धतियों की गहन जानकारी दी। उन्होंने स्टुडेंट्स को पोस्टमार्टम प्रक्रियाओं में पारंपरिक और आधुनिक दृष्टिकोणों पर भी सघनता से समझाया। टीएमयू के डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसके सिंह, एसोसिएट डीन एकेडमिक्स डॉ. अमित कंसल आदि ने फीता काटकर फॉरेंसिक वीक का शुभारम्भ किया। क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन- सीएसआई में छात्रों ने घटनास्थल पर साक्ष्य संकलन और संरक्षण का अभ्यास किया। फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. सुनीत कुमार ने फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी- एफएसएल की मानक कार्यप्रणालियां पर अपने व्याख्यान में लैबोरेटरी की भूमिका, केस स्टडीज और गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। फॉरेंसिक क्विज ने स्टुडेंट्स के ज्ञान, त्वरित निर्णय क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को उजागर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों में फॉरेंसिक स्टुडेंट्स ने अपने हुनर का प्रदर्शन भी किया। फॉरेंसिक साइंस को मेडिसिन, लॉ, आईटी और साइकोलॉजी जैसे अन्य विषयों से जोड़ने पर गहनता से चर्चा की गई। फॉरेंसिक वीक के दौरान पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार, डॉ. रूचि कांत, एचओडी रवि कुमार, राकेश कुमार, अमित बिष्ट, योगेश कुमार, आकाश चौहान, सुश्री अंशिका श्रीवास्तव, सुश्री सौम्या त्रिपाठी, सुश्री अपूर्वा सिंह की गरिमामयी मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है, यह वीक यूनिवर्सिटी की उस सोच का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत स्टुडेंट्स को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक दक्षता और सामाजिक जिम्मेदारी भी सिखाई जाती है।

## मेला परिसर में घुसा पालतू जानवर, मची भगदड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**सुरजननगर।** सुरजननगर के गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में लगने वाले दशहेरे के मेले परिसर में पालतू जानवर ने जमकर उत्पात मचाया। मेले परिसर के हिस्से में अचानक पालतू जानवर पहुंच गया इससे वहां अफरातफरी मच गई। भीड़ को देखकर जानवर बेकाबू होता नजर आया। पशु को पंडाल से बाहर निक. ालने में पुलिस और मेला कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इसके चलते काफी देर तक अफरा-तरफी का माहौल रहा। गनीमत रही कि पशु के कारण मची भगदड़ में किसी को किसी भी प्रकार की कोई हानि नही हुई। मेले में रही सुरक्षा की कमी इस घटना ने मेले में सुरक्षा की कमी को उजागर किया है। लोगों का कहना है कि इस वर्ष मेले में अग्नि समन यंत्र भी नही आया जिससे कोई भी होने बाली अप्रिय घटना नियंत्रित करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, किसी भी तरह की घटनाएं हो सकती हैं।

## लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी को बच्चों ने किया नमन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी जयंती को स्वच्छता ही सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने गांधी जी एवं शास्त्री जी




के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी का जीवन हमें सत्य,सेवा और समर्पण की सीख देता है अत: हमें उनके आदर्शो को अपनाना चाहिए। इसी के साथ-साथ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सेवकों ने विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय परिसर की साफ सफाई की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह, अतवीर सिंह त्यागी, विपुल कुमार त्यागी, गजेन्द्र प्रताप सिंह राणा, पीतांबर सिंह, अशोक कुमार त्रिपाठी, विवेक कुमार राठी आदि शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## स्वयं सेवकों ने पथ संचलन निकाल कर दिया एकता का संदेश

**कांठ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से आज नगर में पथ संचलन निक. ाला गया कार्यक्रम का शुभारंभ रामलीला परिसर से हुआ वहां से शुरू हुआ पथ संचालन मुख्य मार्ग से बाजार संत रविदास धर्मशाला आदि निर्धारित मार्गो से होता हुआ अपने गंतव्य पर जाकर संपन्न हुआ। पथ संचलन के द्वारा स्वयंसेवको ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान परंपरा के अनुसार शस्त्र पूजन भी किया गया। स्वयं सेवक कदम ताल के साथ गणवेष में सड़कों पर निकले सुरक्षा के लिए पुलिस मौजूद रही।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर पंचायत पाकबड़ा में आयोजित हुआ कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत पाकबड़ा में 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत के चेयरमैन मोहम्मद याकूब उपस्थित थे। उन्होंने सबसे पहले नगर पंचायत कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज को फहराया और उसके बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन बहुत ही खास है और हमें महात्मा गांधी के जीवन से अहिंसा और देश सेवा की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने जीवन में गांधी जी के आदर्शों को आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए और समाज के लिए कुछ अच्छा करने की दिशा में काम करना चाहिए। मोहम्मद याकूब ने नगरवा. सियों से अपील की कि वे साफ-सफाई को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और




नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि अगर हम सब मिलकर काम करें तो निश्चित रूप से पाकबड़ा नगर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय के स्टाफ और सफाई नायक उपस्थित थे। कार्यक्रम में नगर पंचायत के पदाधिकारी और कर्मचारी समेत बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। सभी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों पर चलने और उनके बताए मार्ग पर समाज और राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया। इस प्रकार नगर पंचायत पाकबड़ा में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दोनों महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मकता और एकता की भावना का विकास होता है।

☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ

पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ – साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय–सारणी निम्नानुसार होंगी:–

**01493/01494 पुणे – हज़रत निज़ामुद्दीन – पुणे वातानुकूलित विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)** 24 फेरे

| गाड़ी सं. 01493 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01494 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:30 | पुणे जं. | 23:55 | --- |
| 20:00 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन जं. | --- | 21:25 |

चलने के दिन : 01493 पुणे जं. से प्रत्येक सोमवार एवं बृहस्पतिवार को दिनांक 06.10.2025 से 13.11.2025 तक तथा 01494 हज़रत निज़ामुद्दीन जं. से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिनांक 07.10.2025 से 14.11.2025 तक।

स्थान : 3 टियर वाता.

ठहराव : लोनावला, कल्याण जं., भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा जं., रतलाम जं., शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश – सियालदह – योग नगरी ऋषिकेश त्यौहार विशेष एक्स. रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 12 फेरे

| गाड़ी सं. 04312 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04311 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | --- |
| 19:17 | 19:25 | मुरादाबाद | 07:10 | 07:18 |
| 07:50 | 08:00 | वाराणसी | 19:05 | 19:15 |
| 23:00 | --- | सियालदह | --- | 05:00 |

चलने के दिन : 04312 योग नगरी ऋषिकेश से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 11.10.2025 से 15.11.2025 तक तथा 04311 सियालदह से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 13.10.2025 से 17.11.2025 तक।

स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता.

ठहराव : हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, धनबाद, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल एवं नैहाटी जं. स्टेशन।

**04314/04313 योग नगरी ऋषिकेश – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)** 32 फेरे

| गाड़ी सं. 04314 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04313 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | --- |
| 19:17 | 19:25 | मुरादाबाद | 07:50 | 07:58 |
| 20:46 | 20:48 | बरेली | 05:32 | 05:34 |
| 11:20 | --- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 04314 योग नगरी ऋषिकेश से प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को दिनांक 09.10.2025 से 30.11.2025 तक तथा 04313 मुज़फ़्फ़रपुर जं. से प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को दिनांक 10.10.2025 से 01.12.2025 तक।

स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता.

ठहराव : हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3047/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# विजयदशमी दशहरा का पर्व धूमधाम के साथ संपन्न

## राम ने रावण का वध करके दिया बुराई के अंत का संदेश



**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में दशहरा का पर्व आज धूमधाम के साथ मनाया गया नगर के दशहरा मेला स्थल पर पहुंची राम लक्ष्मण की सवारी का पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू ने फीता काट कर स्वागत किया और राम रावण के युद्ध के बाद रावण के मर जाने पर उसके पुतले का दहन किया गया। हर वर्ष की भांति इस साल भी दशहरा का पर्व धूमधाम से संपन्न हुआ रामल. ीला मंच से आज विजयदशमी की शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा में राम लक्ष्मण और हनुमान की सवारी निर्धारित मार्ग से होते हुए दशहरा प्रांगण में पहुंची जहां पर पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू गन्ना समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह आदि ने फीता काटकर शोभा यात्रा का स्वागत किया इसके बाद दशहरा प्रांगण में राम और रावण का युद्ध हुआ जिसमें रावण धराशाई हो गया राम ने तीर मारकर रावण के पुतले का दहन कर दिया। मेले में संत निरंक. ारी मिशन द्वारा शिविर लगाकर जनता की सेवा करने का काम किया गया इसके अलावा अलग-अलग संस्थाओं भारत विकास परिषद आदि ने टेंट लगाकर लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई।

गुरु जंभेश्वर जन कल्याण संगठन द्वारा भी शिविर लगाकर लोगों के बैठने का इंतजाम किया गया और एक दूसरे को विजयदशमी की बधाई दी गई। इस मौके पर मुकेश महेश्वरी अभय कुमार विश्नोई सत्यवान सिंह राजपूत भाजपा नेता चौधरी हुकम सिंह आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। मेले में क्षेत्र के महिला पुरुष और बच्चों की भारी भीड़ देखी गई।

हालांकि अचानक हुई बारिश के कारण मेले में काफी कीचड़ फैल गई लेकिन इससे लोगों का जोश कम नहीं हुआ और बड़ी संख्या में पहुंचे सर्व समाज के लोगों ने दशहरा मेले का पूर्ण आनंद उठाया।

# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

## श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर रामगंगा बिहार द्वारा आयोजित रथयात्रा महोत्सव धूमधाम से संपन्न



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** रामगंगा विहार स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को भव्य रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रात:कालीन पूजा-अभिषेक और शांति धारा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत भगवान की सवारी रामगंगा विहार क्षेत्र में धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर गिरनार गौरव आचार्य गुरुवर निर्मलसागर जी महाराज के परम शिष्य क्षुल्लकरत्न 105 श्री समर्पणसागर जी महाराज का मंगल आशीर्वाद धर्मावलंबियों को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रवचन देते हुए क्षुल्लकरत्न 105 श्री समर्पण सागर जी महाराज ने धर्म सभा में कहा की वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी जैन धर्म के संस्थापक नहीं बल्कि जिन धर्म के प्रवर्तक हैं भगवान आदिनाथ से लेकर भगवान महावीर स्वामी तक सभी तीर्थंकरों ने धर्म तीर्थ का प्रवर्तन किया भील से भगवान बनने की यात्रा भगवान महावीर स्वामी ने की। पुरुवा नामक भील ने अहिंसा धर्म का पालन किया और आगे चलकर महावीर बन गया। जैन धर्म अहिंसा प्रधान धर्म है भगवान महावीर ने अहिंसा की जितनी सूक्ष्म व्याख्या की है वैसी और कहीं दुर्लभ है उन्होंने मानव को सिर्फ मानव के प्रति प्रेम और मित्रता से रहने का संदेश ही नहीं दिया बल्कि मिट्टी, पानी, अग्नि, वायु और वनस्पति से लेकर कीड़े-मकोड़े, जीव-जंतु के प्रति भी मित्रता और अहिंसक विचार के साथ रहने का उपदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन नीरज जैन शास्त्री एवं राहुल जैन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुरादाबाद जैन समाज के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती नीलम जैन, दिगंबर जैन मंदिर रामगंगा विहार के अध्यक्ष संदीप जैन, संरक्षक सर्वोदय जैन, मंत्री नीरज जैन, कोषाध्यक्ष विकास जैन, उपाध्यक्ष सजल जैन, डॉ० पवन कुमार जैन, श्रीमती अलका जैन, अजय कुमार जैन, दीपाली जैन, संजय कुमार जैन, स्मिता जैन, अमन जैन एडवोकेट, प्रिया जैन समीर जैन, शिखा जैन, सुषमा जैन, उषा जैन इंजीनियर कमल कुमार जैन, अंकुर जैन, मोहित जैन, अनुज जैन, अविनाश जैन, युवा जैन मिलन की पूरी टीम सहित सैकड़ो धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गोराशाहगढ़ में जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। गांव के हरवीर सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया की 11 सितंबर को शाम 6:30 बजे गांव के ही अखिलेश पुत्र धनीराम ने उसे वह उसके भाई धर्मेंद्र व उसकी भाभी गीता के साथ गाली गलौज कर मारपीट की और भानु ने सरिया से उसके भाई धर्मेंद्र को जान से मारने की नीयत से बार किया। जिससे धर्मेंद्र के गंभीर चोटे आई। तहरीर के बाद पुलिस ने अखिलेश पुत्र धनीराम व उसके भाई भानू पुत्र धनीराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। इससे पहले पुलिस ने 16 सितंबर को भानु को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। अब पुलिस ने अखिलेश पुत्र धनीराम को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## भंडारे में खाने को लेकर विवाद में पीटा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला नस्सू मिलक के रहने वाले तेजपाल ने मुकदमा दर्ज कराया कि उनका बेटा विकास गांव में चल रहे भंडारे में सेवा दे रहा था। तभी गांव के अंशु, रिशिपाल, अमन ,नरेश आदि खाने को लेकर गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध उनके लड़के ने किया तो उसके साथ मारपीट की इसके बाद वह घर आ गया बाद में चारों घर में घुस आए और उसकी पत्नी कमला व बेटे विकास को लाठी डंडों से बुरी तरह से पीटा। पुलिस ने चारों पर मुकदमा दर्ज किया है।

# अहमदाबाद टेस्ट: पहले दिन भारत का स्कोर 121/2




## केएल राहुल फिफ्टी बनाकर नाबाद लौटे, विंडीज पहली पारी में 162 रन पर ऑलआउट

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच अहमदाबाद में खेला जा रहा है। इंडिया ने गुरुवार को पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 121 रन बनाए। केएल राहुल 53 और कप्तान शुभमन गिल 18 रन पर नाबाद लौटे हैं। राहुल ने टेस्ट करियर की 20वीं फिफ्टी लगाई है। साई सुदर्शन 7 रन और यशस्वी जायसवाल 36 रन बनाकर आउट हुए। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम टी-ब्रेक से पहले 162 रन पर ऑलआउट हो गई थी। जस्टिन ग्रीव्स ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। विकेटकीपर शाई होप 26 और कप्तान रोस्टन चेज 24 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट झटके, जबकि जसप्रीत बुमराह को 3 विकेट मिले। बुमराह घरेलू मैदानों पर सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बने। 34वें ओवर में केएल राहुल ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की 5वीं बॉल को लान्ग की ओर खेला और एक रन दौड़कर फिफ्टी पूरी की। राहुल ने राहुल टेस्ट करियर की 20वीं फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने भारत में 11 फिफ्टी लगाई है। 30वें ओवर में भारतीय टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। खारी पियर के ओवर की चौथी बॉल पर गिल ने चौका लगाकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। 25वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर साई सुदर्शन 7 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रोस्टन चेज ने एलबीडब्ल्यू कर दिया। यशस्वी जायसवाल (36 रन) को जैडन सील्स ने कैच कराया। 19वें ओवर में भारतीय टीम ने पहला विकेट गंवाया। यहां यशस्वी जायसवाल 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैडन सील्स ने विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच कराया। 15वें ओवर में यशस्वी जायसवाल ने जस्टिन ग्रीव्स के ओवर में तीन चौके लगाए। उन्होंने पहली, दूसरी और छठी बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया।




## बुमराह भारत में सबसे तेजी से 50 विकेट पूरे करने वाले भारतीय बने

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुम. राह ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन प्रभावित किया। बुमराह एशिया कप में भी शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने इस लय को टेस्ट प्रारूप में भी बरकरार रखी। बुमराह ने पहली पारी में तीन विकेट लिए और इसके साथ ही उन्होंने जवागल श्रीनाथ के रिकार्ड की बराबरी कर ली। बुमराह भारत में सबसे तेज 50 विकेट पूरे करने वाले तेज गेंदबाज बन गए। बुमराह ने इस दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने भारत में 24 टेस्ट पारियों में 50 विकेट पूरे कर लिए। बुमराह से पहले श्रीनाथ ने भी इतनी ही पारियों में भारत में 50 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर कपिल देव हैं जिन्होंने 25 पारियों में भारत में 50 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। वहीं, ईशांत शर्मा और शमी ने 27-27 पारियों में ऐसा किया है।

### खेल विशेष

## भारत के पास अच्छे और अग्रणी तैराक हैं: माइकल बोहल

**अहमदाबाद, वार्ता।** चीन की टीम के तैराकी कोच माइकल बोहल ने कहा है कि भारत के पास अच्छे और अग्रणी तैराक हैं, बस उसे और अधिक तैराकों की जरूरत है। भारत ने 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार रजत, नौ कांस्य सहित कुल 13 पदक जीते और नौवां स्थान हासिल किया, जो कि वाटर स्पोर्ट्स में देश की बढ़ती प्रभुता का प्रमाण है।

भारत ने इस खेल में अपनी पहचान बनाना शुरू कर दिया है, जिसमें श्रीहरि नटराज, ऋषभ दास, कुशाग्र रावत, रोहित बी बेनेडिक्टॉन, साजन प्रकाश और भव्या सचदेवा जैसे युवा तैराक उभर रहे हैं। इन सबने तैराकी में भारत के लिए व्यक्तिगत पदक जीते, जबकि इंदिवर सैरेम और विल्सन सिंग निंगथौजम ने डाइविंग में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रच दिया। बोहल ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत ने यहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कुछ बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं।पुरुषों ने विशेषकर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि बुधवार रात 400 मीटर फ्रीस्टाइल में एक महिला ने पदक जीता। इसलिए जब भी आप किसी एशियाई स्तर की प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचते हैं, तो यह देश के लिए अच्छी बात होती है। श्रीहरि नटराज ने सात पदक (3 व्यक्तिगत, 4 रिले) के साथ भारतीय दल का नेतृत्व किया। इसके अलावा भारतीय दल में वृत्ति अग्रवाल, धीनिधि देसिंघु, सान्वी देशवाल, अद्वैत पेज, निथिक नथेला और जशुआ थॉमस दुरई जैसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने इस एशियाई प्रतियोगिता में अपार संभावनाएं और क्षमता दिखाई।

## राष्ट्रव्यापी फिट इंडिया फ्रीडम रन 6-0 का हुआ आयोजन

- **भारत के प्लॉग मैन नीतू दमन विशिष्ट अतिथि थे, यह दौड़ देशभर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को फिट इंडिया मिशन ने एकल-प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने और नागरिकों को सभी सार्वजनिक स्थानों को कूड़ा-कचरा मुक्त रखने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पूरे उपमहाद्वीप में फ्रीडम रन 6-0 का आयोजन किया।

आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय और फिटस्पायर, रेड एफएम और रैपिडो के सहयोग से 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 6-0' का आयोजन किया गया। इसमें मंत्रालय के अधिकारियों और व्यक्तियों ने प्लॉग रन में भाग लिया इस दौरान सुबह-सुबह कूड़ा उठाने के साथ-साथ एक छोटी दौड़ भी हुई। इस पहल के मुख्य अतिथि स्वच्छता अभियान की अगुवाई खेल मंत्रालय के सचिव हरि रंजन राव ने की। भारत के प्लॉग मैन रिपु दमन विशिष्ट अतिथि थे। यह दौड़ का देश भर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई। 'स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर', अर्थात 'स्वच्छता के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य की ओर', की टैगलाइन के साथ, फिट इंडिया फ्रीडम रन में संयुक्त सचिव खेल कुणाल और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के उप महा. निदेशक मयंक श्रीवास्तव भी शामिल हुए।

## डीके का हांगकांग सिक्सेज के साथ करार

**हांगकांग, वार्ता।** दिनेश कार्तिक ने हांगकांग सिक्सेज के साथ करार किया है। हाल ही में आईएलटी-20 में शारजाह वॉरियर्स के लिए खेलने के लिए सहमत होने के बाद, कार्तिक (40) अपने पूर्व भारतीय और तमिलनाडु टीम के साथी आर अश्विन के साथ जुड़ेंगे, जिन्होंने पहले इस सिक्स-ए-साइड टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि की थी। आयोजकों, क्रिकेट हांगकांग,ने कहा कि कार्तिक भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे।

कार्तिक ने कहा कि हांगक. ांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक है। मैं ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं जिनके नाम अविश्वसनीय रिकॉर्ड हैं। हम साथ मिलकर



- **हांगकांग सिक्सेज में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है: दिनेश कार्तिक**

प्रशंसकों को खुशी प्रदान करेंगे और निडर और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे। यह टूर्नामेंट 7 से 9 नवंबर तक चलेगा। क्रिकेट हांगकांग चीन के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी। इस तीन दिवसीय आयोजन में कुल 12 टीमें भाग लेंगी: दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, यूएई, भारत, पाकिस्तान, कुवैत, श्रीलंका, बंगलादेश और हांगक. ांग । टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है और भारत और पाकिस्तान को, उम्मीद के मुता. बिक, एक ही ग्रुप (ग्रुप सी) में रखा गया है। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। क्वार्टर फाइनल की विजेता टीमें कप सेमीफाइनल में खेलेंगी।

## दबंग दिल्ली को हराकर जीत की पटरी पर लौटना चाहेंगे यूपी योद्धाज

**चेन्नई, वार्ता।** यूपी योद्धाज अपने हालिया अनुभवों को सीखे हुए सबक में बदलने के इरादे से टेबल-टॉपर्स दबंग दिल्ली केसी एम से भिड़ने के लिए तैयार हैं। यह मुकाबला 3 अक्टूबर को चेन्नई के एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में रात 8 बजे से शुरू होगा और दर्शकों को अटैकिंग कौशल और डिफेंसिव मजबूती का अनोखा मिश्रण देखने को मिलेगा। पिछले मैच में यूपी योद्धाज गुजरात के खिलाफ 27-33 से हार गए थे, लेकिन प्रदर्शन ने टीम की बढ़ती संतुलन क्षमता को उजागर किया, खासकर रेडिंग व डिफेंस दोनों में। कई खिलाड़ी इस मुकाबले में सामने आए और टीम अब इस प्रतिस्पर्धी आत्मा को लीग लीडर्स के खिलाफ जीत में बदलने के इरादे से मैदान में उतरेगी।



## चाइना ओपन के सेमीफाइनल में कोको

**बीजिंग, वार्ता।** अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ ने गुरुवार को जर्मनी की ईवा लिस को हराकर चाइना ओपन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइन में जगह बना ली। आज यहां खेले गए क्वार्टर फाइनल में गॉफ ने डेढ़ घंटे तक चले मुकाबले में जर्मनी की लिस को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब गॉफ का सामना सेमीफाइनल में दो बार की ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी या अमांडा अनिसिमोवा से होगा। यह तीसरी बार होगा जब 21 वर्षीय खिलाड़ी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के इस चरण में पहुंची हैं। मैच के बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी के बारे में गॉफ ने कहा कि वह एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी हैं, उन्होंने दौड़ते हुए कुछ अविश्वसनीय शॉट लगाए। मैं आक्रामक बने रहने की पूरी कोशिश कर रही थी। बस अपने खेल पर भरोसा बनाए रखना चाहती थी और जब मैं बढ़त बना रही थी तो बहुत अधिक निष्क्रिय नहीं रहना चाहती थी।

## अश्विन ने पूरे बीबीएल सीजन के लिए अनुबंध किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में पूरे सीजन के लिए प्रतिबद्धता जताई है और सिडनी थंडर के सभी मैचों में खेलेंगे। उन्होंने शुरुआत में एक छोटे कार्यकाल के लिए अनुबंध किया था, जिसमें केवल कुछ लीग मैच और प्लेऑफ शामिल थे, लेकिन अब उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहने के लिए अपने अनुबंध को बढ़ा दिया है। बीबीएल इस वर्ष 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलेगा।

अश्विन की बीबीएल में विस्तारित भागीदारी एक स्पष्ट कारण से है। बुधवार को नीलामी के पहले दौर में न बिकने के बाद आईएलटी-20 में उनका नियोजित कार्यकाल पूरा नहीं हो सका। उन्होंने बाकी राउंड से तुरंत अपना नाम वापस ले लिया, क्योंकि वे कम वेतन पर लीग में खेलने को तैयार नहीं थे। अश्विन ने आईएलटी-20 नीलामी में 120,000 डॉलर के आधार मूल्य के साथ प्रवेश किया था, जो पंजीकृत खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा था, लेकिन घटनाक्रम से निराश थे। अश्विन ने क्रिकबज से कहा कि यही वह कीमत थी जो मैं न्यूनतम चाहता था, और अगर मेरी कीमत पूरी नहीं होती है तो मैं अपने करियर के इस पड़ाव पर नहीं खेलने को लेकर खुश हूं। अगले राउंड में चुने जाने की हमेशा संभावना थी, लेकिन



उन्होंने आगे नहीं खेलने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि थंडर के साथ हुए सौदे के कारण मैं नीलामी से कुछ दिन पहले ही नाम वापस लेने वाला था, लेकिन चूंकि मैंने पहले ही आईएलटी-20 के लिए नीलामी में भाग लेने का वादा कर दिया था, इसलिए मैंने अपना वादा निभाया। हालांकि, मैं अपना आधार मूल्य कम करने के लिए सहमत नहीं हुआ। उन्होंने गुरुवार को इस वेबसाइट से यह भी पुष्टि की कि उन्होंने पूरे सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ अनुबंध कर लिया है। उन्होंने कहा कि मैंने पूरे सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ अनुबंध कर लिया है।

## आईएल टी-20 के पहले प्लेयर ऑक्शन में अनसोल्ड रहे रविचन्द्रन अश्विन

**दुबई, वार्ता।** दुबई में हुए आईएल टी-20 के पहले ऑक्शन में छह अंकों में अपना बेस प्राइस रखने वाले इकलौते खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन अनसोल्ड रहे हैं। पूर्व भारतीय स्पिनर का नाम एक्सीलेटर राउंड के दौरान नहीं बोला गया लेकिन इस बात की उम्मीद है कि वह वाइल्ड कार्ड के रूप में आगामी सीजन का हिस्सा बन सकते हैं। एमआई एमिरेट्स और डेजर्ट वाइपर्स दो ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिन्होंने अब तक अपनी वाइल्डकार्ड साइनिंग नहीं की है। पाकिस्तान से बाहर टी-20 लीग में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ियों के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) को पीसीबी द्वारा रद्द किए जाने के बावजूद वाइपर्स इकलौती टीम रही जिसने पाकिस्तान के खिलाड़ियों के लिए बोलियां लगाई। ऐसा क्यों किया गया इसका कोई कारण सामने नहीं आया है।

## विश्व कप के पहले मैच ने दर्शक संख्या का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** गुवाहाटी में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के उद्घाटन मैच ने महिला क्रिकेट में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की गुवाहाटी में ऐतिहासिक शुरुआत हुई, जहां भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले मैच ने किसी भी महिला क्रिकेट विश्व कप में दर्शकों की संख्या का नया रिकॉर्ड बनाया। एसीए स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 22,843 दर्शक आए, जो किसी भी महिला विश्व कप के ग्रुप चरण के सबसे अधिक दर्शकों वाले मैच का रिकॉर्ड है। 15,935 दर्शकों का पिछला रिकॉर्ड 2024 में भारत-पाक महिला टी20 विश्व कप ग्रुप ए मुकाबले के दौरान बना था। यह कीर्तिमान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का नवीनतम कीर्तिमान है, जिसने प्रशंसकों की पहुंच और महिला क्रिकेट इतिहास में रिकॉर्ड पुरस्कार राशि के मामले में भी नए मानक स्थापित किए हैं।

## मूलर 35वां खिताब जीतकर जर्मनी के सबसे सफल खिलाड़ी बने

- **मूलर ने अपने करियर का 300वां गोल भी किया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल पेनल्टी में बदला**

**बर्लिन, वार्ता।** वैंकूवर व्हाइटकैप्स के स्ट्राइकर थॉमस मुलर ने कहा कि अपने करियर का 35वां खिताब जीतने के बाद से उनके फोन की घंटी बजती ही रही है, जिससे वह जर्मन फुटबॉल इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी बन गए हैं।

दोस्तों, पूर्व साथियों और रिश्तेदारों ने 36 वर्षीय इस खिलाड़ी को बधाई देने के लिए फोन किए, जिन्होंने बायर्न म्यूनिख के अपने पूर्व साथी टोनी क्रूस (34 खिताब जीतने वाले) को पीछे छोड़ दिया। दोनों ने 2014 फीफा विश्व कप साथ मिलकर जीता था। मुलर को सबसे हालिया उपलब्धि कैनेडियन चैंपियनशिप के साथ मिली, जब व्हाइटकैप्स ने फाइनल में वैंकूवर एफसी को 4-2 से हराकर कॉनकाकाफ चैंपियंस लीग में जगह पक्की की। उन्होंने अपने करियर का 300वां गोल भी किया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल पेनल्टी में बदला। इसके बाद, उन्होंने सुनहरे '300' से सजा एक छोटा सा केक भेंट करके इस उपलब्धि का जश्न मनाया। 13 सितम्बर को अपने जन्मदिन के कुछ ही हफ्ते बाद, मुलर ने मजाक में कहा कि अपने माता-पिता से मिलने के दौरान कि मैंने उनसे कहा था, यह मैच का दिन है, जन्मदिन का नहीं।




अपने रिकॉर्ड जीत के बावजूद, मुलर ने कहा कि वह खुद को 'खिताब संग्रहकर्ता' नहीं मानते। तुलना करना बेमानी है। कुछ ने चैंपियंस लीग ज्यादा बार जीती है, तो कुछ ने ज्यादा राष्ट्रीय खिताब। उन्होंने क्रूस के छह चैंपियंस लीग खिताबों और उनके दो खिताबों का जक्रि करते हुए कहा कि मैं मैदान पर भावनाओं के लिए खेलता हूं, खिताबों के लिए नहीं। मुझे इस बात की कद्र है कि हमने साबित कर दिया कि हम कनाडा की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। उन्होंने आगे कहा कि आंकड़े ज्यादा मायने नहीं रखते: मैं अपनी विरासत को बेहतर बनाने के लिए नहीं खेलता।

## अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 58 रनों से रौंदा

**ब्रिसबेन, वार्ता।** दीपेश देवेंद्रन और खिलन पटेल ने (तीन-तीन विकेट) तथा अनमोलजीत सिंह और किशन कुमार (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारतीय अंडर 19 टीम ने पहले मैच के तीसरे दिन गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 49.3 ओवर में 127 के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला पारी और 58 रनों से जीत लिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ रन पर एक विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी ऑस्ट्रेलिया के कल के स्कोर में दो रन का इजाफा हुआ था कि देवेंद्रन ने स्टीवन होगन (तीन) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 13वें ओवर में देवेंद्रन ने एलेक्स ली यंग (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। भारतीय गें. दबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी अधिक देर तक नहीं टिक सके और विकेट गंवाते रहे। कप्तान विल मालाजचुक (22), जेड हॉलिक (13) को खिलन पटेल ने आउट किया। अनमोलजीत सिंह ने साइमन बुडग (शून्य) को खाता खोलने भी नहीं दिया।

## विदेशी एथलीटों ने बनाए दो विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में गुरुवार को सईद अफरोज (ईरान) ने पुरुषों की भाला फेंक एफ 34 स्पर्धा के फाइनल में और सफिया जेलल (अल्जीरिया) ने महिलाओं की गोला फेंक एफ 57 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकार्ड बनाए।

यहां जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में सईद अफरोज ने 41.52 मीटर की दूरी नापी और 2024 में कोबे में बनाए गए अपने ही 41.16 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जबकि सफ़िया जेलल ने 11.67 मीटर की दूरी नापी और 2024 में बनाए गए अपने ही 11.62 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। यहां स्थापित विश्व रिकॉर्डों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है, जबकि अब तक 65 नए चैंपियनशिप रिकॉर्ड स्थापित किए जा चुके हैं। विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ37 स्पर्धा के फाइनल में अपने पदार्पण पर भारत के 19 वर्षीय हैनी के लिए यह निराशाजनक रहा।

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भव्य कार्यक्रम

**बिलारी।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, नगलिया जट्ट, बिलारी मुरादाबाद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित किया गया। साथ ही पुष्पांजलि अर्पित की गई, उसके पश्चात ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े विविध पक्षों को लेकर नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुति की गई। विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा मंच के माध्यम से छात्र-छात्राओं को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्श व्यक्तित्व एवं उनके मूल्यों के विषय में तथा वर्तमान में भी उनके विचारों की क्या प्रासंगिकता है इसके विषय में विस्तार से बताया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन

**ठाकुद्वारा।** क्षेत्र के गांव शरीफनगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कर भारत माता की जय व जय श्री राम का उदघोष किया गया। सुरजननगर खण्ड द्वारा कृषक इण्टर कालेज शरीफनगर से मुख्य मार्गो से पथ संचलन निकाला गया। जिसमें सभी स्वयं सेवक पूर्ण गणवेश में कांधे पर दण्ड रखकर अनुशासन का परिचय दे रहे थे। पथ संचलन में ग्रामीणो द्वारा स्वयं सेवको पर जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ओमप्रकाश शास्त्री, कार्यक्रम अध्यक्ष समरपाल सिहं, तहसील प्रचारक शिवांशु, भाजपा नेता अजयप्रताप सिहं, ब्लॉक प्रमुख पति डॉक्ष्ण वीर सिहं सैनी, भाजपा नेता राकेश चौहान, भाजपा मण्डल अध्यक्ष हरिओम सिहं, मण्डल उपाध्यक्ष कपिल चौहान, राहुल चौहान, नरेन्द्र सिहं, सुरेन्द्र सिहं, अवनीश कुमार, तरूण कुमार, आशीष कुमार, दीपक कुमार, स्वतंत्र एडवोकेट, अर्जुन सिहं, नीरज गहलौत, सहदेव चौहान, राधेश्याम, सुमित राणा, सूर्याश प्रताप, जितेन्द्र सिहं, निश्चल गहलौत, निर्भय चौहान हनी राणा, मयंक चौहान, सौरभ कुमार आदि उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत के नवे दिन कथा पूर्ण होने पर कलश विसर्जन यात्रा गांव से जैतवाडा गंगा नदी पर पहुंचकर गंगा में कलश विसर्जन किये



**कुंदरकी।** क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में श्रीमद् भागवत के नवे दिन कथा पूर्ण होने पर कलश विसर्जन यात्रा गांव से जैतवाडा गंगा नदी पर पहुंच कर गंगा मे कलश विसर्जन किये जिसमे कथा बाचक पूजा शास्त्री, मानवेंद्र प्रशांत ठाकुर, ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, अमर पाल सिंह, राजकुमार पुंडीर, राजू सिंह, किरनपाल, पप्पू सिंह, टिंकू सिंह, बादल कुमार, अकाश, जितेंद्र, राहुल, सुनील, संजय, सुभाष, मनोज कुमार पुंडीर, विशनो देवी, पूजा देवी, राजकुमारी, वर्षा, शिल्पी, नीलम, सोनी, मनचली, रितु, शीतल, वैष्णवी, पारुल, मनचली, संध्या, मनु, शीतल, गौरी, राधिका, मीनाक्षी, प्रियांशी, दिव्यांशी, सपना देवी, अंतरा, मनु, अंशिका, कशिश, रानी, निशू, राधा, भूरी देवी, दानवती पाल, पूजा देवी आदि रही।

## स्थानांतरण फाइलें जमा हुए तीन महीने अब भी सूची का इंतजार

**चन्दौसी।** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक शिक्षकों के ऑफलाइन स्थानांतरण को लेकर असंतोष गहराता जा रहा है। शिक्षक नियमावली का हवाला देते हुए शिक्षकों ने समय से अपनी फाइलें सभी प्रक्रमों से पास कराकर 27 जून को ही जमा कर दी थीं। इसके बावजूद अब तक अनुपालन न होने से शिक्षकों में गहरी नाराजगी है। शिक्षकों का कहना है कि जब इसी सत्र में स्थानांतरण फाइलें ऑफलाइन मांगी गई थीं और उन्होंने सभी औपचारिकताएँ पूरी कर दीं, तो अब सूची जारी करने में देरी क्यों की जा रही है। उनका आरोप है कि फाइलों की गति और प्रक्रिया किस तरह आगे बढ़ती है, यह किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में उन्हें अगले सत्र तक इंतजार करने के लिए कहना अन्याय होगा। धरने पर बैठे शिक्षकों का आंदोलन अब छात्रों के भविष्य पर भी असर डाल रहा है। विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रभावित होने लगा है जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह मामला अब लखनऊ तक पहुँच चुका है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री तक शिक्षकों की समस्या से अवगत करा दिया गया है और उच्च स्तर पर इस पर मंथन चल रहा है कि ऐसा समाधान निकाला जाए जिससे शिक्षकों का आक्रोश भी शांत हो और प्रशासनिक कार्य भी सुचारु रूप से पूरे हो सकें। संभावना जताई जा रही है कि अगले तीन से चार दिनों में इस मुद्दे पर कोई ठोस निर्णय सामने आ सकता है। शिक्षकों को अब केवल इसी आशा का सहारा है कि जल्द से जल्द स्थानांतरण सूची जारी हो और उनका इंतजार समाप्त हो।

## स्थानांतरण सूची जारी न होने पर शिक्षकों का गांधी पार्क में धरना जारी

**चन्दौसी।** माध्यमिक शिक्षक अपने स्थानांतरण की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलनरत हैं। पहले शिक्षक अपनी समस्या लेकर माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास के सामने डटे रहे, लेकिन जिलाधिकारी के निर्देश पर अब पिछले तीन दिनों से गांधी पार्क में टैंट लगाकर धरना दे रहे हैं। धरने पर बैठे अध्यापकों में शिवेन्द्र तिवारी की तबीयत सातवें दिन बिगड़ने लगी है। शिवेन्द्र तिवारी ने साफ कहा है कि जब तक ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी नहीं होती, तब तक वह अपने साथियों के साथ गांधी पार्क से नहीं हटेंगे। शिक्षक व महिला शिक्षक दोनों ही अपनी-अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। धरने पर बैठे शिक्षकों ने 2 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी की जयंती भी मनाई और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर संकल्प लिया कि अहिंसक आंदोलन के माध्यम से ही अपनी मांग मनवाएंगे। उनका कहना है कि कुछ लोग झूठी अफवाहें फैलाकर शिक्षकों का मनोबल तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि स्थानांतरण सूची सार्वजनिक नहीं हो जाती। अध्यापक शिवेन्द्र तिवारी ने कहा कि 'हमारी मातृ स्वरूपा माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री से यही मांग है कि वह जल्द से जल्द स्थानांतरण की सूची जारी कराएं, ताकि शिक्षक अपने-अपने घर लौट सकें।' धरने में शिवेन्द्र तिवारी, शिवम राय, राजनाथ सिंह, सुशील मिश्र, डॉ. दिनेश प्रजापति, केसरीनंदन, कीर्ति कुमार, देवेशचंद्र, ज्योति सिंह, कोमल, नीलम, संतोष पाठक, सोनल, शिव कुमार सिंह, अवनीश, रेखा पटेल, नेहा, रेनू वर्मा, गीता, सुमन, ममता, महिमा, गायत्री, दीप्ति, रंजना सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

## अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम

**चन्दौसी।** अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' शीर्षक के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन एस. एम. कॉलेज चंदौसी में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ हेमंत कुमार, डॉ. ए.के. अस्थाना और डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा ने महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन करके कार्यक्रम का प्रारंभ किया। तत्पश्चात डॉ. ज्योति के निर्देशन में महाविद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार ने महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन के उत्कृष्ट प्रसंगो को संदर्भित करते हुए विद्यार्थियों को सत्य एवं निष्ठा के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाने की प्रेरणा दी। अमरजीत के नेतृत्व में राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी का आयोजन करते हुए हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान, महात्मा गांधी अमर रहे, लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे जैसे नारे लगाते हुए नगरवासियों को संविधान के सार्थक मूल्यों से परिचित कराया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संच. ालन डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने किया। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. सूरज शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ अजय प्रकाश, डॉ सुरभि यादव, डॉ. अनुराधा सहित महाविद्यालय परिवार की सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर साथी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ-साथ राष्ट्रीय क्रेडिट स्कोर के कैडेट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## गांधी जयंती पर नगरपालिका ने किया सम्मान समारोह

**चन्दौसी।** गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद् चन्दौसी की ओर से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर की गलियों और मोहल्लों में व्यापक सफाई कार्य किया गया। गांधी जी के 'स्वच्छता ही सेवा' के संदेश को आत्मसात करते हुए नगरपालिका ने सफाईकर्मियों को सम्मानित कर उनके मनोबल को बढ़ाया। कार्यक्रम में लंबे समय से सफाई व्यवस्था में विशेष योगदान देने वाले सफाईकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही चन्दौसी के विभिन्न कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को भी स्वच्छता अभियान में सहयोग और सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया। नगरपालिका परिषद की अध्यक्षा लता वार्ष्णेय और अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने संयुक्त रूप से एस.एम. इंटर कॉलेज, एफ.आर. इंटर कॉलेज चन्दौसी सहित अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए।

# खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराया टेंपू, आधा दर्जन लोग घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**कुंदरकी।** कुंदरकी बिलारी थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर गुरुवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मुरादाबाद से बिलारी की ओर जा रहा तेज रफ्तार कबूतर टैम्पो सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा टकराया। हादसे में टैम्पो में सवार करीब आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कबूतर टैम्पो तेज गति से बिलारी की ओर जा रहा था, इसी दौरान अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया और टैम्पो जोरदार टक्कर के साथ खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और अंदर बैठे यात्री बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी



और घायलों को अस्पताल भिजवाया। गौरतलब है कि कबूतर टैम्पो वाहनों से हादसे आए दिन हो रहे हैं। तेज रफ्तार और क्षमता से अधिक सवारी बैठाने के कारण ऐसे वाहन हादसों को न्यौता दे रहे हैं। अब तक कई लोगों की जानें ऐसे ही हादसों में जा चुकी हैं। बावजूद इसके परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन इस ओर कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहा है। ग्रामीणों और राहगीरों ने हादसे के बाद आक्रोश जताते हुए परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप भी लगाया है। उनका कहना है कि इन वाहनों से आये दिन हादसे होते रहते हैं।

इस घटना के बाद एक बार फिर सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर कब तक ऐसे खतरनाक वाहन लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करते रहेंगे और विभाग मूकदर्शक बना रहेगा।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती मनाई

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" की टैगलाइन के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वीं जयंती धूम-धाम से मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर भी माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल ऑफ साइंसेज के डॉ. अशोक कुमार, डॉ. स्मिता ज्योति, डॉ. तरूण कान्ति सरकार, फार्मेसी संकाय के शिक्षक व हॉस्टल वार्डन डॉ. शाहबाज, उप कुलसचि. व शिव रविन्द्र सिंह, सहायक कुलसचि. व राजीव कुमार समेत कई अन्य शिक्षा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा डॉ. आशा कौशिक, विश्वकर्मा और रमन छात्रावास के समस्त छात्र-छात्राओं ने भी महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने मनाया स्थापना शताब्दी वर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव छाबड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा भव्य पथसंचलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन संघ के सौ साल के इतिहास और समाज सेवा के प्रति समर्पण को समर्पित रहा। पथसंचलन में संघ के स्वयंसेवक गांव की गलियों और मार्गों से होते हुए गांववासियों के बीच से गुजरते हुए पहुँचे। ग्रामीणों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पथसंचलन में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने भी सहभागिता दिखाई और स्वयंसेवकों को हर्षोल्लास के साथ सराहा। इस अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवकों ने अपने भाषणों और नारों के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा, समाज कल्याण और देशभक्ति के संदेश दिए।

स्थानीय लोगों ने इस आयोजन को सराहते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सामाजिक एकता, अनुशासन और सेवा भाव को बढ़ावा देते हैं। इस भव्य पथसंचलन के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों की सेवा और योगदान को याद किया गया तथा आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणा का संदेश दिया गया।

# महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सद्भावना उपवास का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** नागरिक परिषद बिलारी द्वारा गांधी पार्क बिलारी पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सद्भावना उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिक परिषद बिलारी के प्रेम कुमार प्रेम और कपिल राज द्वारा उपवास पर बैठकर गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नागरिक परिषद बिलारी के प्रदीप वर्मा ने भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी यदि लंबे समय तक रहे होते तो आज भारत का स्तर विश्वभर में कहीं ऊंचा होता। जाट महासभा के मास्टर उदय पाल सिंह ने कहा कि शास्त्री जी ने उस समय कम संसाधन होते हुए भी लाहौर पर अपना झंडा फहरा दिया जिसकी वजह से आज हम उन्हें महान मानते हैं। इस मौके पर प्रधान संगठन के हाजी उस्मान एडवोकेट ने कहा कि हम ही नहीं हमारी नस्ले भी लाल बहादुर शास्त्री, गांधी जी के साथ-साथ सलाउद्दीन अयूबी से प्रेरणा लेकर केवल देश का ही नहीं इंसानियत का भी उत्थान करने का संकल्प लेंगे। किसान नेता राजपाल यादव ने कहा कि गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री किसानों और गरीबों के मसीहा थे उन्होंने



ही जय जवान जय किसान का नारा दिया था। नागरिक मंच और कायस्थ सभा के संजय सक्सेना ने कहा कि हम लोग हर वर्ष शास्त्री और गांधी जी की जयंती मनाते हैं हम सबको उनके बताएं मार्ग पर भी चलना चाहिए तभी सच्चे भक्त कहलाएंगे। युवा एडवोकेट प्राची यादव ने कहा कि गांधी और शास्त्री जी की त्याग, सादगी और ईमानदारी की तुलना किसी और अन्य से नहीं की जा सकती। गांधी पार्क पर लाल बहादुर शास्त्री और गांधी जयंती पर प्रेम कुमार प्रेम और कपिल राज के उपवास को समाजसेवी अशोक सिरोही, न्याय पंचायत अध्यक्ष फरहत अली, हाजी मोहम्मद उस्मान, चौधरी हुकम सिंह, मास्टर उदय पाल सिंह, चौधरी भहराज सिंह, शाकिर मलिक द्वारा जूस पिलाकर संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसे. वी अशोक सिरोही और फरहत अली एवं संचालन तिलक राज चांदना ने किया। इस मौके पर समाजसेवी वाजिद हुसैन अंसारी ने सपरिवार पहुंचकर लाल बहादुर शास्त्री और गांधी जी की प्रतिमा पर माला अर्पण की। इस मौके पर काशीराम लोधी, रघुनाथ शरण सक्सेना, एडवोकेट अब्दुल कुद्दूस, सुनील कुमार आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में नागरिक परिषद बिलारी के संरक्षक राकेश जैन के बड़े भाई एडवोकेट राजेश जैन एवं हाजी शरीफुद्दीन पाशा कुंदरकी के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर प्राथमिक विद्यालय अम्बेडकर नगर में हुआ कार्यक्रम

**चन्दौसी।** प्राथमिक विद्यालय अम्बेडकर नगर क्षेत्र चंदौसी में भारत वर्ष की दो महान विभूति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक मुरलीधर ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी विनम्रता, अनुशासन, कुशल नेतृत्व के लिए याद किया जाता है। 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर उन्होंने देश को आत्मनिर्भरता और एकता की राह दिखाई, जो उन्हें एक सच्चा जन-नेता बनाती है। युद्ध काल के दौरान उन्होंने खाद्यान्न संकट व सुरक्षा के लिए हरित क्रांति की आधारशिला रखी, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया, उनके सादा जीवन व नैतिक मूल्यों पर आधारित कार्यशैली आज भी प्रेरणा प्रेरित करती है। अध्यापिका ज्योति द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सिखाया कि सच्चाई व अहिंसा



के रास्ते पर चलकर भी परिवर्तन लाते जाते हैं, और बिना हथियार उठाए, उन्होंने सत्याग्रह व शांतिपूर्ण आंदोलनो जैसे चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, दांडी यात्रा, भारत छोड़ो आंदोलन का प्रतिनिधित्व किया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया, ताकि गांधी जी के सिद्धांतों व आदर्शों को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ डी.के. अग्निहोत्री, मुरलीधर, ज्योति द्विवेदी, महक, खुशी, वैश्नवी, प्रवीन, नैतिक कार्तिक, मानवी, टीना आदि उपस्थित रहे।

## पति ने की दूसरी शादी, न्याय की तलाश में भटक रही महिला

**चन्दौसी।** धोखा देकर पति ने दूसरी शादी कर ली और पहली पत्नी को भनक भी नहीं लगी। जब महिला अपने मायके हरिद्वार से ससुराल चन्दौसी आयी तो पता लगा कि पति संजय ने दूसरी शादी कर ली है। शादी इतनी गुपचुप तरीक से हुई कि पत्नी ने अपना माथा पकड़ लिया। पति दूसरी पत्नी को लेकर फरार है और पहली पत्नी उसे तलाश रही है। फिलहाल तमाम प्रयासों के बावजूद पिछले 06 माह से पीडिता को महिला सशक्ती करण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। महिला इंस्पेक्टर से लेकर डीजीपी कार्यालय तक शिकायत कर आई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। हालांकि डीआईजी के आदेश पर ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर तो हुई परंतु कोर्ट से स्थगन आदेश मिलने पर मामला लटक गया। विवाहिता अपनी मां व छोटी बच्ची के साथ पति संजय के ही मकान में रह रही है परंतु ससुराल के अन्य लोग फरार हैं। यदि आते भी हैं तो विवाहिता के साथ मारपीट करते हैं। 23 सितंबर को ससुराल वालों ने घर में अकेली विवाहिता को पीटा जब उसकी मां हरिद्वार गई हुई थी।

# विजयदशमी पर रामबाग धाम में हुआ श्रीराम राज्याभिषेक का मंचन

**चन्दौसी।** श्रीबारहसैनी रामलीला नाट्य परिषद चन्दौसी द्वारा विजय दशमी (दशहरा) के दिन रामबाग धाम के विशाल पावन मंच पर श्रीराम राज्याभिषेक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन किया गया। साथ ही रामबाग धाम पर बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया। श्रीराम राज्याभिषेक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्व0 मुक्ता वार्ष्णेय पत्नी महेशचंद्र वार्ष्णेय की पावन स्मृति में यजमान राहुल वार्ष्णेय, इंजी0 वरुण वार्ष्णेय, तरुण वार्ष्णेय और समस्त परिवार के द्वारा फीता काटकर किया गया। रामलीला में प्रथम दृश्य में भगवान श्रीराम जी का बड़ी ही धूमधाम से राज्याभिषेक होता है और राम राज्य का आरंभ होता है। माता सीता के साथ राम सिंहासन पर विराजमान होते हैं। वहीं चारों धाम से निराला व्रज धाम पर हीरालाल और उनके साथियों ने बहुत ही सुंदर नृत्य किया। यह है गीता का ज्ञान, शिव विवाह का मंचन, माता वैष्णो देवी जी का भजन के साथ झाँकी, उमंग वार्ष्णेय का अदभुत नृत्य और भी सुंदर प्रोग्राम आकर्षक का केंद्र रहे। साथ ही दर्शकों के लिए लकी ड्रा, बम्पर ड्रा, सुपर बम्पर ड्रा लाइट हब स्टोर ए यूनिट ऑफ के0 एन0 इंटरप्राइजेज प्रियांशु गुप्ता कैथल गेट के द्वारा निकाले गए।

राकेशचन्द्र आर्य की ओर से रामलीला नाट्य परिषद के सभी कलाकारों और पदाधिकारियों का एक स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसस पर प्रधान गिरराज किशोर, उपप्रधान नवीन चौधरी, अमित अप्पू, मंत्री कपिल राजा, उपमंत्री दीपक सोनू, धीरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष संजीव वार्ष्णेय, आय व्यय निरीक्षक गोविन्द किशोर, निर्देशक कन्हैया वार्ष्णेय, प्रदीप शर्मा, ओमेंद्र वार्ष्णेय, दिव्यांशु नारायण, स्टेज प्रबंधक प्रमोद गुरु, कोठारी महेश वार्ष्णेय, संजीव परचूनी, अमर शर्मा, नवल किशोर, संगीत निर्देशक ओमशंकर पेंटर, संगठन मंत्री गौरव ए के जी, रीतिक, उमंग, सुरेंद्र, प्रवर शर्मा, हीरालाल, किशनपाल मुंशी, मुकुल, प्रतीक, हर्षित, रविगोपाल, अमित श्याम, सिद्धार्थ, वंश, वाशु, कृष्णा, नवीन







कृतिका, पारुल, चांदनी, दिव्या आदि कलाकार और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी के बाद विजयदशमी पर हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

**चन्दौसी।** पिछले दस दिनों से लगातार भीषण गर्मी पड़ रही थी, मानो मई-जून का महीना फिर से लौट आया हो। तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल थे। हालांकि बीच-बीच में आसपास के कई स्थानों पर बारिश हुई, लेकिन जनपद संभल में बूंद तक नहीं गिरी जिससे हालात और भी गंभीर होते गए। गुरुवार को विजयदशमी के पर्व पर दोपहर के समय मौसम ने करवट बदली और अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। करीब घंटेभर चली इस बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से बड़ी राहत दी। बारिश से जहाँ लोगों ने चौन की सांस ली, वहीं शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या भी देखने को मिली।

फुब्बारा चौक, भगतसिंह मूर्ति, संभल गेट, गौशाला रोड सहित अन्य क्षेत्रों में पानी भर गया। खासतौर पर फुब्बारा चौक पर जलभराव होना अब आम बात बन चुकी है, जहाँ हल्की बरसात में भी सड़कें तालाब का रूप ले लेती हैं।

## एक नजर

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं के साथ गोष्ठी का आयोजन





**बिलारी।** मिशन शक्ति अभियान फेज ख्र 5.0 के अंतर्गत ग्राम सिहाली माला में महिलाओं व बालिकाओं के साथ चौपाल लगाकर गोष्ठी की गई। इस मौके पर महिला उपनिरीक्षक छाया सिंह, महिला आरक्षी प्रीति द्वारा मिशन शक्ति केंद्र मिशन शक्ति साइबर हेल्प डेस्क को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे, वूमेन पावर लाइन-1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, स्वास्थ्य सेवा 102,108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076, चाइल्ड लाइन 1098 साइबर क्राइम 1930, आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरण किए गये।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कराया पद संचलन कार्यक्रम



**भगतपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर पथ संचलन निकाला गया। इसमें सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में दिखाई दिए। उन्होंने स्वयंसेवकों को एक साथ कार्य करने का आवाहन किया। जाति पंथ बिरादरी को छोड़कर सभी को एकजुट होकर देश के लिए काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विपत्ति के समय में आरएसएस के स्वयंसेवक देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं और सेवा कार्य भी समय-समय पर करते रहते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि जितना भी हो सके अपने भारत में बनी वस्तुओं का अपने जीवन में प्रयोग करें। पथ संचलन उदमावाला शिव मंदिर से प्रारंभ होकर गांव की अनेक गलियों में होता हुआ पुनः शिव मंदिर पर समापन हुआ। इस दौरान गांव के अनेक व्यक्तियों ने पुष्प वर्षा की इस दौरान खंड कार्यवाह पवन तुलसी सिंह, भगतपुर टांडा ब्लाक प्रमुख संतोष कुमार, मण्डल अध्यक्ष भोजपुर वीरपाल सिंह, मण्डल अध्यक्ष भगतपुर पवन शर्मा, निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष दीपक गौस्वामी, जिला सह विद्यार्थी प्रमुख विपुल कुमार, शारीरिक प्रमुख शिवम, संपर्क प्रमुख लवीश शर्मा, व्यवस्था प्रमुख जगराज सिंह, सेवा प्रमुख प्रशांत कुमार, प्रचार प्रमुख प्रशांत, विद्यार्थी प्रमुख रोहि. हत, शिवओम शर्मा, मनोज ठाकुर, खण्ड व्यवस्था प्रमुख जगराज बजरंग दल, सुभाष सिंह जिला उपअध्यक्ष, कल्याण सिंह, शिवम मीना, प्रदीप कुमार मीना, संजीव मीणा आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ

### विधायक ने बिकनपुर गांव पहुंचकर रामगंगा नदी किनारे का लिया जायजा

**मूंढापांडे।** क्षेत्र के गांवों का कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कुंदरकी विधानसभा के बाढ़ प्रभावित गांवों अक्का डिलारी, गोवर्धनपुर, मझरा गोवर्धनपुर, नाजरपुर, बिकनपुर, लोधीपुर बासु, वीरपुर वरियार, खाता, ईलर और मझरा ईलर का बाढ़ खंड के अधिकारियों के साथ दौरा किया। विधायक कुंदरकी ने बताया कि बाढ़ से बीकनपुर और लोदीपुर वासु में संपर्क मार्ग पूरी तरह टूट चुका है, ग्रामवासियों को आने जाने में आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों पर भी नहीं जा पा रहे है। बाढ़ खंड के अधिकारियों के साथ मिलकर जल्दी ही इसका समाधान कराया जाएगा। सभी किसानों को बिना किसी भेदभाव के अतिवर्षा और बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा मिलेगा। दौरे के दौरान एसडीओ बाढ़ खंड रविन्द्र कुमार, जेई अरविंद कुमार, दिनेश, मुकेश उपाध्याय, अमरीश कुमार, ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव, दूल्हा लंबरदार, रामकिशोर लोधी, नूरी मौलाना, सरवर अली, चिराग अली, बरनाला यादव आदि साथ रहे।

### संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**मूंढापांडे।** क्षेत्र में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो जाने से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मायके वालों को मिली तो वह भी घटनास्थल पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूंढापांडे के गांव घौंडा मिलक निवासी अनिल कुमार पुत्र ओमप्रकाश से रामपुर के गांव मेघा नगला निवासी रीना राजपूत पुत्री सूरजपाल से डेढ़ वर्ष पहले शादी हुई थी। गुरुवार को अचानक रीना राजपूत (23) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक के फुफेरे भाई तेजरत्न ने बताया कि सुसराल पक्ष के लोगों ने शादी के कुछ दिनों बाद से ही क्रेटा गाड़ी और एक प्लाट की मांग शुरू कर दी थी और उसके साथ मारपीट कर यातनाएं देते थे। जिसकी शिकायत अप्रैल में एसपी रामपुर से की थी। इसमें आरोपियों की गिरफ्तारी हुई तो सुसराल पक्ष के लोगों ने समझौता कर लिया और रीना को प्रताड़ित न करने की बात स्वीकारी। मायके वालों ने मृतक रीना को समझा-बुझाकर मूंढापांडे के गांव घौंडा सुसराल भेज दिया। मृतका के फुफेरे भाई ने सुसराल पक्ष के लोगों पर फांसी लगाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### देवी मंदिर पर धरने को हुए सौ दिन राष्ट्रपति को भेजा शिकायती पत्र

**बहजोई।** रेलवे रोड बहजोई के निकट स्थित प्राचीन शक्तिपीठ मां भगवंतपुर वाली देवी मंदिर एवं मेला ट्रस्ट व नगर पालिका परिषद बहजोई के बीच देवी के मेले की भूमि को लेकर चल रहा विवाद अभी थमने का नाम नहीं ले रहा। मंदिर ट्रस्ट के लोग देवी के मेले की भूमि बचाने के लिए पिछले लगातार 100 दिन से धरने पर बैठे हुए हैं। लेकिन अभी तक किसी भी जिला स्तरीय अधिकारी ने नगर पालिका परिषद बहजोई द्वारा की गई कागजों में हेरा फेरी को लेकर कोई जांच कमेटी नहीं बिठाई है।

मंदिर ट्रस्ट के लोग इस विवाद को लेकर उच्च न्यायालय इलाहाबाद पहुंच गए जहां मुकदमा लंबित है। मंदिर ट्रस्ट के लोगों ने मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को शिकायती पत्र भेजकर अनुरोध किया है कि राजस्व विभाग के अभिलेख की निष्पक्षता से जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। जांच होने के पश्चात नगर पालिका की पोल पूरी तरह से खुल जाएगी। धरने पर बैठने वाले लोगों में संजीव कुमार, मनोज कुमार आरएसएस, राजेश बादशाह, अरुण गोस्वामी, हिमांशु वार्ष्णेय, दिलीप शर्मा, शैलेंद्र कुमार, विजय कुमार, लक्ष्मण वार्ष्णेय, कन्हैयालाल वार्ष्णेय, भुवनेश कुमार, राजकुमार गौड़, शेखर, आदि लोग शामिल थे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

# घर में घिर रहे ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने के फैसले के बाद अब खुद अमेरिका आार्थिक संकट से बुरी तरह जूझ रहा है। ट्रम्प लगातार दूसरे दिन सरकार को फंड देने वाला बिल पास नहीं करा पाए हैं। इससे गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गया है। कृषि विभाग, श्रम विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लायब्रेरी ऑफ कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट, फेडरल कोर्ट, अमेरिकी बॉटनिकल गार्डन, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान जैसी कई संस्थाओं और विभागों के ऑफिस बंद हो गए हैं। ट्रम्प भले ही हर बार यही कह रहे हों कि उनकी ओर से लगाए गए टैरिफ देशहित में हैं, लेकिन इसका असर अब उनके यहां काम करने वाले कर्मचारियों पर भी दिखने लगा है। हालात ये हैं कि अमेरिका की ट्रम्प सरकार अब शटडाउन के हालात से जूझ रही है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसद बजट पर सहमति बनाने में नाकाम रहे हैं, जिसके बाद सरकारी कामकाज एक अक्टूबर से ठप हो गया है। इस गतिरोध ने पूरे देश में दिक्कतें खड़ी कर दी हैं। हवाई यात्रा से लेकर चिड़ियाघर तक, लगभग हर क्षेत्र इससे प्रभावित दिख रहे हैं। इस शटडाउन से सबसे ज्यादा मार सरक. ारी कर्मचारियों पर पड़ी है। करीब 40 प्रतिशत यानी साढ़े सात लाख कर्मचारी बिना वेतन के घर बैठने को मजबूर हो गए हैं। सुरक्षा और सीमा से जुड़े अधिकारी, अस्पतालों का स्टाफ और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर जैसे जरूरी कर्मचारी डड्ूटी तो करेंगे, लेकिन उन्हें वेतन तभी मिलेगा जब शटडाउन खत्म होगा। पिछले शटडाउन में कई कर्मचारियों ने दूसरी अस्थायी नौकरियां तक पकड़ ली थीं। जब अमेरिकी सीनेट (संसद) से साल का फंडिंग बिल पास नहीं होता, तो कुछ खर्चे रोकने पड़ते हैं। इसे ही शटडाउन कहा जाता है। इस दौरान सरकार के कुछ काम बंद हो जाते हैं। शटडाउन का असर सोशल सिक्योरिटी से लेकर एयर ट्रैवल सहित कई चीजों पर पड़ता है। यह टकराव हेल्थकेयर सब्सिडी और मेडिकेड फंडिंग को लेकर है। ट्रम्प की पार्टी मेडिकेड में कटौती चाहती है, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी सब्सिडी बढ़ाने की मांग कर रही है। डेमोक्रेट्स का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे खर्च से जुड़े बिल को मंजूरी नहीं देंगे। अमेरिका की सीनेट में फंडिंग बिल पास कराने के लिए 60 वोट चाहिए थे, लेकिन ट्रम्प की पार्टी को सिर्फ 55 वोट ही मिल पाए जबकि विरोध में 47 वोट पड़े। सीनेट में 100 सदस्य हैं, जिनमें 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट्स और 2 निर्दलीय सांसद शामिल हैं। इस नतीजे से बिल पास नहीं हो सका। बता दें कि साल 2018 में भी ट्रम्प सरकार को ऐसे ही हालात झेलने पड़े थे, जब अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने के लिए फंडिंग नहीं मिल पाई थी। उस वक्त शटडाउन 35 दिनों तक चला था। अमेरिका में नया वित्तीय वर्ष 1 अक्टूबर से शुरू होता है। अगर समय पर फंडिंग बिल पास नहीं हुआ, तो करीब 8 लाख सरकारी कर्मचारी बिना वेतन छुट्टी पर भेजे जा सकते हैं। अमेरिका में हुए शटहाउन का सबसे ज्यादा असर रक्षा विभाग के कर्मचारियों पर पड़ता दिख रहा है। लगभग 3.34 लाख कर्मचारियों को फर्लो पर भेजा गया है, जबकि करीब 4 लाख को ड्यूटी पर रखा गया है।

## भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं



भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही है, भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है, चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है, भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं,भारत का सिस्टम बहुत जटिल है, हमारी ताकत इसी विविधता में है, हम चीन की तरह लोगों को दबाकर तानाशाही नहीं चला सकते, भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले, भारत एक संवाद है, जहां अलग-अलग धर्म, विचार और परंपराएं साथ रहती हैं।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा


# राहुल की कोलंबिया यात्रा से चीन तक



पवन सिंह

देश के मेंन स्ट्रीम मीडिया और आई टी सेल ने मिलकर जितना नुकसान भारत का किया है, उतना कोई बदनाम खुफिया एजेंसी ने कर सकी। झूठे नैरेटिव सेट करना और उन्हें फ्लोट करना व मूल सवालों से मुंह चुराते हुए भाग जाना जैसी नापाक हरकतों ने इस मुल्क के सामा. जिक, आर्थिक राजनीतिक, धार्मिक और सामरिक हितों को बहुत गहरे नुकसान पहुंचाया है। अब राहुल गांधी के कोलंबिया दौरे पर एक घटिया नैरेटिव सेट किया जा रहा है। वैसे एक नया फैशन चल निकला है। आपने सवाल पूछें नहीं कि आप देशद्रोही हुए। वो सब देशद्रोही हैं जो 89 तक गिर चुकी भारतीय करेंसी पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो लाखों हेक्टेयर जंगल काटने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही है जो अडानी को पूरा देश लुटा देने पर सवाल करते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो चीन द्वारा समूचे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को चबा जाने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो आपरेशन सिंदूर के सच को जानते हैं और सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं कि एक क्यूबा जैसे देश के नागरिकों को अमेरिका हथकड़ी लगाकर भेजने की हिम्मत न कर सका लेकिन भारतीयों को जानवरों की तरह सैन्य विमान में भर कर हथकड़ी लगाकर फेंक दिया। भारत की धरती पर सैन्य परिवहन विमान उतरा और भारत सरकार की हैसियत नहीं थी कि रोक ले। एक भी पड़ोसी देश भारत के साथ न खड़ा हुआ। वो सब देशद्रोही हैं जो यह सवाल करते हैं कि एक के बाद एक संवैधानिक संस्थाओं को तबाह क्यों किया गया। वो सब देशद्रोही हैं जो जानना चाहते हैं कि बीफ निर्यात में भारत नंबर वन क्यों हुआ। बीफ कंपनियों से चंदा क्यों लिया। वो सब देशद्रोही हैं जो यह सवाल करते हैं कि पूनावाला के साथ क्या धंधा तय हुआ। राफेल की फाइल क्यों और कैसे गायब हुई। ऐसा कौन सा सच था जो मनोहर परिकर जान गए थे। रूपाणी और गुजरात वायु दुर्घटना का सच क्या है। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत का सच क्या है? पुलवामा क्या था? देवेन्द्र सिंह कहां गायब है? तत्कालीन सीआरपीएफ अभय प्रताप सिंह का छन्नीरामा कैंप को लेकर लिखा गया खत कहां गया? चीन ने अरुणाचल प्रदेश और लेह लद्दाख में कितनी जमीन हथिया ली। वामपंथ अपराध है? समाजवाद अपराध है? सेक्युलरिज्म अपराध है? ये अपराध है तो भगवापंथ क्या है? ऐसा कोई देश आपको विश्व में नहीं मिलेगा जो अपने देश के राष्ट्रपति/प्रधानमंत्री के विदेश आगमन पर इवेंट करवाकर ढोल मंजीरे बजवाता हो? उसमें एक दो भावुक होकर रोने वाले कलाकारों की जमात भी होती है। जिन्हें कैमरामैन शानदार तरीके से कवर करते हैं। कभी आपने चीन, अमेरिका, रूस, जापान, फ्रांस, जर्मनी के राजनयिकों को फोटोबाजी/शोशेबाजी करते देखा है? विभिन्न देशों के राजनयिक अपने देश के लिए यात्राएं करते हैं कुछ ऐसे भी होते हैं जो केवल अपने मित्र के लिए यात्राएं करते हैं। केन्या, आस्ट्रेलिया, लंका का मामला तो खुल ही चुका है। आखिरकार क्या कारण हैं कि भारतियों पर विदेशों में हमले अप्रत्याशित रूप से बढ़े हैं? कभी गो बैक इंडियन्स के नारे नहीं लगे। भारतियों को विदेशों में गजब का सम्मान मिलता रहा और अब अचानक उनसे नफरत क्यों बढ़ गई? रिजर्व बैंक से बार-बार रिजर्व फंड आखिरकार क्यों निकाला जा रहा है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश कैसे बन गया? जब क्रूड आयल सस्ता है तो प्रति लीटर 65-66 रुपये का मुनाफाखोरी क्यों और किसके लिए? इलेक्ट्रोलर बांड का क्या खेल है?

आइए कोलंबिया पर भी बात कर लेते हैं कोलंबिया के साथ न तो भारत का कभी कोई युद्ध हुआ न ही कोलंबिया ने भारत पर कोई टैरिफ ठोका, लेकिन जिस चीन ने भारत को गहरी चोट दी बतौर गुजरात के मुख्यमंत्री आदरणीय मोदी जी आठ बार चीन क्यों गए? केंद्र की सत्ता में आने के 6 सालों के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 18 बार मुलाकात हो चुकी है। पाकिस्तान बिरयानी खाने क्यों गए? कोलंबिया ड्रग्स सप्लाई करता है चलो ठीक है लेकिन 2014 से 2024 के 10 वर्षों में सात गुना बढ़ोजरी के साथ 24 लाख किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई। ड्रग्स कौन भेज रहा है और कहां आप रही है? एक खास पोर्ट पर करोड़ों की ड्रग्स पकड़ी गई। कौन गिरफ्तार हुआ? कहां गई ड्रग्स? भारत के प्रभुत्व वाला सार्क संगठन चीन ने अंदरखाने कैसे भोथरा कर दिया? चीन से आगाह करने वाले वांगचुक को गिरफ्तार क्यों किया गया?




जबरदस्त माउंटेन स्ट्राइकर गोरखाओं की सैन्य भर्तियां बंद क्यों? चार साल की सेना में नौकरी क्यों? भारत में बेरोजगारी अपने चरम पर क्यों?

अब तो कोई पड़ोसी तक नहीं सुनता है। भारत सरकार ने लंका से कहा कि हंबनटोटा बंद. रगाह पर चीन का सबसे शक्तिशाली टोही पोत को लंगर न डालने दे। इससे भारत की सुरक्षा को खतरा है। लंका ने ठेंगा दिखा दिया। नेपाल चीनी प्रभाव में चला गया। बांग्लादेश और मालदीव कन्नी काट गए। भूटान पर भी जबरदस्त चीनी प्रभाव है। चलते-चलते। अर्थव्यवस्था की छीछालेदर करेंगे। रोजी-रोजगार का सत्यानाश करेंगे। बेरोजगारी को महिमान्वित करेंगे, महंगाई पर खामोश रहेंगे और मुनाफाखोरों के साथ गलबहियां करेंगे। युवा नौकरियां मांगेगा तो लाठीचार्ज करेंगे और फिर कहेंगे कि जनता को भड़काया जा रहा है?

एक चुटकी मैं ले लूं और पूछ रहा हूं कि पीडीपी के साथ सरकार क्यों बनाई? कहीं कोई तो मानक व नैतिकता बरकरार रहती।

**वो सब देशद्रोही हैं जो 89 तक गिर चुकी भारतीय करेंसी पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो लाखों हेक्टेयर जंगल काटने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही है जो अडानी को पूरा देश लुटा देने पर सवाल करते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो चीन द्वारा समूचे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को चबा जाने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो आपरेशन सिंदूर के सच को जानते हैं और सवाल उठाते हैं।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मौसम से बचे तो सड़क पर कसैला होता है कश्मीरी सेब



पंकज चतुर्वेदी

बीते कुछ सालों से जलवायु परिवर्तन की मार से बेहाल धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर पर संकट मंडरा रहा है कि कहीं यहां का किसान सेबफल की बागवानी से तौबा न कर ले। पहले देर तक गर्मी पड़ी, फिर कम बर्फबारी और वह भी अल्प दिनों के लिए, इस सब विपदाओं से जूझते हुए जब शरद ऋतु के पतझड़ में उम्मीद के सेबफल आए तो रास्तों में लगे लम्बे जाम ने पुरे साल की मेहनत को सड़क पर फैंकने को मजबूर कर दिया। हालांकि इस साल कश्मीर का सेब दिल्ली तक रेल से लाने का प्रयोग हुआ है लेकिन इस सेवा का लाभ बहुत कम लोगों तक ही पहुंच पा रहा है।

भादो विदा हुआ तो पुलवामा, सौपोर, शोपियां जैसे जिलों में बर्फ गिरने से पहले पेड़ों पर लाल-गुलाबी और सुनहरे सेबफल झुमने लगे। इस समय सारा अपरिवर एकजुट हो कर पहले सेब तोड़ता है, फिर उसे छंटता है और लकड़ी की पेटियों में सुरक्षित पैक करता है। फिर इन्हें ट्रकों में चढ़ा दिया जाता है। इस साल अगस्त के आखिरी हफ्ते में जम आकर बरसात हुई और कश्मीर को जम्मू से जोड़ने वाले एकमात्र 270 किलोमीटर आल वेदर रोड पर नासिरी, उधमपुर सहित दर्जनों जगह इतना भूस्खलन हुआ कि कोई तीन हफ्ते रास्ता बंद रहा। इस बीच कोई दस हजार ट्रक सड़कों पर फंसे रहे, जिन गाड़ियों से बदबू आने लगती, सेब को आसपास की घटी में लुढ़का कर निराश लोग वापस आने की सोचते। उधर पुराना मुगल रोड इसके लायक नहीं रहता कि बरसात में उससे भारी वाहन ले जाए जा सकें। सौपोर को सेबफल की सबसे बड़ी मंडी कहा जाता है। कभी यहां इस समय कंधे छीलने वाली भीड़ और लोगों का शोर होता था। इस समय यहां सन्नाटा है, जो लोग हैं भी तो उनके चेहरे पर खुशी नहीं हैं। बम्पर फसल ले कर आए किसान कि चिंता है कि दाम सही नहीं मिलेगा। कारण, रास्ते बंद हैं और ऐसे में सड़क पर माल फेंकने से बेहतर है बड़े डीलर को औने-पौने दाम पर बेच दिया जाए। डिलेशियस एप्पल के दाम 1200 रुपया पेटी से घट कर 600 हो गए, जबकि जल्दी सड़ने वाले गल्ला और किसेट के तो खरीदार नहीं हैं। मजदूर के पास काम नहीं है तो ढुलाई करने वाले ट्रक चालक इंतजार का रहे हैं कि रास्ते खुलने की खबर आए। अभी 17 सितम्बर से रास्ता खुला तो हफ्ते भर तो जाम में फंसे ट्रकों को निकलने में ही लगेगा। संकट केवल इतना ही नहीं हैं, माल ढुलाई के दाम तिगुने से अधिक हो गए, साढ़े तीन सौ रुपए पेटी। जो ट्रक टूटे फूटे मुगल रोड से जाने को राजी है तो उनका भाडा ज्यादा है। शोपियां से नगर के 48 किलोमीटर वाले हाईवे पर अब सड़क नहीं दिख रही। चारों तरफ सेब की पेटियां और उससे निकलती बदबू का साम्राज्य हैं जिनके बीच कौए उछलते-कूदते दिख रहे हैं। जान लें यह दृश्य पिछले साल भी इसी समय ऐसा ही था।

कश्मीर में कोई 35 लाख लोग सेबफल के उत्पादन से जुड़े हैं जिसका सालाना व्यापार 11 हजार करोड़ का है। बदलते मौसम का मिजाज किस तरह आम लोगों के जीवन को प्रभावित करता है, इसकी कड़वी सच्चाई कश्मीर के बागानों में दिख जाती है। हालांकि इस साल कश्मीर में ट्रेन पहुंचने से उम्मीद की एक किरन तो जागी है, लेकिन उसकी अपनी व्यावहारिक दिक्कते हैं। 17 सितम्बर को बड़गाम से आठ बोगियों में सेब लेकर कार्गो पार्सल ट्रेन कोई 23 घंटे में सुबह लगभग सवा छह बजे दिल्ली के आदर्श नगर रेलवे पहुंची लेकिन वहां से बमुश्किल आधा किलोमीटर आजादपुर मंडी तक माल पहुंचने में पांच घंटे लगे। लालफीता शाही के चलते कंटेनर की चाबी आने, माल ढुलाई के लिए वाहनों की अनुमति आदि में इतना समय लग गया। दिल्ली-एनसीआर की सबसे बड़ी आजादपुर फल-सब्जी मंडी में प्रतिदिन तीन से लेकर साढ़े तीन हजार टन सेब की प्रतिदिन की मांग है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से सामान्यत: हर रोज लगभग तीन सौ ट्रक सेब लेकर आजादपुर मंडी पहुंचते हैं। एक ट्रक में औसतन 10 से लेकर 14 टन सेब लाने की क्षमता है। पार्सल ट्रेन में पहले दिन सात बोगी में 161 टन व दूसरे दिन आठ बोगी में 184 टन सेब बड़गाम से दिल्ली पहुंच पाया है। फिर उधर कश्मीर में भे बडगाम से शोपियां की दूरी कोई 57 किलोमीटर है और उसके लिए ढुलाई और मजदूरी देना पड़ता हैं। इससे लागत पर असर पड़ रहा हैं। यदि सेब को दिल्ली के अलावा अन्य किसी शहर को भेजा जाना है तो एक बार फिर नए सिरे से ढुलाई होगी। कश्मीर के कुछ लोगो सुझाव देते हैं कि राज्य में कोल्ड स्टोरेज क्षमता बढ़ाई जाए। इस समय शोपियां, अनंतनाग, नगर और पुलवामा में कोई 85 कोल्ड स्टोरेज हैं जिनकी क्षमता चार लाख मेट्रिक टन है। अब यहां 20 किलो की एक पेटी को चार महीने के लिए रखने का किराया 180 रुपये होता है। अधिकांश कोल्ड स्टोरेज को बड़े डीलर पूरा बुक कर लेते हैं और आम किसान को अवसर मिलता नहीं। वैसे भी किराया उर और बार-बार मॉल ढुलाई के व्यय से बढे दाम बाजार में मिलते नहीं। जान लें सितम्बर में यदि माल रखा तो उसे दिसम्बर में उठाना होगा और उस समय भारी बर्फबारी के कारण फिर से सड़क-रास्ते विपदा में होते हैं और फलों की खपत भी कम हो जाती है। फिर कश्मीर के पारम्परिक सेब के मुकाबले में बाजार में वाशिंगटन एप्पल है जो लम्बे समय तक खराब नहीं होता और उसकी उपरी चमक ज्यादा होती हैं।

# मोदी से डरना बंद कीजिए, भागवत से खौफ खाइए



श्रवण गर्ग

देश को किस एक व्यक्ति की महत्वाकांक्षाओं को लेकर ज्यादा चिंतित होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यवाह मोहन भागवत की। मोदी की महत्वाकांक्षाएं उनके संघी अतीत पर हावी वर्तमान की भूमिका को देखते हुए नितांत 'व्यक्तिगत' और तात्कालिक स्वार्थ से प्रेरित नजर आती है। दूसरी ओर, हिंदुत्व और हिन्दू राष्ट्र की किसी भी कीमत पर स्थापना के प्रति भागवत की प्रतिबद्धता और आक्रामकता को देखते हुए उनकी महत्वाकांक्षाएं ज्यादा 'सामूहिक' और दीर्घकालिक उद्देश्यों से प्रेरित दिखाई पड़ती हैं। भागवत और मोदी दोनों ने अपने मंतव्य उजागर कर दिए हैं कि वे अनिश्चितकाल के लिए अपने पदों पर बने रहना चाहते हैं। भागवत ऐसा संघ के प्रावधानों के अनुसार करना चाहते हैं और मोदी अपनी इच्छा देश पर थोप कर भी ऐसा करना चाहते हैं। जिस तरह के संकेत मोदी इस समय दे रहे हैं उसके अनुसार उनकी 'इच्छा सत्ता' की आकांक्षा की पूर्ति में भागवत की भूमिका अति महत्वपूर्ण हो गई है।



भागवत द्वारा जारी संकेतों को 'डीकोड' करना हो तो संघ के उद्देश्यों 'हिंदू समुदाय को मजबूत करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा को फैलाना और भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यागत मूल्यों को बनाए रखने के लिए आदर्श को बढ़ावा देना' की प्राप्ति के लिए मोदी की जरूरत अब क्षीण अथवा समाप्त हो चुकी है। संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों को लेकर भागवत के उत्साह और संगठन के विकास में संघ-प्रमुख के योगदान के प्रति मोदी द्वारा लगातार व्यक्त किए जा रहे समर्पण भरे उद्गारों को इसी परिप्रेक्ष्य में पढ़ा भी जा सकता है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव-परिणामों को लेकर तब किए गए दावों और कार्य-योजना के अनुरूप मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को अगर चार सौ सीटें प्राप्त हो ही जातीं तो दोनों नेताओं की भूमिकाएं बदल भी सकतीं थीं। संघ और विपक्ष के भाग्य से वैसा हो नहीं पाया। शताब्दी वर्ष के दौरान संघ की गतिविधियों को व्यापक बनाने की रणनीति के पीछे भागवत की इस चिंता को पढ़ा जा सकता है कि तमाम दबावों के बावजूद मोदी अगर नेतृत्व का हस्तांतरण नहीं करते हैं तो संगठन का यथासंभव विस्तार अगले चुनावों (2029) के पहले तक पूरा कर लिया जाना चाहिए। देश की समस्त महत्वपूर्ण संस्थाओंध्संस्थानों में संघ के स्वयंसेवकों के प्रवेश और उन पर उनके नियंत्रण को लेकर राहुल गांधी कई बार चिंताएं व्यक्त करे चुके हैं। जाहिर है भागवत राहुल गांधी की चिंताओं से भी वाकिफ हैं और स्वयं के इस खौफ से भी कि केंद्र की सत्ता अगर बीजेपी के हाथ से खिसक गई तो उसका संघ के अस्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ सकता है ? अपने शताब्दी वर्ष में संघ की योजना है कि संगठन की शाखाओं की संख्या को साठ हजार से बढ़ाकर एक लाख तक पहुंच दिया जाए।

आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि अपनी रणनीति के क्रियान्वयन में भागवत ने उन समर्पित और तपे-'तपाए गए' संघी-भाजपाइयों को जोड़ा है जो मोदी से नाराज हैं, जिन्हें लगभग निष्क्रिय 'मार्गदर्शक मण्डल' में खदेड़ दिया गया था। डॉ मुरली मनोहर जोशी को हाल में दिल्ली में आयोजित महत्वपूर्ण संगोष्ठी में भागवत द्वारा दिया गया सम्मान इसका ताजा उदाहरण है। भागवत जिस मूड में और मोदी जिस मुद्रा में हैं उसके अर्थ यह अर्थ भी निकाले जा सकते हैं कि उपराष्ट्रपति के पद पर संघ-समर्पित व्यक्तित्व की नियुक्ति से हुई शुरुआत अब थमने वाली नहीं है।

बीजेपी और संघ के क्षेत्रों में अवश्य ही गौर किया गया होगा कि भागवत के पचहत्तरवें जन्मदिन 11 सितंबर पर मोदी ने तो उनकी तारीफ में एक बड़ा आलेख लिखा जिसे देश भर के अखघ्बारों ने 'अनिवार्य' समझकर प्रकाशित भी किया।इसके पूर्व पंद्रह अगस्त को लाल कघ्लि से किए गए अपने संबा. धन में मोदी संघ के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा कर चुके थे। इसके विपरीत 17 सितंबर को जब मोदी ने पचहत्तर वर्ष पूरे किए तो देश पीएम के नाम भागवत के शुभकामना संदेश को तलाशता रह गया। जो नजर आ रहा है वह यह है कि मोदी की कमर संघ के सामने झुक रही है और भागवत का सीना छप्पन इंच का हो रहा है।

सही पूछा जाए तो देश को इस समय मोदी द्वारा सत्ता बचाने के लिए किए जा रहे असफल रक्षात्मक टोटकों से डरने के बजाय भागवत की सफल होतीं आक्रामक रणनीतियों से ज्यादा खौफ खाना चाहिए। भागवत और मोदी दोनों के बारे में जितना ज्ञान सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है उसमें एक बात उल्लेखनीय रूप से शामिल है कि दोनों ही नेता अपने प्रति व्यक्त किए गए सम्मान-असम्मान का चुकारा करना कभी नहीं भूलते। अत: दोनों नेताओं के बीच दिखाई पड़ रहे परस्पर अथवा एकतरफा सम्मान-प्रदर्शन को किसी आगामी शक्ति-प्रदर्शन के नतीजों तक के लिए 'सीजफायर' ही समझा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अमेरिका में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच टकराव बढ़ा

# साढ़े सात लाख कर्मचारी छुट्टी पर भेजे

### अमेरिकी सीनेट में शटडाउन खत्म करने का बिल दूसरी बार भी खारिज, कई सरकारी ऑफिस बंद हुए

**वाशिंगटन।** अमेरिका में करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार दूसरे दिन सरकार को फंड देने वाला बिल पास नहीं करा पाए हैं। इससे गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गया है।

कृषि विभाग, श्रम विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लायब्रेरी आफ कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट, फेडरल कोर्ट, अमेरिकी बाटनिकल गार्डन, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान जैसी कई संस्थाओं और विभागों के आफिस बंद हो गए हैं। फंडिंग बिल पर दूसरी बार वोटिंग हुई। बिल के समर्थन में एक बार फिर से 55 और विरोध में 45 वोट पड़े।

इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी। इससे पहले मंगलवार को हुई वोटिंग में भी बिल पास नहीं हो पाया था, जिसके बाद अमेरिका में शटडाउन लागू हो गया। बुधवार देर रात पहले डेमोक्रेट्स के फंडिंग बिल पर वोट डाले गए, जिसमें वे स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी मांगें शामिल करना चाहते थे। इसके पक्ष में 46 और विरोध में 53 वोट पड़े। ये बिल भी पास



- फंडिंग बिल पर दूसरी बार वोटिंग हुई, बिल के समर्थन में एक बार फिर से 55 और विरोध में 45 वोट पड़े
- 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और दो निर्दलीय सांसद हैं

नहीं हो पाया। सीनेट को अगले दो दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। अब शुक्रवार को बिल पर एक बार फिर वोटिंग होगी। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं। दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों का समर्थन जरूरी था, लेकिन डेमोक्रेट्स ने बिल के खिलाफ वोट किया।

**मेजोरिटी लीडर जॉन थ्यून:**

डेमोक्रेट्स ने अपने कट्टर वामपंथी समर्थकों के सामने झुककर संघीय सरकार को बंद कर दिया। सेना, बार्डर पेट्रोल एजेंट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर बिना वेतन के काम कर रहे हैं। डेमोक्रेट्स ने अमेरिकी लोगों को बंधक बना लिया है। उन्हें लगता है कि इससे उन्हें राजनीतिक रूप से लाभ होगा।

**माइनॉरिटी लीडर चक शूमर:**

डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन ने हमें शटडाउन की ओर धकेल दिया है। वे अमेरिका के स्वास्थ्य देखभाल की रक्षा से इनकार करते हैं। रिपब्लिकन, डेमोक्रेट्स को उनकी स्वास्थ्य देखभाल मांगों से पीछे हटने के लिए धमका नहीं पाएंगे।

**स्पीकर माइक जॉनसन:**

यह सब पूरी तरह से टाला जा सकता था। डेमोक्रेट्स को वही साधारण फंडिंग बिल पास करना चाहिए जो हाउस में पास हुआ था। सरकार का खुला रहना या दोबारा खुलना पूरी तरह उनके हाथ में है। वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है। अमेरिका में 2019 के बाद सरकारी शटडाउन लगा है। इससे पहले ट्रम्प के कार्यकाल में ही 35 दिन का शटडाउन लगा था।



चेन्नई। महात्मा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करतीं छात्राएं।

## इजरायल ने पूर्व पाक सांसद को किया गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायल ने पाकिस्तान के पूर्व सीनेटर मुश्ताक अहमद खान को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया है। वे पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग के साथ राहत सामग्री से लदे 13 जहाज लेकर गाजा जा रहे थे। इस छापेमारी में ग्रेट समेत 37 देशों के 150 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। ये सभी 47 जहाज वाले समुद्र फ्लोटिला (जहाजी बेड़े) का हिस्सा हैं।

इनका मकसद इजरायल की नाकाबंदी तोड़कर गाजा में मदद पहुंचाना है। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी जहाज सुरक्षित रोक लिए गए हैं और यात्री इजरायली बंदरगाह पर भेजे जा रहे हैं। मंत्रालय ने यह भी पुष्टि की कि ग्रेटा थनबर्ग और उनके साथी सुरक्षित और स्वस्थ हैं। फ्लोटिला

- पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग भी हिरासत में, राहत सामग्री से लदे जहाज लेकर गाजा जा रहे थे

के प्रवक्ताओं का कहना है कि यह अभियान गाजा तक मानवीय सहायता पहुंचाने और इजरायल की नाकाबंदी को तोड़ने के लिए शुरू किया गया था। प्रवक्ता सैफ अबुकेशेक ने बताया कि अब तक 13 जहाजों को रोका जा चुका है, लेकिन करीब 30 जहाज अभी भी समुद्र में हैं और गाजा पहुंचने के लिए रास्ते में हैं। उन्होंने बताया कि रात 8:30 बजे (गाजा के समय के मुताबिक) कुछ जहाजों को इजरायली फोर्स ने रोककर कब्जे में ले लिया। इसके बाद कई जहाजों से संपर्क भी टूट गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका के राजदूत पेरिस होटल के नीचे मृत पाए गए

**पेरिस।** दक्षिण अफ्रीका के राजदूत नकोसिनथी इमैनुएल नाथी मथेथ्वा फ्रांस के पेरिस होटल के नीचे मृत पाए गए हैं। इस हादसे के बाद फ्रांस के वकील उनकी मौत की कड़ियों को जोड़ने के लिए सबूत जुटाने में लगे हुए हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, शुरुआती जांच में अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को मथेथ्वा पेरिस के ऊंचे होटल से नीचे गिर गए थे।

### डबलिन में भारतीय दूतावास ने गांधी जयंती मनाई

**डबलिन।** आयरलैंड की राजधानी डबलिन में कार्यरत भारतीय दूतावास में महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर राजदूत अखिलेश मिश्र ने वहां उपस्थित लोगों को बापू के विचारों के बारे में बताया और कहा कि भारतीय समाज में फैलती बहुआयामी असहिष्णुता और बढ़ते विद्वेषपूर्ण राजनीतिक ध्रुवीकरण को शांत करने के लिए गांधी जी के तीन अराजनीतिक विचार अत्यन्त प्रासंगिक हैं।

### पिछले तीन दशकों में वृद्धजनों की संख्या दोगुनी हुई

**न्यूयार्क।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि पिछले तीन दशकों में 60 वर्ष या उससे अधिक की आयु के लोगों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा बढ़कर 1.2 अरब हो गई है और 2050 तक इसके 2.1 अरब तक पहुंचने का अनुमान है।

## कट्टरपंथी को बढ़ावा दे रहा पाक

**जिनेवा।** पाकिस्तान का यूरोपीय देशों में मिला व्यापार प्राथमिकता वाले देश का दर्जा छिन सकता है। दरअसल यूरोप के कई सांसदों ने पाकिस्तान में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, कट्टरपंथ को बढ़ावा देने जैसे आरोप लगाए। यूरोपीय सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान के व्यापार प्राथमिकता वाले जीएसपी प्लस दर्जे को अस्थाई तौर पर वापस ले लेना चाहिए और पाकिस्तान द्वारा कट्टरपंथ पर रोक लगाने के बाद ही इसे बहाल किया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 60वें सत्र से इतर एक कार्यक्रम में यूरोपीय संसद की सदस्य बारबरा बोन्टे ने यूरोपीय संघ को चेताया कि यूरोप द्वारा पाकिस्तान को शिक्षा के लिए दी जा रही आर्थिक मदद वहां चरमपंथ और धार्मिक शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बड़ी संख्या में

- यूरोपीय सांसदों ने की जीएसपी प्लस दर्जा खत्म करने की मांग

मदरसे खुल रहे हैं, जो धार्मिक कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ द्वारा विकासशील देशों को सतत विकास और सुशासन के लिए सामान्ईकृत वरीयता योजना प्लस (जीएसपी+) का दर्जा दिया जाता है। इसके तहत विकासशील देशों को मानवाधिकार, श्रम अधिकार, पर्यावरण, सुशासन आदि पर अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पालन सुनिश्चित करना होता है। इसके बदले में यूरोपीय संघ के देश जीएसपी प्लस दर्जा प्राप्त देशों से होने वाले आयात पर आयात शुल्क घटाकर शून्य कर देते हैं। पाकिस्तान को जीएसपी प्लस दर्जे से काफी फायदा होता है और उसका सामान बिना किसी शुल्क के यूरोपीय संघ के देशों के बाजार में पहुंचता है।

## कतर पर हमला अब अमेरिका पर माना जाएगा

### इजरायली हमले के बाद ट्रम्प ने सुरक्षा गारंटी दी, नेतन्याहू से माफी भी मंगवाई थी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें कहा गया है कि अगर कतर पर किसी भी तरह का हमला होता है तो अमेरिका उसकी रक्षा करेगा। आदेश में कहा गया है कि कतर पर हमला अमेरिका की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा माना जाएगा।

इसमें यह भी जोड़ा गया है कि हमले की स्थिति में अमेरिका सभी तरह के उपाय करने के लिए तैयार रहेगा, चाहे वो राजनयिक हों, आर्थिक हों या फिर जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई ही क्यों न करनी पड़े। इजरायल ने 9 सितम्बर को दोहा में हमास आतंकियों को निशाना बनाकर हमला किया था, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद ट्रम्प पर कतर की सुरक्षा का दबाव बढ़ गया था। इसके बाद ट्रम्प ने 29 सितम्बर को इजरायली पीएम नेतन्याहू से कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी को फोन कराकर माफी भी मंगवाई थी। नेतन्याहू तब ट्रम्प ने मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे थे। एक दिन बाद व्हाइट हाउस ने इससे जुड़ी



**हमले की स्थिति में अमेरिका सभी तरह के उपाय करने के लिए तैयार रहेगा, चाहे वो राजनयिक हों, या आर्थिक हों**

तस्वीरें भी जारी की। ट्रम्प के कार्यकारी आदेश पर दस्तखत करने के फैसले के बाद कतर के विदेश मंत्रालय ने इसे दोनों देशों के रक्षा संबंधों को मजबूत करने वाला कदम बताया। कतर के मशहूर चैनल अल-जजीरा ने इसे इजरायली हमले के बाद सुरक्षा की अमेरिकी गारंटी करार दिया। इससे पहले ट्रम्प ने कतर के शासक शेख तमीम बिन हमद अल थानी से भी फोन पर बातचीत भी की। हालांकि व्हाइट हाउस ने बातचीत की डिटेल शेयर नहीं की, लेकिन कतर ने कहा कि दोनों नेताओं ने गाजा युद्ध में सीजफायर की कोशिशों पर चर्चा की ट्रम्प के कतर को सुरक्षा गारंटी देने की अहमियत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका में आमतौर पर किसी भी रक्षा संधि को कानूनी रूप से मान्यता देने के लिए संसद की मंजूरी जरूरी होती है। हालांकि कई बार राष्ट्रपति खुद ही ऐसे समझौते कर लेते हैं, जैसे बराक ओबामा ने संसद की मंजूरी के बिना ही 2015 में ईरान के साथ परमाणु समझौता किया था। लेकिन आखिर में सैन्य कार्रवाई करना या न करना पूरी तरह राष्ट्रपति के हाथ में होता है। यही वजह है कि ट्रम्प के इस आदेश को लेकर संदेह बना हुआ है, क्योंकि पहले भी उनके कार्यकाल में नाटो जैसे पुराने समझौतों की विश्वसनीयता पर सवाल उठ चुके हैं। ट्रम्प के फैसले की अमेरिका में आलोचना भी हुई। ट्रम्प की करीबी और विवादित दक्षिणपंथी कार्यकर्ता लारा लूमर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'मैं कतर के लिए मरना नहीं चाहती, क्या आप चाहते हैं?' वाल स्ट्रीट जर्नल के संपादकीय बोर्ड ने भी इसे बिना सार्वजनिक बहस के अचानक लिया गया फैसला बताया।

## 130 फलस्तीन एक्शन समर्थकों पर आतंकवाद का लगा आरोप

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में प्रतिबंधित फिलीस्तीन समर्थक समूह 'फिलीस्तीन एक्शन' के 134 समर्थकों पर आतंकवादी संगठन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। लंदन पुलिस ने यह जानकारी दी है। इस समूह को ब्रिटेन में उस समय आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था जब फलस्तीन एक्शन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन जुलाई में शुरू किए गए थे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कल एक बयान में कहा कि कुल 20 और लोगों के खिलाफ आरोप लगाये गए है। मेट के आतंकवाद निरोधी कमान के अधिकारियों ने इन लोगों को गिरफ्तार किया और प्रतिबंधित समूह फलस्तीन एक्शन को समर्थन देने की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

## POK में 25 पाक सैनिकों को बंधक बनाया

### सब्सिडी कटौती का विरोध तय हुआ, सेना के रास्ते बंद किए, आंदोलन में 10 की मौत, 100 घायल

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बुनियादी जरूरतों पर सब्सिडी कटौती का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों के 25 सैनिकों को बंधक बना लिया है। इन जवानों को मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा बल कोई सीधी कार्रवाई नहीं कर पा रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि खुफिया एजेंसियां आंदोलन को तोड़ने के लिए गुप्त हमले करा रही हैं। सादे कपड़ों में आए अज्ञात लोग नेताओं को निशाना बनाते हैं और भीड़ में अफरातफरी फैलाते हैं। चार दिन जारी इन प्रदर्शनों में अब तक 10 लोग मारे जा चुके हैं और 100 घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कल बाघ जिले के धीरकोट में 4 लोग मारे गए, मुजफ्फराबाद में 2 और मीरपुर में



2 मौतें हुईं। ये प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) की अपील पर हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का हुजूम आज पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च कर रहा है। इन्होंने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें पीओके विधानसभा की 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग शामिल है। सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें 3 प्रमुख हैं- पाकिस्तान में बसे कश्मीरी शरणार्थियों के लिए बनी 12 विधानसभा सीटें खत्म करने की मांग। बिजली परियोजनाओं में लोकल लोगों के फायदे को ध्यान रखा जाए। आटे और बिजली के बिलों पर छूट देने की मांग, क्योंकि महंगाई से लोग परेशान हैं। गुरुवार सुबह भी प्रदर्शन का पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च जारी रहा। पीओके में सेना की गोलीबारी में मारे गए लोगों के लिए प्रार्थना की गई। ये सीटें भारत के हिस्से वाले जम्मू-कश्मीर के शरणार्थियों या प्रवासियों के लिए आरक्षित हैं। ये लोग 1947, 1965, 1971 युद्ध या बाद के संघर्षों की वजह से भारत से पीओके चले गए थे। आरक्षित सीटों के कारण स्थानीय आबादी का प्रतिनिधित्व कम हो जाता है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि उनकी समस्याओं और जरूरतों के लिए अधिक विधायक चुने जाएं। जेकेजेएएसी का कहना है कि रिजर्व सीटें होने से कुछ ही परिवारों को फायदा मिल रहा है। जेकेजेएएसी नेता शौकत नवाज मीर ने कहा-यह सरकार राक्षस बन चुकी है। यह अपने ही लोगों को मार रही है, मीडिया को चुप कर रही है और हम पर गोलीबारी कर रही है।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाक को किया बेनकाब

### मानवाधिकारों में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश बताया

**जिनेवा।** भारत ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें सत्र में मानवाधिकारों के मुद्दे पर पाकिस्तान के पाखंड को बेनकाब किया। भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को उजागर करते हुए उसकी तीखी आलोचना की।

भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने कहा कि यह विडंबना ही है कि मानवाधिकारों के मामले में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश दूसरे देशों को उपदेश देने की कोशिश कर रहा है। भारतीय राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने मानवाधिकार परिषद की 34वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वे (पाकिस्तान) भारत के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाकर इस मंच का दुरुपयोग करते हैं, जो उनके पाखंड को ही उजागर करता है।

- भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को उजागर किया

दुष्प्रचार का सहारा लेने के बजाय, पाकिस्तान को अपने ही देश में हो रहे धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ 'राज्य प्रायोजित उत्पीड़न और व्यवस्थित भेदभाव' की तरफ देखना चाहिए। गौरतलब है कि मानवाधिकार परिषद का यह सत्र ऐसे समय आयोजित हो रहा है, जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में असंतोष के हालात हैं और बीते कई दिनों से वहां विरोध प्रदर्शन और हिंसा हो रही है, जिसमें कई लोगों की हत्या कर दी गई है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के प्रवक्ता नासिर अजीज खान ने यूएनएचआरसी को संबोधित करते हुए, पीओके में पाकिस्तान के बढ़ते दमन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग की। खान ने पीओके में हालिया विरोध प्रदर्शनों पर बात की, जिसमें 29 सितम्बर को संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में पूर्ण बंद और चक्का जाम हड़ताल की गई। उन्होंने इस्लामाबाद पर असहमति को दबाने के लिए सेना तैनात करने, इंटरनेट सेवाएं बंद करने और संचार व्यवस्था ठप करने का आरोप लगाया। खान ने कहा कि पीओजेके में 30 लाख से ज्यादा कश्मीरी घेरे में हैं, जबकि विदेशों में 20 लाख लोग अपने परिवारों से कटे हुए हैं। पीओके में बिजली की दरों में कमी, सब्सिडी वाले गेहूं के आटे और बेहतर स्वास्थ्य सेवा जैसी मांगों को लेकर कई दिनों से विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।

## 500 अरब डॉलर का आंकड़ा छूने वाले पहले शख्स बने मस्क



**वाशिंगटन।** टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क दुनिया के पहले ऐसे व्यक्ति बन गए हैं, जिनकी कुल संपत्ति 500 अरब डॉलर तक पहुंच गई। यह उपलब्धि उन्हें टेस्ला के शेयरों में तेजी और उनकी दूसरी टेक कंपनियों के तेजी से बढ़ते मूल्यांकन की वजह से मिली। फोर्ब्स के अरबपतियों की सूची के अनुसार, बुधवार शाम सवा चार बजे (पश्चिमी समयानुसार) तक मस्क की संपत्ति 500.1 अरब डॉलर थी। मस्क की संपत्ति का बड़ा हिस्सा टेस्ला से जुड़ा है। 15 सितम्बर तक मस्क के पास टेस्ला में 12.4 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी थी। टेस्ला के शेयर इस साल अब तक 14 फीसदी से ज्यादा बढ़े हैं और इसमें 3.3 फीसदी की और तेजी आई, जिससे मस्क की संपत्ति में एक दिन में छह अरब डॉलर से ज्यादा का इजाफा हुआ। साल की शुरुआत में टेस्ला के शेयरों में गिरावट देखी गई थी। लेकिन अब उनमें फिर से मजबूती आई है। निवेशकों का भरोसा तब और बढ़ा, जब मस्क ने फिर से अपने कारोबार की ओर ध्यान देना शुरू किया है। टेस्ला के निदेशक मंडल की अध्यक्ष राबिन डेनहोल्म ने पिछले महीने कहा था कि मस्क अब कंपनी में फिर से पूरी तरह से सक्रिय हो चुके हैं। इससे पहले वह कुछ महीनों तक व्हाइट हाउस से जुड़े कामों में व्यस्त थे। इसके कुछ ही दिन बाद मस्क ने करीब एक अरब डॉलर के टेस्ला

**फोर्ब्स के अरबपतियों की सूची के अनुसार एक ही दिन में छह अरब डॉलर से ज्यादा का इजाफा**

शेयर खरीदने की जानकारी दी, जो टेस्ला के भविष्य को लेकर उनके मजबूत भरोसे को दिखाता है। कंपनी अब पारंपरिक कार निर्माता से आगे बढ़कर एआई और रोबोटिक्स की दुनिया में बड़ी ताकत बनने की दिशा में काम कर रही है। हालांकि, कारों की घटती बिक्री और लगातार मुनाफे पर दबाव की वजह से टेस्ला के शेयरों को नुकसान हुआ है। इसी कारण श्मैग्निफिसेंट सेवनश कहे जाने वाले बड़ी टेक कंपनियों के समूह में इसके शेयर सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाले शेयरों में से एक रहे हैं। टेस्ला के निदेशक मंडल ने पिछले महीने एलन मस्क के लिए एक ट्रिलियन डॉलर (लगभग 83 लाख करोड़ रुपये) की मुआवजा योजना प्रस्तावित किया था

## पीओके में गोलीबारी में आठ प्रदर्शनकारियों की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के कई शहरों और कस्बों में गरीबी और बदइंतजामी से नाराज होकर सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाक सुरक्षा बलों की गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार जम्मू और कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर के आह्वान पर इन नाराज लोगों ने कई इलाकों से मुजफ्फराबाद की ओर एक लंबा मार्च शुरू किया था। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार कोटली इलाके में रावलकोट और बाग से मुजफ्फराबाद की ओर कूच कर रहा करीब दो हजार लोगों का काफिला जब धीरकोट इलाके में पहुंचा तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी करनी शुरू कर दी। इस घटना में चार नागरिक मारे गए और लगभग सोलह घायल हो गए। धीरकोट में हुई हिंसा के विरोध में जब मुजफ्फराबाद के लाल चौक पर लोगों ने धरना दिया तो पुलिस ने धरना दे रहे इन लोगों पर गोलीबारी की और आंसू गैस के गोले दागे।

